राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

11 ▶ मैं मुंबई छोड़ने ही वाली थी, जब ...

दैनिक

हिन्दी समाचार पत्र

बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...

कर्नाटक में बोलीं प्रियंका गांधी, मतदाताओं... ◀ 12

गाजियाबाद, गुरुवार 25 अप्रैल 2024 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्षः 11 अंकः 50, मूल्यः 2 रुपये, पृष्ठ -12

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में 12 राज्यों की 95 सीटों पर 1,351 प्रत्याशी, 7 मई को मतदान

नई दिल्ली । लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 95 सीटों पर चुनाव होने जा रहे हैं। तीसरे चरण का मतदान 7 मई को होगा। इन 95 सीटों पर कुल 1,351 उम्मीदवार चुनाव लड़ेंगे। इसमें मध्य प्रदेश के बैतूल (अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित) संसदीय क्षेत्र में स्थगित चुनाव के लिए लड़ रहे 8 उम्मीदवार शामिल हैं। इसके अतिरिक्त गुजरात के सूरत संसदीय क्षेत्र से एक उम्मीदवार को निर्विरोध चुना गया है। सभी 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 22 अप्रैल थी। निर्वाचन आयोग के मुताबिक लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के मतदान के लिए 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 95 संसदीय क्षेत्रों के लिए कुल 2,963 नामांकन दाखिल किए गए। सभी सीटों के लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 19 अप्रैल थी। दाखिल सभी नामांकनों की जांच के बाद 1,563 नामांकन वैध पाए गए। इनमें से कई उम्मीदवारों ने अपने नाम वापस ले लिए। जिसके बाद अब 1,351 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। तीसरे चरण में गुजरात में 26 संसदीय क्षेत्रों से अधिकतम 658 नामांकन दाखिल किए गए थे, इसके बाद महाराष्ट्र में 11 संसदीय क्षेत्रों से 519 नामांकन थे। महाराष्ट्र में उस्मानाबाद संसदीय क्षेत्र में अधिकतम 77 नामांकन प्राप्त हुए, इसके बाद छत्तीसगढ़ में बिलासपुर संसदीय क्षेत्र में 68 नामांकन प्राप्त हुए। दूसरे चरण में जिन सीटों पर चुनाव हो रहे हैं, उनमें असम की 4, बिहार की 5, छत्तीसगढ़ की 7, दादर और नगर हवेली तथा दमन और दीव की 2, गोवा की 2, गुजरात की 26, जम्मू और कश्मीर की 1, कर्नाटक की 14, मध्य प्रदेश की 9, महाराष्ट्र की 11, उत्तर प्रदेश की 10 और पश्चिम बंगाल की 4 सीटों पर चुनाव होने जा रहे हैं।

हाथरस की लोकसभा सीट से वर्तमान भाजपा सांसद राजवीर दिलेर की हार्ट अटैक से मौत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

हाथरस। हाथरस की लोकसभा सीट से वर्तमान भाजपा सांसद राजवीर दिलेर का हार्ट अटैक से निधन हो गया है। अलीगढ़ के वरुण हॉस्पिटल में उन्होंने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। राजवीर दिलेर 2019 में बीजेपी के टिकट पर चुनाव जीते थे। हालांकि, इस बार पार्टी ने उन्हें टिकट नहीं दिया था।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक 65 वर्षीय सांसद दिलेर अपने आवास पर थे, तभी अचानक तबियत बिगड़ने लगी। कुछ ही देर में वे बेहोश हो गए। इसके बाद आनन-फानन में अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। राजवीर दिलेर 2017 में पहली बार हाथरस की इगलास विधानसभा सीट से भाजपा से विधायक चुने गए थे। उसके बाद उन्हें 2019 में हाथरस लोकसभा सीट से टिकट मिला। उन्होंने 2 लाख से अधिक वोटों से जीत दर्ज की। राजवीर के पिता किशनलाल दिलेर भी हाथरस से 4 बार सांसद रहे थे। बीजेपी ने 2024 लोकसभा चुनाव में उनका टिकट काट दिया था। उनकी जगह इस बार प्रदेश के राजस्व राज्य मंत्री और खैर से विधायक अनूप बाल्मीकि को टिकट दिया गया। टिकट कटने के बाद भी राजवीर दिलेर भाजपा के समर्थन में प्रचार कर रहे थे।

न्यूज डायरी

पूर्व कांग्रेस विधायक को जान से मारने की धमकी वाला मेल भेजने पर एक गिरफ्तार

जयपुर । राजस्थान पुलिस ने पूर्व कांग्रेस विधायक अमीन खान की आधिकारिक ईमेल आईडी पर जान से मारने की धमकी भेजने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। बाड़मेर के एसपी नरेंद्र सिंह मीना ने कहा कि अमीन खान के भतीजे से शिकायत मिलने के बाद एक पुलिस टीम को अलर्ट पर रखा गया था। आरोप लगाया गया था कि उसके



चाचा को ईमेल के जरिए जान से मारने की धमकी मिली है। पुलिस ने उस खाते को स्कैन किया जहां से खान को मेल भेजा गया था और पारसमल जाट नामक व्यक्ति पर नजर रखी गई, जिसने कथित तौर पर शिव के पूर्व कांग्रेस विधायक को जान से मारने की धमकी भेजी थी। बाड़मेर एसपी ने लोगों से सोशल मीडिया पर कोई भी संदेश पोस्ट करने से बचने की अपील की, जिससे कानून-व्यवस्था की स्थिति पैदा हो सकती है। उन्होंने कहा कि मानदंडों का उल्लंघन करने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा। दिग्गज कांग्रेस नेता को मंगलवार दोपहर उनकी आधिकारिक ईमेल आईडी पर जान से मारने की धमकी मिली, जिसमें लिखा था कि आपको मौत की अग्रिम बधाई, अमीन खान। इस बीच, खान ने मामले में त्वरित कार्रवाई करने के लिए पुलिस को धन्यवाद दिया और लोगों से शांति और सद्भाव बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि चुनाव आएंगे और जाएंगे, लेकिन थार का सौहार्द हमेशा बरकरार रहना चाहिए। कुछ सूत्रों ने दावा किया कि खान को गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी गई थी क्योंकि ऐसी अटकलें हैं कि वह बाड़मेर लोकसभा सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार रवींद्र सिंह भाटी का समर्थन कर सकते हैं, जिससे कांग्रेस उम्मीदवार उमेदाराम बेनीवाल की संभावनाएं कम हो जाएंगी, जो चुनाव से कुछ दिन पहले राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आरएलपी) छोड़कर कांग्रेस में शामिल हो गए थे।

खौफनाकः शख्स ने गर्भवती पत्नी का सिर दीवार पर मारा, मौत न होने पर चाकू घोंपकर की हत्या

इंदौर । मध्य प्रदेश के इंदौर में एक शख्स ने कहासुनी के बाद गर्भवती पत्नी की हत्या कर दी है। वह उसे अस्पताल ले गया और डॉक्टरों से कहा कि वह चाकू पर गिर गई थी। बकौल पुलिस, सख्ती से पूछताछ करने पर उसने बताया कि उसने पत्नी का सिर दीवार पर मारा और बच जाने पर उसके पेट में चाकू घोंप दिया। मामला इंदौर के चंदन नगर थाना क्षेत्र के सहयोग नगर का है। बताया

जा रहा है कि दोनों का पैसों को लेकर विवाद हुआ था।एडिशनल डीसीपी आनंद यादव ने बताया कि थाना क्षेत्र के सहयोग नगर में रहने वाले उमेश राठौर सोमवार रात अपनी पत्नी शारदा को जिला अस्पताल में इलाज के लिए ले गया। यहां पर उमेश ने डॉक्टर को बताया कि खाना बनाते समय शारदा किचन में गिर गई थी और वहां पर चाकू रखा हुआ था जो उसके पेट में लग गया जिसके बाद डॉक्टरों ने घाव देखकर पुलिस को सूचना दी कि यह हादसा नहीं यह हत्या है। इसके बाद पुलिस ने आरोपी उमेश राठौर को गिरफ्तार किया गया।पुलिस ने आरोपी उमेश राठौर से जब सख्ती से पूछताछ की तो उसने बताया कि पैसों को लेकर दोनों के बीच कहा सुनी हो गई थी जिसके बाद उमेश ने शारदा का सिर दीवार पर दे मारा लेकिन जब वह बच गई तो उसने चाकू लेकर शारदा के पेट में मार दिया। घटना के वक्त आरोपी उमेश राठौर की बेटी ईशानी और दो अन्य बच्चे भी घर में ही मौजूद थे जिनके सामने यह पूरी घटना हुई थी।

नेहा हत्याकांडः सीएम ने पिता से मांगी माफी, कहा- सरकार दिलाएगी न्याय,भाजपा का प्रदर्शन जारी

हुबली । कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने नेहा हिरेमठ के पिता से फोन पर बात की और हत्या पर गहरा खेद जताते हुए आश्वासन दिया कि न्याय पाने के लिए सरकार उनका हर तरह से साथ देगी। नेहा के पिता निरंजन हिरेमठ हुबली-धारवाड़ नगर निगम के कांग्रेस पार्षद हैं। उन्होंने रविवार को कहा था कि वह राज्य सरकार की जांच से संतुष्ट नहीं हैं और मामले में सीबीआई से जांच चाहते हैं। राज्य के कानून और संसदीय मामलों के मंत्री एचके पाटिल मंगलवार को निरंजन के घर पहुंचे, इसी दौरान सिद्धरमैया ने उनसे फोन पर बात की और कहा कि यह एक गंभीर अपराध है। आरोपी को सजा जरूर दिलाई जाएगी। 23 वर्षीय छात्रा नेहा हिरेमठ की 11 अप्रैल को शहर के बीवीबी कॉलेज के परिसर में प्यार का प्रस्ताव ठुकरा देने पर फैयाज खोंडुनाईक ने चाकू मारकर हत्या कर दी थी।

यह लव जिहाद का मामला, और भी हैं साजिशकर्ता : भाजपा

कर्नाटक भाजपा अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र ने मंगलवार को फिर से नेहा हत्याकांड की सीबीआई जांच की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि वह पीड़ित परिवार से मिले हैं। इस मामले में राज्य सरकार के बर्ताव से परिवार का कोई भी सदस्य संतुष्ट नहीं है। जयेंद्र ने कहा, सरकार ने यह मामला भले ही सीआईडी को दे दिया है, लेकिन अब तक सिर्फ एक ही गिरफ्तारी हुई है। यह लव जिहाद का मामला है, निश्चित रूप से साजिश में और लोग जुड़े हैं, लेकिन इसे साधारण अपराध बताकर रफा-दफा करने का प्रयास किया जा रहा है।

देश में शरिया कानून लागू करना चाहती है कांग्रेस : सीएम योगी

बागपत । उत्तर प्रदेश के बागपत लोकसभा सीट से एनडीए प्रत्याशी डॉ. राजकुमार सांगवान के पक्ष में जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में समुदाय विशेष के लिए व्यक्तिगत कानून लाने की बात लिखी है। इसके जरिये कांग्रेस देश में शरिया कानून लागू करके तालिबानी शासन लाना चाहती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन के लोग बाबा साहब की ओर से बनाए गए संविधान के लिए खतरा हैं। ये कहते हैं कि हम एक झटके में गरीबी मिटा देंगे। जबकि, वह आपकी संपत्ति और बेटियों-माताओं के गहने जब्त करने की साजिश रच रहे हैं। पहले इन्होंने छह दशक तक देश लूटा और अब हर संपत्ति पर डकैती डालकर अपने कब्जे में ले करके बंदरबांट की योजना बना रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर करारा हमला बोलते हुए कहा कि गरीबी का जो नारा दादी ने दिया, वही आज तोते की तरह पोता भी रट लगाए बैठा है। इनके पास कोई विजन नहीं है। इन्हें जब देश की जनता जर्नादन ने सत्ता से बेदखल कर दिया तो फिर से इन्हें गरीबी हटाने की बात याद आती है।

शीर्ष पदों पर बैठे लोगों को अल्पसंख्यकों को आहत करने वाली टिप्पणियों से बचना चाहिएः अन्नाद्रमुक

चेन्नई । अन्नाद्रमुक महासचिव और तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री एडप्पादी के पलानीस्वामी (ईपीएस) ने राजस्थान के बांसवाड़ा में प्रधानमंत्री के हालिया भाषण पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। ईपीएस ने एक बयान में कहा कि देश के इतने शीर्ष पद की गरिमा के हिसाब से बांसवाड़ा में पीएम नरेंद्र मोदी का भाषण अनुचित और अस्वीकार्य था। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि राजनीतिक नेताओं की ऐसी अपमानजनक टिप्पणियां सांप्रदायिक नफरत को बढ़ावा देती हैं और अल्पसंख्यकों के बीच भय पैदा करती हैं।

ईपीएस ने कहा कि पीएम की अल्पसंख्यकों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली टिप्पणी अस्वीकार्य है। उन्होंने आगे कहा कि राजनीतिक नेताओं और शीर्ष पदों पर बैठे व्यक्तियों को ऐसी विवादास्पद टिप्पणी करने से बचना चाहिए और देश की धर्मनिरपेक्षता तथा सांप्रदायिक सद्भाव की रक्षा करनी चाहिए। अन्नाद्रमुक नेता ने कहा कि भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है और शीर्ष नेताओं से ऐसी भाषा का इस्तेमाल नहीं करने का आह्वान किया जिससे अल्पसंख्यकों में डर पैदा हो।

भाजपा कहती है कि पिक्चर अभी बाकी है, तो क्या सिलेंडर 4,000 रुपए का होगाः जीतू पटवारी

भोपाल । कांग्रेस मध्य प्रदेश इकाई के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा है कि लोकसभा चुनाव लोकतंत्र को बचाने का चुनाव है।होशंगाबाद लोकसभा संसदीय क्षेत्र के कांग्रेस उम्मीदवार संजय शर्मा के समर्थन में रायसेन के उदयपुर में आयोजित जनसभा में जीतू पटवारी ने भाजपा सरकार और उसकी नीतियों को जनविरोधी करार दिया। पटवारी ने कहा कि भाजपा कहती है कि पीएम मोदी का 10 साल का शासन तो केवल एक ट्रेलर है पूरी पिक्चर अभी बाकी है। हम यह पूछना चाहते हैं कि यदि 1,200 रुपए का सिलेंडर इन्होंने बेचा, तो अब 4,000 का सिलेंडर और 400 का पेट्रोल-डीजल पूरी पिक्चर का हिस्सा होगा? उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार ने झूठी गारंटी दी थी, जिसमें 3,000 रुपए लाडली बहना को, किसानों को 2,700 गेंहू का भाव, 3,100 धान का भाव एवं 450 रुपए में सिलेंडर देने की बात कही थी, पूछिए कि क्या हुआ उस गारंटी का। आज हर घर में बेरोजगार हैं, ईडी-सीबीआई का दुरुपयोग कर भाजपा जनता को भ्रमित करना चाहती है जबकि भाजपा के नेताओं के खिलाफ लोकायुक्त में प्रकरण है और सरकार अनुमति नहीं दे रही है। भाजपा की मंशा नफरत, घृणा से चुनाव जीतने की है। उन्होंने आगे कहा कि मोदी सरकार ने कहा था किसानों की आय दोगुनी कर देंगे, किसान की आय ना तो दोगुनी हुई और ना ही उनके बच्चों को रोजगार मिला। स्विस बैंक की लिस्ट लाने की बात कही थी परंतु स्टेट बैंक की लिस्ट आ गई, उसमें पता चला कि भाजपा ने वैक्सीन बनाने वाली कंपनियों तक से चंदा ले लिया।

> **स्विस बैंक की लिस्ट लाने की बात कही थी परंतु स्टेट बैंक की लिस्ट आ गई, उसमें पता चला कि भाजपा ने वैक्सीन बनाने वाली कंपनियों तक से चंदा ले लिया**

राजनीति कांग्रेस की मंशा बहुसंख्यक समाज को छिन्न-भिन्न करके आपस में विभाजित करने की

बीजेपी कार्यालय में मीडिया से मुखातिब हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि इनकी मंशा एससी, एसटी और ओबीसी के आरक्षण में डकैती डालने की है। सीएम योगी ने कहा कि यूपीए सरकार अपने शासनकाल में पूर्व चीफ जस्टिस एवं कांग्रेस सांसद रंगनाथ मिश्रा कमीशन सिफारिशों को लागू करना चाहती थी। बता दें कि रंगनाथ मिश्रा कमीशन के तहत ओबीसी को मिलने वाले 27 प्रतिशत आरक्षण में छह प्रतिशत अल्पसंख्यक समुदाय को देने की बात कही गई थी। सीएम योगी बुधवार को बीजेपी कार्यालय में पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने पाटी कार्यालय में मीडिया सेंटर का उद्घाटन भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस की मंशा एससी, एसटी के अधिकारों में भी घुसपैठ करने की है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण यूपीए सरकार में आई सच्चर कमेटी की रिपोर्ट है, जिसे भाजपा के भारी विरोध के कारण उन्हें वापस लेना पड़ा था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपने घोषणात्र में संपत्ति का सर्वे कराने की बात कर रही है। वे लोग उसके बाद संपत्ति का अपने अनुसार बंदरबांट करेंगे। यूपीए सरकार के तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने इस बात का उल्लेख भी किया था कि देश के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा ने देश में चार जातियों की बात की है, गरीब, किसान, युवा और महिला। इसमें किसी जाति, मत-मजहब की बात नहीं है।

सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस को देश की कीमत पर येन केन प्रकारेण सत्ता चाहिए। वह महिलाओं पर बर्बर अत्याचार करने वाले तालिबानी प्रवृत्ति को भारत में लागू करना चाहती है। ये लोग तीन तलाक का समर्थन करते हैं। कांग्रेस देश में शरीया कानून लागू करके तालीबानी विध्वंस की समर्थक है। उनके घोषणापत्र में आधी आबादी के अपमान के इरादे साफ दिखाई देते हैं। ये देश की सुरक्षा, संप्रभुता से जुड़ा महत्वपूर्ण मुद्दे हैं, जिसमें कांग्रेस की मंशा स्पष्ट उजागर होती है। इसके कारण 1947 में देश का विभाजन हुआ, देश आतंकवाद और उग्रवाद की चपेट में आया। सभी संस्थाएं भ्रष्टाचार में डूब गई थीं। देश में अविश्वास का माहौल खड़ा हो गया था। कांग्रेस फिर से देश को उधर लेकर जाना चाहती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 1970 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने गरीबी हटाओ का नारा दिया था। गरीबी नहीं हट पाई, क्योंकि उनके पास इसे लेकर कोई ठोस कार्यक्रम नहीं थे। उनके 19-20 सूत्रीय कार्यक्रम फाइलों में रह जाते थे। योजनाएं कमीशनखोरी की भेंट चढ़ जाते थे। चेहरा देखकर योजनाओं का लाभ देने की प्रवृत्ति जो उस समय प्रारंभ हुई थी वो यूपीए के शासनकाल में हमें और विभत्स रूप में देखने को मिला था। 65 साल तक शासन करने के बाद भी उनका पॉलिटिक्स परफॉर्मेंस के आधार पर नहीं बन पाया। इनकी योजनाएं पिक एंड चूज की थीं, चेहरे देखकर योजनाओं का लाभ देने का कार्य किया जाता था। अब एक बार फिर दादी के दिये नारे को पोते के द्वारा किस प्रकार से तोता रटंत किया जा रहा है कि हम गरीबी हटाएंगे। ये कैसे करेंगे, इसे इनके घोषणा पत्र में देखा जा सकता है, ये खतरनाक भी है और हास्यास्पद भी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ये जनता को तय करना है, क्योंकि देश आपका है, सुरक्षा आपकी है, जीवन आपका है और वोट भी आपका है। आपका एक वोट आतंकवाद के पुराने दौर को वापस ला सकता है। वहीं भाजपा को वोट जाने का मतलब आतंकवाद को सीमापार ही निपटाना। भाजपा को मिलने वाला एक-एक वोट हर व्यक्ति की सुरक्षा, सुशासन और संप्रभुता को सुनिश्चित करता है। भारतीय जनता पार्टी भारत को विकसित भारत के रूप में स्थापित करने की संकल्पना को लेकर आगे बढ़ रही है।

इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, मंत्री असीम अरुण, मीडिया प्रभारी मनीष दीक्षित, महामंत्री अनूप गुप्ता, हरीश श्रीवास्तव, हिमांशु दुबे सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश

दूसरा दौर : बद शोर, जीत पर जोर, जनपद में भाजपा बसपा, कांग्रेस सहित 6 उम्मीदवार आजमा रहे हैं चुनाव में अपनी किस्मत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

शिकारपुर। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए 26 अप्रैल को मतदान होगा। इसके लिए चुनाव प्रचार बुधवार की शाम 5:00 बजे समाप्त हो गया। वोटो के लिए गर्मी में पसीना बहा रहे प्रत्याशी।

बताते चलें कि जनपद के सातों विधानसभा क्षेत्र में दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान होना है। इसके लिए जिला प्रशासन ने भी सभी तैयारियां लगभग पूरी कर ली हैं।

तेज धूप और गर्मी में चुनाव प्रचार करने वाले प्रत्याशियों और नेता का पसीना छूट रहा है। तेज धूप और गर्मी में भी प्रत्याशी वोट के लिए मतदाताओं के दरवाजे दरवाजे घूम रहे हैं। हाजिरी लगाते हुए पसीना बहा रहे हैं।

इस बार लोकसभा चुनाव में भाजपा,बसपा और कांग्रेस सहित 6 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। मतदान के लगभग 48 घंटे पूर्व चुनाव प्रचार बंद हो जाता है। 26 अप्रैल को मतदान होना है। जिला निर्वाचन अधिकारी के स्पष्ट निर्देश हैं कि जो भी आचार संहिता का उल्लंघन करते पाया जाता है उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होगी।

भाजपा प्रत्याशी सांसद भोला सिंह के रोड शो में उमड़ पाड़ा जन सैलाब

बुलन्द संदेश ब्यूरो

बुलंदशहर । आज चुनाव प्रचार के अंतिम दिन भाजपा प्रत्याशी सांसद डॉ भोला सिंह के रोड शो जन आशीर्वाद यात्रा में शहर भर के लोगों में अलग ही उत्साह दिखाई दिया जगह-जगह भोला सिंह का फूल बरसाकर अंग वस्त्र पगड़ी पहनकर भव्य स्वागत किया तथा जनता ने भारतीय जनता पार्टी की और विश्वास जताते हुए रोड शो को सफल बनाया। विजय रथ पर सांसद डॉक्टर भोला सिंह भाजपा जिला अध्यक्ष विकास चौहान जिला

पंचायत अध्यक्ष अंशुल तेवतिया नगर पालिका बुलंदशहर अध्यक्ष दीप्ति मित्तल लोकसभा प्रभारी जयपाल सिंह व्यस्त ने प्रचार गाड़ी में बैठकर जनता से जन आशीर्वाद मांगते हुए उन पर फूल बरसा कर आभार व्यक्त किया। भयंकर गर्मी की परवाह न करते हुए भी बुलंदशहर लोकसभा की जनता एवं जगह-जगह व्यापारियों, दवा व्यापारियों ने रोड शो में भोला सिंह का भव्य स्वागत किया तथा जीत का आशीर्वाद दिया। रोड शो में जिला महामंत्री अजय त्यागी संतोष वाल्मीकि संजय गुर्जर संजय चौधरी दीपक ऋषि शरद त्रिवेदी हितेश गर्ग संजय महेश्वरी अभिनव वर्मा समाजसेवी व्यापारी प्रीतम कुमार प्रेम दवा व्यापारी संजय साहनी, मंडल अध्यक्ष कुलदीप चौधरी गौरव मित्तल ललित सिंह डाबर सिंह राजीव राजपूत, सत्येंद्र सिंह मोहित मावी आदि का विशेष योगदान रहा।

बूथों पर लगाए गए सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से निगरानी रखने हेतु कलैक्ट्रेट बुलन्दशहर में कन्ट्रोल रूम बनाया गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

बुलंदशहर । 26 अप्रैल को होने वाले मतदान को सकुशल, पारदर्शिता के साथ सम्पन्न कराने के लिए बूथों की

वेबकास्टिंग करने के लिए बूथों पर लगाए गए सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से निगरानी रखने हेतु कलैक्ट्रेट बुलन्दशहर में कन्ट्रोल रूम बनाया गया है। आज सामान्य प्रेक्षक विश्व मोहन शर्मा ने जिला निर्वाचन अधिकारी श्री चंद्र प्रकाश सिंह के साथ कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण करते हुए बूथों पर वेबकास्टिंग के लिए की गयी व्यवस्था को एलईडी पर लाइव देखा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व विवेक कुमार मिश्र उपस्थित रहे।

गौतमबुधनगर लोकसभा प्रत्याशी डॉक्टर महेश शर्मा ने रोड शो कर लोगों से वोट की अपील

बुलन्द संदेश ब्यूरो

बुलंदशहर । गौतम बुद्धका लोकसभा क्षेत्र के सांसद भारतीय जनता पाटीर्के चौथीवार प्रत्यक्ष candidate purv केन्द्रीय मन्त्री डाक्टर महेश शमार्जीका महर्षि भ्रगु सदनसे

प्रारम्भ हुआ बाल्मिकी चन्द्रशेखर चोक कक्रला से होता हुवा सुभाष रोड बुर्जु केशव पुरी नेरुपुर अम्बेडकर पार्क पे सम्पन्न होगा रोड सोसे पूर्व डक्टर महेश शमार्जी ने क्षेत्र मे मिल रहे। भाजपा भारतीय जनता पार्टी के समर्थन के लिए आभार व्यक्तीय निवेदन किया कि २६ अप्रिलको प्राते सबसे पहिले बोट जाने अपने परिवारका बोट दलबाए अपने अडोस पढोस गली महल्लेका बोट डलवाई जिन्न प्रतिशत बोट बढेका उत्तनाही भारतीय जनता पाटीकी फाइदा होगा। पुरा देश मोदीजी निस्वार्थ भाव से देशकी तरक्की के लिए मोदीजी कि सरकार भारतीय जनता पार्टी के सांसद विधायक संगठन देश को विश्व के शिखर तक पहुचाने के लिए विकसित भारत बनाने के लिए कार्यक्रम आपके बार 400 पार के नारेको सबी कार्यकर्ता ने जनजन्तक पहुँच कर सफल रोड सो मे विधायक मिनाक्षी सिंह जी पूर्व विधायक विजेन्द्र सिंहजी सुनिल रामा प्रभारी सुरेश शर्मा संयोजक नगरपालिका चेयरम्यान अन्जना भगवानदा सिंगल सांसद प्रतिनिधि सत्य प्रकाश सिंहजी जिलला उपाध्यक्ष राजीव बन्सल पूर्व चेयरम्यान प्रमुख समाजसेवी भगवानका सिलक प्रमुख प्रमुख सुरेन्द्र सिंह मोनिका सिंह सुमन कुमार सिंह एडभोकेट मण्डल अध्यक्ष नरेश सोलंकी पुष्पेन्द्र राघव पुष्पेन्दर माचड dc अग्रवाल मनिष शर्मा आदि।

आजाद पब्लिक स्कूल के 2500 विद्यार्थियों ने अंगूठे के निशान का प्रयोग करते हुए भारत का सबसे बड़ा नक्शा बनाकर नया कीर्तिमान बनाया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

बुलंदशहर । आजाद पब्लिक स्कूल के प्रांगण में स्वीप कार्यक्रम के तहत चुनाव पर्व को एक भव्य समारोह के रूप में मनाया गया। इस कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि बुलंदशहर ए.डी.एम विवेक कुमार और बुलंदशहर डी.आई.ओ.एस. एस.के.ओझा के कर कमलों द्वारा विद्यालय के चेयरमैन वासिक आजाद एवं अक्ष्यक्ष शारिक आजाद और विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमति षिल्पी सिंह की उपस्थिति में किया गया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथिगणों के स्वागत के लिए विद्यार्थियों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। विद्यालय के चेयरमैन वासिक आजाद ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विवेक कुमार को प्रगति का प्रतीक पौधा एवं फूलों का गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया। इसके बाद विद्यालय के अध्यक्ष शारिक आजाद ने को प्रगति का प्रतीक पौधा एवं फूलों का गुलदस्ता भेंटकर सम्मानित किया। तदोपरांत विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती शिल्पी सिंह ने एषिया बुक आफ

रिकार्ड के निर्णायक नरविजय यादव को प्रगति का प्रतीक पौधा एवं फूलों का गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर आजाद पब्लिक स्कूल के 2500 विद्यार्थियों ने अंगूठे के निशान का प्रयोग करते हुए भारत का सबसे बड़ा नक्शा बनाकर इंडिया बुक ऑफ रिकार्ड और एशिया बुक ऑफ रिकार्ड में नाम दर्ज कराया। आज का दिन आजाद पब्लिक स्कूल के लिए एक ऐतिहासिक दिन के रूप में रहा। सर्वप्रथम विद्यालय के चेयरमैन वासिक आजाद ने वोट के महत्व को समझाया और लोगों से अपील की कि सभी समय से अपना वोट अवश्य डालें। तत्पश्चात मुख्य अतिथि ए.डी.एम. बुलंदशहर विवेक कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि अपने जीवन में वोट का महत्व समझे और अपने नजदीकी मतदान केंद्र पर समय निकालकर वोट डालने अवश्य जाएं। इस दौरान विवेक कुमार ने विद्यार्थियों को मतदान के लिए जागरूक करने की शपथ दिलाई। अंत में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विवेक कुमार एवं एस.के ओझा ने आसमान की ओर गुब्बारे उड़ाकर मतदाताओं को जागरूक किया। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रगान के गायन के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

व्यापारी सुरक्षा फॉर्म ने सांसद व लोकसभा प्रत्याशी का किया भव्य स्वागत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

बुलंदशहर। भाजपा लोकसभा प्रत्याशी भोला सिंह के चुनाव प्रचार के आखिरी दिन निकाले गए जुलूस में व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान बुलंदशहर नगर एवं जिले के कार्यकताओं द्वारा पूरे समय लग कर चौक बाजार, अंसारी रोड,साठा बाजार, मालवीय मार्ग, डिप्टी गंज आदि बाजारों में रुहांफजा सरवत , किनले का पानी, बिस्कुट, मिठाई वितरण किया। भाजपा प्रत्याशी तथा उनके साथ चल रहे जिला अध्यक्ष एवं जनप्रतिनिधियों को फूल मालाओं से लाद दिया। तथा आम जनता से इखढ के पक्ष में वोट देने की अपील

किया। व्यवस्था में व्यापारिक सुरक्षा फोरम संस्थान बुलंदशहर के जिला अध्यक्ष रविंद्र गोयल कार्यकारी अध्यक्ष पवन मित्तल अंसारी रोड के अध्यक्ष सुरेश देशभक्त नगर अध्यक्ष सर्वेश गुप्ता जिला उपाध्यक्ष प्रियम प्रेम हरीश अग्रवाल संरक्षक देवेंद्र गोयल भरत शर्मा सहित सैकड़ो कार्यकर्ता लग रहे ।

उत्तर प्रदेश उधोग व्यापार मंडल ने लोकसभा भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर भोला सिंह किया भव्य स्वागत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

बुलंदशहर । भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी डॉक्टर भोला सिंह का पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल द्वारा मंडी फतेहगंज स्थित उपाध्यक्ष जितेंद्र कुमार के प्रतिष्ठान पर जोरदार स्वागत किया गया

प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष एस.के सक्सेना द्वारा पटका पहनकर जिला अध्यक्ष नरेश गोयल द्वारा माल्यार्पण कर डॉ भोला सिंह जी को मंचासीन कराया गया प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष के सक्सेना ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के पूर्ण समर्थन देने की घोषणा की उन्होंने कहा कि भारी मतों से डॉक्टर भोला सिंह की जीत

होगी और हम आशा करते हैं कि जनपद में केंद्रीय मंत्री पद भी आपके द्वारा आएगा

जिला महामंत्री अनुराग अग्रवाल, जिला सचिव सुमित महेश्वरी, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष सचिन गोयल, अजय गोयल विश्वास सिंगल, अशोक गोयल, हिमांशु गोयल, आशीष गुप्ता, सतीश गोयल, नगर प्रभारी विजय गुप्ता,नगर कोषाध्यक्ष अभय चंद्र, सुमित मित्तल, नवीन गोयल, बलराम चोकरात उअ आयुष बंसल, हितेश आनंद आदि अनेक पदाधिकारी ने माल्यार्पण कर डॉक्टर भोला सिंह का स्वागत किया एवं भारी मात्रा भारी संख्या में मतदान करने की अपील की।

भाजपा युवा महिला मोर्चा टीम के साथ भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर भोला सिंह के पक्ष में जनसंपर्क कर वोट मांगे

बुलन्द संदेश ब्यूरो

शिकारपुर। भाजपा युवा नेत्री

महिला मोर्चा टीम के साथ भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर भोला सिंह के पक्ष में गांव चादौक में जनसंपर्क वोट मांगे। उन्होंने महिलाओं से 26 अप्रैल को कमल के फूल का बटन दबाकर लोकसभा के प्रत्याशी डॉक्टर भोला सिंह को विजई बनाने के लिए अपनी बहनों से आग्रह किया ।

गर्मी के मौसम में नींबू की मांग बढ़ी, दाम में इजाफा, सलाद में शिकंजी में खूब हो रहा है नींबू का इस्तेमाल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

शिकारपुर। गर्मी के मौसम में नगर में नींबू की मांग बढ़ गई है। सब्जी की दुकानों पर नींबू की खरीदारी को लोग उमड पड़े हैं। वहीं नींबू की डिमांड अधिक होने के कारण इसके दाम में बढ़ोतरी हुई है। लोक नींबू का इस्तेमाल सलाद में शिकंजी बनाने के लिए कर रहे हैं। लोगों का मानना है कि नींबू के नियमित इस्तेमाल से लू व अन्य बीमारियों का खतरा कम रहता है। गर्मी के मौसम में नगर में नींबू की बिक्री जोरों पर है। लोग सब्जियों की दुकानों पर पहुंच कर नींबू की खरीदारी कर रहे हैं। वही ठेली वाले नगर के मोहल्लों में पहुंचकर लोगों को नींबू उपलब्ध करा रहे हैं। न्यू के अधिक डिमांड को देखते हुए उनके दाम में भी उछाल आ गया है। पूर्व में नींबू 40 से 50 किलो मिल रहा था लेकिन अब नींबू के दाम 100 प्रति किलो है। नींबू के दाम में बढ़ोतरी होने के बावजूद भी लोग इन्हें खरीद रहे हैं।

नींबू के प्रयोग से लू व बीमारियों से मिलती है निजात

लोग नींबूओ का प्रयोग अपने घरों में सलाद में शिकंजी बनाने के लिए कर रहे हैं। लोगों का मानना है कि नींबू के नियमित उपयोग से गर्मी में होने वाले संक्रामक. रोग नहीं होते व इसके प्रयोग से लू लगने का खतरा भी काफी कम रहता है। वही नगर में नींबू की चिरंजीवी अधिक मात्रा में बिक रही है। लोग ठेलों पर पहुंचकर शिकंजी पीकर अपनी प्यास बुझा रहे हैं। वही इन दोनों लोग अपने घरों में भी सलाह के साथ नींबू का प्रयोग कर रहे हैं।

विज्डम वर्ल्ड स्कूल में शैक्षिक सत्र 2023-24 के छात्र-छात्राओं की उपलब्धियां का जश्न मनाया गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

शिकारपुर। नगर स्थित विज्डम वर्ल्ड स्कूल में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुभारंभ भगवान गणेश व सरस्वती मां की वन्दना से कई गई। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र व छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बच्चों की आकर्षक व मनमोहक प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया।

इस मौके पर स्कूल के चेयरमैन संजय जैन ने अतिथियों का भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के उप-प्रधानाचार्य सचिन वशिष्ठ व विद्यालय के संयोजक अनूप शर्मा के दिशानिर्देशन में हुआ।

विद्यालय के प्रधानाचार्य राजकुमार तेवतिया व नमन जैन ने सफल छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। समारोह में कुल 156 बच्चों को पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार प्राप्त करने वाले छात्रों में इवाशं गर्ग, रिद्धिमा सिंह, विहान चौधरी, नवीन, निर्भय बघेल, अभिषेक कुमार, सूर्यांश, युविका, दर्श सिघंल, ज्याशं, दक्ष चौधरी, इकरा, काव्य चौधरी, वंशिका, कनक शर्मा, यंशाक सिंघल ,कुमुद कश्यप, हर्ष शर्मा, शिवम शर्मा, गौरीश ,गुंजन, आयुष राजौरा, शौर्य मित्तल , कुणाल भारद्वाज, दिव्यांशी गर्ग, प्रत्यक्ष मित्तल, निष्ठा जैन, अर्पिता भारद्वाज, ज्योति शर्मा, शौर्य शर्मा यशस्वी राजौरा ,कुश वर्मा, भूमिका चौधरी,गरिमा व वंशआदि शामिल रहे।

इस अवसर पर विद्यालय के निर्देशक सुशील जैन, संदीप जैन, शुभम जैन, दीपम जैन, व सार्थक जैन व विद्यालय के शिक्षक व शिक्षिकाओं की गरिमामयी उपस्थिति रही।

आयोजन

बुलंदशहर में धर्मशिला नारायणा हॉस्पिटल, दिल्ली के विशेषज्ञ रोगियों की जांच व परामर्श हेतु उपस्थित रहे

धर्मशिला नारायणा हॉस्पिटल, दिल्ली की तरफ से बुलंदशहर में कैंसर ओपीडी का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

बुलंदशहर। कैंसर शरीर के अलग अलग अंगो में होने वाली गंभीर बीमारी है। वैश्विक स्तर पर कैंसर मृत्यु का दूसरा प्रमुख कारण है। इसके मामले भारत में दिनों दिन बढ़ते ही जा रहे हैं। भारत में होने वाले छह मुख्य कैंसर में स्तन कैंसर, मुंह का कैंसर, सर्वाइकल कैंसर, फेफड़े का कैंसर, पेट का कैंसर और कोलोरेक्टल कैंसर शामिल हैं और इस प्रकार के मामले बुलन्दशहर व उसके आसपास के क्षेत्रों में भी बढ़ रहे हैं और इसी को लेकर चिंता जताते हुए धर्मशिला नारायणा हॉस्पिटल, दिल्ली की तरफ से बुलंदशहर में कैंसर ओपीडी का आयोजन किया गया। ओपीडी में कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ.नीरज गोयल डायरेक्टर एंड सीनियर कंसल्टेंट द्वारा रोगियों को जांच एवं उचित परामर्श दिया गया। यह आयोजन मुद्गल हॉस्पिटल, ज्ञान लोक, बुलन्दशहर में बुधवार को आयोजित किया गया, जो कि हर महीने के दूसरे एवं चौथे शुक्रवार को प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित होगा। इस ओपीडी में धर्मशिला नारायणा हॉस्पिटल, दिल्ली की विख्यात कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ.नीरज गोयल सहित अन्य स्वास्थ्य विशेषज्ञ रोगियों की जांच एवं परामर्श हेतु उपस्थित रहेगें। धर्मशिला नारायणा हॉस्पिटल का प्रयास रहता है कि लोगों को समय रहते उचित परामर्श मिल सके। ताकि एक स्वस्थ समाज का निर्माण हो सके।डॉ.नीरज गोयल, डायरेक्टर एंड सीनियर कंसल्टेंट ने बताया कि कैंसर एक ऐसे बीमारी है जिसको लेकर लोगो के मन में बहुत ही भय है। यदि कैंसर की समय रहते डायग्नोसिस और प्रारंभिक चरण में ही उपचार शुरू कर दिया जाय तो रोगी को जल्द से जल्द कैंसर मुक्त किया जा सकता है। धर्मशिला नारायणा हॉस्पिटल दिल्ली के

सी.ओ.ओ, श्री नवीन शर्मा जी ने बताया कि हमारा उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि इलाज से बेहतर बचाव है और उसके लिए आपको समय-समय पर अपनी जांच करवाते रहना चाहिए, खुद को स्वस्थ रखने के लिए व्यायाम, पौष्टिक आहार और व्यवस्थित जीवन शैली को अपनाना चाहिए। साथ ही किसी भी रोग के लक्षण दिखने पर बिना लापरवाही किए तुरंत डॉक्टर से परामर्श लेना चाहिए।

धर्मशिला नारायणा हॉस्पिटल, दिल्ली के बारे में धर्मशिला नारायणा हॉस्पिटल, दिल्ली में स्थित है और नारायणा हेल्ध ग्रुप का 200 बैडस एवं विश्वस्तरीय इंफास्ट्रक्चर के साथ एक अत्याधुनिक मल्टी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल है 31.03.2017 तक यह धर्मशिला अस्पताल एंड रिसर्च सेंटर के नाम से जाना जाता था। पिछले दो दशकों से भी अधिक समय से यह हॉस्पिटल कैंसर के उपचार के लिए दुनियाभर के प्रमुख केंद्रों में से एक रहा है। यह हॉस्पिटल कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल करने वाला भारत का पहला कैंसर अस्पताल है, जिसे एनएबीएच (अंतर राष्ट्रीय प्रमाणित प्रत्यायन बोर्ड) से मान्यता दी गई। इस हॉस्पिटल में 30 से अधिक सुपरस्पेशियलिटीस जैसे की ऑन्कोलॉजी, बोन मैरो ट्रांसप्लांट न्यूरोलॉजी, न्यूरोसर्जरी, नेफ्रोलॉजी, यूरोलॉजी, किडनी ट्रांसप्लांट, ऑथोर्पेडिक्स, जॉइंट रिप्लेसमेंट, इमरजेंसी सर्विसेज एवं क्रिटीकल केयर की सम्पूर्ण देखभाल के लिए उच्च कुशल डॉक्टरों की एक विशेषज्ञ टीम है दो दशकों से अधिक के अनुभव और विश्वास की लंबी विरासत के साथ, मरीजों की बेहतर देखभाल और अभिनव उपचार के दृष्टिकोण में धर्मशिला नारायणा सुपरस्पेशियलिटी हॉस्पिटल भारत में चिकित्सा उपचार के लिए पसंदीदा स्थान के रूप में उभर रहा है।

दूध डेयरी से 80 हजार का सामान चोरी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

औरंगाबाद (कासिम अहमद)। नगर के मोहल्ला अटटा से मंगलवार रात अज्ञात चोरों ने दूध डेयरी का ताला तोड़कर डेयरी में रखी सेंपलिंग मशीन समेत 80 हजार का सामान चोरी कर ले गये। पीड़ित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। मौहल्ला अटटा निवासी राहुल ने दूध की डेयरी कर रखी है। डेयरी संचालक बुधवार की सुबह डेयरी खोलने गया तो वहां उसे डेयरी का ताला टूटा मिला और मशीन समेत सब सामान गायब मिला। डेयरी से सामान गायब देख संचालक चकित रह गया। उधर डेयरी में चोरी होने की सूचना मिलने पर मोहल्ले के लोगों का तांता लग गया। बाद में डेयरी संचालक ने 112 पर फोन कर घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही डायल 112 मौके पर पहुंची और घटना स्थल का निरीक्षण किया। पीड़ित डेयरी संचालक ने थाने पर पहुंचकर अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है। देर शाम तक पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की है। इंस्पेक्टर विनोद यादव ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

ग्रेटर नोएडा वेस्ट के निमार्णाधीन प्रोजेस्ट पर नेकी का डब्बा के HEROES फिर से एक बार नेकी का दोना-पत्तल लेकर जरूरतमंद के दहलीज पर पहुंचे

बुलन्द संदेश ब्यूरो

नॉएडा। "नेकी का डब्बा फाऊंडेशन" का मुहिम "नेकी का दोना-पत्तल" के कार्यक्रम में लगभग 300 जरूरतमंद को भोजन कराया गया। उक्त कार्यक्रम के आयोजक अविनेश जी और रूपम जी थे। "नेकी का डब्बा फाऊंडेशन" के फाऊंडर मेम्बर कमल किशोर जी ने बताया कि हमलोग पिछले कई सालों से गरीब जरूरतमंदों के लिए काम करते आ रहे है जिसका आधार उतरन से है। कुछ वर्ष पूर्व संस्था की "फाउंडर मेंबर" उर्वशी, संगीता, कमल किशोर, रजत अग्रवाल, हेमंत पंवार, हर्षवर्धन मिश्रा, शिप्रा मित्तल, कैप्टन पी एन राय, रजनीश मिश्रा, पंकज तिवारी, पूजा ठेनुआ जो कि सतत सेवा भाव से समर्पित है ने संकल्प लिया कि सेवा बस्ती (झुग्गियों) में रहने को

मजबूर जरूरतमंदों को भोजन कराएंगे और इस मुहिम का नाम "नेकी का दोना-पत्तल" रखा गया।

नेकी का डब्बा फाउंडेशन के फाउंडर गिरीश चन्द्र शुक्ला ने बताया की यह मुहिम भूखे को खाना खिलाने का एक अनोखा प्रयास है, चूंकि उक्त मुहिम की शुरूआत अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण दिवस पर हुई अतः टीम इस कार्यक्रम में कभी भी प्लास्टिक / थमाकोल के प्लेट का इस्तेमाल नहीं करती।

भुख मिटाने की इस मुहिम की सफलता इस कदर बढ़ती जा रही है कि अब लोग जन्मदिन या एनिवर्सरी जैसे अवसर भी जरुरतमंद के साथ साझा करने लगे हैं और अब लोग बंद कमरों में केक काटने के बजाय गरीब जरूरतमंदों के बीच जाकर खुशियां बांटने में ज्यादा यकीन करने लगे हैं। आज के इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से गिरीश चंद्र शुक्ला, कमल किशोर, उर्वशी मसंद, रूपम इत्यादि मौजूद रहे।

शहर से चली भाजपा की हवा ने इस बार आरएलडी से मिलकर गांव मे लिया आंधी का रूप : कपिल अग्रवाल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

गाजियाबाद (आशा चौधरी)। लोकसभा प्रत्याशी अतुल गर्ग ने मुरादनगर विधानसभा में विधायक अजीत पाल त्यागी और कार्यक्रम संयोजक अमित रंजन के साथ गढ़ी और सिकरौड, भोवापुर, अटोर नगला और मथुरापुर मकरेडा, बहादरपुर और मोरटा, पटेल नगर और रेलवे रोड, मुरादनगर और विजय मंडी, मुरादनगर में 'नुक्कड सभा' को संबोधित किया।

आज भाजपा के पास 10 साल का ट्रैक रिकॉड है और अगले 25 साल का विजन भी उसी के साथ हम 'जनता जनार्दन' के समक्ष है और जनता का भी अपार समर्थन भाजपा को मिल रहा है वही कांग्रेस केवल भ्रम फैलाने का काम कर रही और इनका केवल एक ही 'विजन' है अपने परिवार का भला कैसे हो!

हर नुक्कड पर हर बूथ से केवल एक ही स्वर आ रहा है "चप्पा चप्पा भाजपा", 26 अप्रैल को हर बूथ पर भाजपा को बंपर वोट मिलने जा रहा है और 4 जून को कमल खिलने जा रहा है।

सभा को सम्बोधित करते हुए योगी सरकार के मंत्री कपिल अग्रवाल ने कहा 26 तारीख को वोट करें और भारी मात्रा मे करें क्योंकि अब जनता विकास और विरासत को आगे बढाने वालों को देश की सेवा का तीसरी बार मौका देने जा रही है ना कि तुष्टीकरण और विभाजनकारी सोच वालों को क्योंकि जनता ने उन्हें 6-6 दशक तक मौका दिया था पर उन्होने केवल तुष्टीकरण और विभाजन की राजनीति करी। है। अब हमे "सबका साथ सबका विकास में भरोसा रखना है"। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ,राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल , महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता बृजपाल तेवतिया, मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी, विधानसभा संयोजक अरविंद भारतीय, आरएलडी महानगर अध्यक्ष रेखा चौधरी, अरविंद तेवतिया, बॉबी चौधरी, संजय कांत शर्मा, मनवीर पंवार, त्रिलोक चौधरी, प्रदीप चौधरी, अजेन्द्र चौधरी , पंकज गर्ग सहित ' मोदी के परिवारजन' उपस्थित रहे।

बूथ जीता चुनाव जीता, मेरा पन्ना मतदान का झरना : दिनेश गोयल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

गाजियाबाद (आशा चौधरी)। लोकसभा के अंतर्गत गोविन्दपुरम मण्डल के बूथ अध्यक्ष, पन्ना प्रमुख, शक्ति केन्द्र संयोजक, शक्ति केंद्र प्रभारी के साथ कामकाजी बैठक संपन्न हुई । जिसमे लोकसभा प्रभारी विजय शुक्ला , एमएलसी एवं मण्डल समन्व्यक दिनेश गोयल, मण्डल प्रभारी राजेन्द्र यादव , मण्डल अध्यक्ष अमित रंजन , अरविन्द भारती मुरादनगर विधान सभा चुनाव संयोजक, प्रदीप चौधरी महानगर मीडिया प्रभारी, सविता त्यागी महानगर उपाध्यक्ष महिला मोर्चा ,उपेन्द्र शिशोदिया महामंत्री, संजय कोशिक महामंत्री, त्रिलोक चौधरी पूर्ब किसान मोर्चा अध्यक्ष, मनवीर पवार पूर्व महामंत्री किसान मोर्चा , कौशल शर्मा पूर्व महानगर अध्यक्षा सहित सभी मोर्चों के अध्यक्ष,पार्षदगण,बूथ अध्यक्ष सेक्टर संयोजक

पन्ना प्रमुख एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। लोकसभा प्रभारी विजय शुक्ला ने आगामी दो दिन बूथ पर महनत करने के लिए प्रेरित किया सभी को ज्यादा से ज्यादा मतदान कराने का आग्रह किया। मंडल समन्वयक दिनेश गोयल ने सभी कार्यकर्ताओ द्वारा चुनाव में की जा रही कड़ी मशक्कत की भूरी भूरी प्रशंशा की। उन्होंने कहा बूथ पर निवास करने वाला प्रत्येक कार्यकर्त्ता व नेता मतदान हो जाने तक बूथ का और पन्ना की प्रक्रिया से अनभिज्ञ न हो। क्योंकि बूथ जीता चुनाव जीता। मेरा पन्ना मतदान का झरना। मंडल अध्यक्ष अमित रंजन ने सभी का आभार जताया।

व्यय प्रेक्षकों की अध्यक्षता में तृतीय व्यय निरीक्षण बैठक आयोजित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

गाजियाबाद (आशा चौधरी)। महात्मा गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट में व्यय प्रेक्षक सौरभ नायक व टी.अरिवाझगन की अध्यक्षता में लोक सभा प्रत्याशियों के व्यय खातों का शेडो रजिस्टर से मिलान का तृतीय व्यय निरीक्षण बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में लोकसभा प्रत्याशियों में भाजपा के प्रतिनिधि के0वी0सिंह, कांग्रेस के प्रतिनिधि अतुल शर्मा, बसपा के प्रतिनिधि लोकेश कुमार, राष्ट्रीय निर्माण पार्टी के प्रतिनिधि चन्द्रमोली शर्मा, राष्ट्रीय जन कर्मठ पार्टी के प्रतिनिधि अंशुल गुप्ता, समाज विकास पार्टी से प्रतिनिधि अंकुर त्यागी, राईट टू रिकॉल पार्टी की प्रत्याशी पूजा

सक्सेना, अभिषेक पुण्डीर निर्दलीय, अवधेश कुमार निर्दलीय, औरंगजेब निर्दलीय, नत्थू सिंह चौधरी निर्दलीय, आनन्द सिंह निर्दलीय उपस्थित रहें। जबकि सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी (सुभाष पार्टी) से धीरेन्द्र सिंह भदौरिया व रवि कुमार पांचाल निर्दलीय बैठक में अनुपस्थित रहे।बैठक के दौरान शेडो रजिस्टर से मिलान करने पर प्रत्याशियों के व्यय खाते में अन्तर पाया गया। उनके द्वारा नगद और बैंक की डिटेल अप,टू,डेट नहीं पाई गयी।

वहीं कुछ प्रत्याशियों के बैंक खाते से कोई भी लेन,देन नहीं किया गया। जनता के अवलोकन हेतु प्रत्याशियों द्वारा किये गये खर्च का ब्यौरा रजिस्टर डीईओ पोर्टल डिस्ट्रीक इलैक्शन ऑफिसर गाजियाबाद के पोर्टल पर अपलोड रहेगा। बैठक में मुख्य रूप से एडीएम एफआर सौरभ भट्ट, सीटीओ पुष्पांजलि, सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

स्क्रैप माफिया रवि काना और उसकी साथी काजल थाईलैंड में गिरफ्तार, दोनों कई दिनों से चल रहे थे फरार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

ग्रेटर नोएडा। स्क्रैप माफिया और गैंगस्टर रवि नागर उर्फ रवि काना और उसकी महिला सहयोगी काजल झा को थाईलैंड में वहां की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आधिकारिक सूत्रों मे इसकी पुष्टि की है।

इसी साल जनवरी में पुलिस ने जारी किया था रेड कॉर्नर नोटिस

गौतमबुद्धनगर कमिश्नरेट पुलिस ने जनवरी 2024 में लुक आउट और रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया था। यह नोटिस और रवि पर चल रहे मुकदमों का विवरण पुलिस ने थाईलैंड के साथ साझा किया था। इसी के आधार पर यह गिरफ्तारी होने की बात कही जा रही है। पुलिस रवि काना गिरोह के 14 सदस्यों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।

इसमें रवि काना की पत्नी मधु नागर भी शामिल है। इसके साथ ही 100 करोड़ से अधिक की संपत्ति को भी सीज कर चुकी है। चार बैंक खातों को भी फ्रीज किया जा चुका है। रवि काना के खिलाफ नोएडा के सेक्टर-39 में सामूहिक दुष्कर्म और बीटा-2 थाने में गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज किया गया था।

पिछले महीने पुलिस ने रवि काना गैंग के खिलाफ दाखिल की चार्जशीट

गैंगस्टर के मुकदमे में 16 सदस्य नामजद थे। रवि काना की पत्नी मधु को पुलिस फरवरी 2024 में दिल्ली एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया था। पिछले महीने पुलिस ने रवि काना गैंग के खिलाफ जिला अदालत में 500 पन्नों की चार्जशीट दाखिल की थी। इसमें रवि काना को काले कारोबार का सरगना बताया गया और उसकी सहयोगी काजल झा को इसमें बराबर का हिस्सेदार बताया गया था।

भाई की हत्या के बाद संभाला स्क्रैप का काम

रवि काना दनकौर के गांव दादुपुर के हरेंद्र प्रधान का बड़ा भाई है। साल 2015 में हरेंद्र प्रधान की हत्या हो गई थी और आरोप कुख्यात बदमाश सुंदर भाटी पर था। यह घटना गौतमबुद्ध नगर के चर्चित हत्याकांड में से एक है। इस हत्याकांड के बाद स्क्रैप व सरिया की तस्करी के धंधे का काम रवि काना ने संभाला। साथ ही भाई की हत्या के बाद खुद की जान को खतरा बताते हुए पुलिस से सुरक्षा मांगी थी।

छह महीने पहले हटा ली थी सुरक्षा

पुलिस से सुरक्षा मिलने के बाद रवि काना ने इसका दुरुपयोग किया। पुलिस सुरक्षा के साथ वह अपराधों को अंजाम देता रहा। उसके खिलाफ मुकदमे दर्ज होते रहे। रवि काना के साथ-साथ हरेंद्र नागर की पत्नी और रवि की भाभी बेवन नागर, भाई राजकुमार नागर को भी पुलिस ने सुरक्षा प्रदान की थी। इस कारण सभी की सुरक्षा छह महीने पहले हटा ली गई। हमने थाईलैंड पुलिस के साथ रवि काना के बारे में विवरण साझा किया था। अभी थाईलैंड पुलिस ने हमें मेल से या किसी आधिकारिक माध्यम से कोई सूचना नहीं दी है। आधिकारिक सूचना मिलने के बाद ही कुछ कहा जा सकेगा।

-वरिष्ठ पुलिस अधिकारी

लोकतंत्र राष्ट्र भारत विश्व का सबसे बड़ा मतदान करने वाला देश है: रविंद्र आर्य

बुलन्द संदेश ब्यूरो

दिल्ली। सामाजिक कार्यकर्ता एवं लेखक रविंद्र आर्य ने 26 अप्रैल को लोकसभा चुनाव में मतदान करने के लिए सभी से अपील की है। रविंद्र कहते है कि सुबह 07 से सायं 06 बजे तक मतदान के समय अपने पहचान पत्र लेकर जरूर जाएं। ओर चेतावनी के रुप मे फर्जी मतदान बिलकुल ना करें, मुझे उम्मीद है कि आप सहपरिवार सहित स्वस्थ्य हो। आप सब वोटिंग में बढ़-चढ़ के भाग ले। विश्व का सबसे बड़ा लोकतान्त्रिक देश भारत ही है,भारत के सोभिमान के लिए वोटिंग करना बहुत महत्वपूर्ण हिस्सा



माना जाता रहा है। आपकों जानकर हैरानी होंगी भारत विश्व का सबसे बड़ा मतदान करने वाला देश है, तो मतदान कर भारत को मजबूत बनाये,भारत वह देश है जिसने राजशाही की समाप्ति को स्वीकार कर लोकतंत्र को को पूर्णरुप से माना था। इस लोकतंत्र की जड़ 75 सालों से आजतक भारत मे मजबूत करती आई है, जिसमें भारत की एकता की झलक है। भारत के संविधान में चिंतक, समाज सुधारक लोकतंत्र की विचारधारा मानववादी रही है, मानवता के रुप मे मानव का फर्ज है की आलोचना एवं अलास्य त्याग कर आमजन ज्यादा से ज्यादा मतदान करें।

सेन समाज ने बसपा छोड़ थामा भाजपा का दामन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

गाजियाबाद (आशा चौधरी)। भारतीय जनता पार्टी में अन्य दलों का आना अभी थमा नहीं है खाने को तो वैसे आज चुनाव प्रचार का आखिरी दिन है लेकिन सपा बसपा और कांग्रेस में घुटन महसूस कर रहे कार्यकर्ता मोदी के विकास के पहिए के साथ अपने उपस्थिति दर्ज करने के लिए भाजपा में शामिल हो रहे हैं।

ऐसा ही कोई नजर आज लोकसभा का चुनाव कार्यालय नवयुग मार्केट में देखने को मिला जहां पर सुबह से लगभग तीन दलों के कार्यकताओं में भाजपा का दामन थामा जिम बसपा से जुड़े अनेको पदाधिकारियों ने सेन समाज के नेताओं ने भाजपा अध्यक्ष संजीव शर्मा के द्वारा भाजपा की संस्था ग्रहण की इस दौरान लोकसभा चुनाव के प्रभारी विजय शुक्ला जी संदीप त्यागी मां का मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी धर्मेंद्र चौधरी एससी मोर्चा के

मंडल अध्यक्ष सुनील कुमार गौतम आदि उपस्थित रहे भाजपा में शामिल होने वालों में श्याम सिंह सैन - पद महानगर कोषाध्यक्ष बसपा,सेन समाज ने बसपा छोड़ थामा भाजपा का दामन भारतीय जनता पार्टी में अन्य दलों का आना अभी थमा नहीं है कहने को तो वैसे आज चुनाव प्रचार का आखिरी दिन है लेकिन सपा बसपा और कांग्रेस में घुटन महसूस कर रहे कार्यकर्ता मोदी के विकास के पहिए के साथ अपने उपस्थिति दर्ज करने के लिए भाजपा में शामिल हो रहे हैं। ऐसा ही कोई नजारा आज लोकसभा का चुनाव कार्यालय नवयुग मार्केट में देखने को मिला जहां पर सुबह से लगभग तीन दलों के कार्यकताओं में भाजपा का दामन थामा जिसमें बसपा से जुड़े अनेको पदाधिकारियों ने सेन समाज के नेताओं ने भाजपा अध्यक्ष संजीव शर्मा के द्वारा भाजपा की संस्था ग्रहण की इस दौरान लोकसभा चुनाव के प्रभारी विजय शुक्ला जी संदीप त्यागी मां का मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी धर्मेंद्र चौधरी एससी मोर्चा के मंडल अध्यक्ष सुनील कुमार गौतम आदि उपस्थित रहे भाजपा में शामिल होने वालों में श्याम सिंह सैन - पद महानगर कोषाध्यक्ष बसपा,रनबीर सिंह यादव - पद- पूर्व उपाध्यक्ष सपा सतीश सैन पद जिला सचिव सेन समाज मदन लाल सेन - पद जिला सचिव क्षेत्र समाज हितेश सैन - पद जिला उपाध्यक्ष ,होस्यार सिंह सैन पद - जिला महानगर उपाध्यक्ष सतीश ठाकुर प्रदेश सचिव सेन समाज हरसीत सैन हिमाशु सैन बब्ली सिंहमहिमाल सिंह -महरौली बिनोद कुमार सैन - जिला महा सचिव रनबीर सिंह यादव - पद- पूर्व उपाध्यक्ष सपा सतीश सैन पद जिला सचिव सेन समाज मदन लाल सेन - पद जिला सचिव क्षेत्र समाज हितेश सैन - पद जिला उपाध्यक्ष ,होस्यार सिंह सैन पद - जिला महानगर उपाध्यक्ष सतीश ठाकुर प्रदेश सचिव सेन समाज हरसीत सैन हिमाशु सैन बब्ली सिंहमहिमाल सिंह -महरौली आदि भाजपा में शामिल हुए।

लोकसभा चुनाव इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा ने कई बैठकें की और रोड शो का भी आगाज किया

डॉली शर्मा का हाथ बदलेगा गाजियाबाद का हालात, बस एक मौका दीजिये, कह रहे हैं लोग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

गाजियाबाद (आशा चौधरी)। मंगलवार की देर शाम तक इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा ने कई बैठकें की और रोड शो का भी आगाज किया। इसी कड़ी में क्रिश्चियन नगर बागू, गाजियाबाद में एक बैठक हुई, जिसमें कांग्रेस नेता रोहण वाशिंगटन ने दलित-मुस्लिम-ईसाई समाज के प्रतिनिधियों से प्रत्याशी श्रीमती शर्मा को रूबरू करवाया। इस मौके पर उन्हें कतिपय समस्याओं से अवगत कराया गया। जिसका पूर्ण समाधान करवाने का उन्होंने भरोसा दिया। इससे पहले पूर्व पार्षद पिंटू सिंह के संयोजकत्व में बहरामपुर में एक भव्य रोड शो का आयोजन किया गया। जिसमें कांग्रेस के कद्दावर नेता रहे अहमद पटेल की बेटी मुमताज पटेल ने शिरकत की, जो गुजरात से खास तौर पर इसी मुद्दे के लिए यहाँ आईं और आकर अपना समर्थन दिया।

वहीं, केला भट्टा जिला, गाजियाबाद में भी एक भव्य रोड शो का आयोजन हुआ, जिसमें केला भट्टा के लोगों के साथ साथ सपा विधायक आशु मलिक भी शरीक हुए और यहाँ आकर अपना पूर्ण समर्थन दिया। वहीं, शास्त्री नगर, सेक्टर 23, गाजियाबाद में भी एक रोड शो का आयोजन हुआ। इन सभी कार्यक्रमों में मिले अपार स्नेह समर्थन और आशीर्वाद के लिए उन्होंने सबका बहुत-बहुत धन्यवाद और आभार प्रकट किया। वहीं, आमलोगों में इस बात का भरोसा बढ़ता जा रहा है कि डॉली शर्मा का हाथ बदलेगा गाजियाबाद का हालात। बस एक मौका उन्हें दीजिये, ऐसा कह रहे हैं लोग, अपनों के बीच। यह चुनाव जनता लड़ रही है, डॉली शर्मा के पक्ष में!

युग परिवर्तन सेवा समिति द्वारा स्थापना दिवस का किया गया आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

गाजियाबाद (आशा चौधरी)। युग परिवर्तन सेवा समिति द्वारा स्थापना दिवस का आयोजन किया गया युग परिवर्तन सेवा समिति के द्वारा मनाया गया गोपेश्वर महादेव मंदिर जीवन विहार कॉलोनी में जीवन विहार वासीयों मैं बहुत ही उत्साह के साथ भगवान का कीर्तन का गुणगान करते नजर आए इसके मुख्यअतिथि के रूप में निवर्तमान सांसद डॉ अनिल अग्रवाल सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र हितकारी बी के शर्मा हनुमान पूर्व पार्षद अर्चना सिंह वी के अग्रवाल, पार्षद सुमन लता महत संदीप शर्मा कृष्ण निदेर्शानंद गिरि महाराज, राष्ट्रीय कवि जय प्रकाश मिश्रा राष्ट्रीय विनोद कुमार पाण्डेय कमलेश चौघरी अंकुरपाल विजय कुशवाह, डॉक्टर सतीश भारद्वाज सदीप त्यागी रसम कमल शर्मा वन्दना लखनपाल आदि हनुमान जन्मोत्सव मे शामिल हुए इसलिए 23 अप्रैल को सुंदरकांड व राधाकृष्ण जी की झांकी हनुमान जी के भजनों का गुणगान जागरण पार्टी के द्वारा किया गया, प्रसाद वितरण भंडारे का आयोजनकीय गया अध्यक्ष सुनील त्यागी महामंत्री छोटे लाल कनोजिया मॉगे राम त्यागी पं सजय भारदाज अमिति सारस्वत रमेश कौल अरविन्द गुप्ता राकेश दुबे जनक सिह मुकेश चौधरी उमेश चौघरी अरुण श्रीवास्तव योगेश शर्मा सतीश पाँचाल ने पटका पहना कर सम्मानित किया।

लखनऊ के चौक स्टेडियम में स्टेट कराटे चैंपियनशिप का आयोजन गाज़ियाबाद कराटे एसोसिएशन के 20 खिलाड़ियों ने भाग लिया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

गाज़ियाबाद । लखनऊ के चौक स्टेडियम में स्टेट कराटे चैंपियनशिप का आयोजन हुआ जिस्मे अनुष्का पपनाई गोल्ड मेडल, आकांक्षा गोल्ड मेडल, शिमोन सिल्वर मेडल अकांशा सिल्वर मेडल, गौरव गुप्ता ब्रोंज मेडल नंदन कुमार ब्रोंज मेडले, प्राची ब्रोंज मेडल गर्व कौशल ब्रोंज मॉडले युवराज सिंह ब्रोंज मेडले, जीत कर गाज़ियाबाद कराटे एसोसिएशन का नाम रोशन किया। गाज़ियाबाद कराटे एसोसिएशन के जेनरल सेकेट्री शिहान सुरेश कुमार की देख रेख में ट्रेम गई गौरव गुप्ता और ऑफिसियल पैनल में शिहान नरेन्द्र सिंह , शिहान सचिन त्यागी , सेंसेई डैनियल और सेंसेई नीरज पाल , वहाँ मोजूद रहे सभी को हंशी जसपाल सिंह ने स्मृति चिन दे कर सम्मानित किया।

शिहान नरेंद्र सिंह ने बताया गाज़ियाबाद कराटे एसोसिएशन के 20 खिलाड़ियों ने भाग लिया

तेज रफ्तार का कहर मोटर साइकिल की भिड़ंत में 3 घायल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

असमोली/संभल (मोनू सिंह) । जोया मार्ग पर हुआ सड़क हादसा तीन लोग गंभीर रूप से घायल मौके पर पहुंची पुलिस। असमोली थाना क्षेत्र के गांव मवई डोल में सड़क हादसा हुआ जिसमे दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने से भिड़ंत हुई जिसमें तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए बताया जा रहा है दो व्यक्ति थाना मौलिक क्षेत्र के गांव मंदाला फतेहपुर के रहने वाले हैं वहीं तीसरा व्यक्ति भी थाना असमोली क्षेत्र के गांव सैदपुर इम्मा का रहने वाला है सैदपुर इम्मा के आकाश (25 वर्ष) पुत्र प्रेमचंद्र की हालत गंभीर बताई जा रही है आकाश तीन भाइयों में दूसरे नंबर का है आकाश की लगभग 2 वर्ष पूर्व शादी भी हो चुकी है परिजनों को सोचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया है वहीं परिजन मौके पर पहुंचे और आकाश को निजी अस्पताल में ले जाया गया है। खबर लिखे जाने तक आकाश की हालत गंभीर बनी हुई थी। मदाला फतेहपुर के दोनो घायलों को भी निजी अस्पताल में इलाज के लिए ले जाया गया है।

विजय नगर और प्रताप विहार में हनुमान जयंती के अवसर पर भव्य शोभा यात्रा का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

गाजियाबाद (आशा चौधरी)। श्री राम सेवा समिति लाइन पर के द्वारा किया गया। यात्रा के संयोजक रोबिन संगवान रहे और अध्यक्षता के के शुक्ला ने की। यात्रा में मुख्य अतिथि भारत सरकार की हाई लेवल एम एस पी कमेटी के सदस्य कृष्ण बीर चौधरी थे। धार्मिक शोभा यात्रा के अवसर पर उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार ने भगवान रामलला का भव्य मंदिर बनवाकर ५०० वर्षों का इतिहास बदला है ये भारत के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा। राम मंदिर के बनने पर दुनिया में सनातन संस्कृति को मानने वाले लोगो में बहुत खुसी की लहर है। वही दूसरी तरफ कांग्रेस और इंडी गठबंधन के लोगो ने रामलला मंदिर के उदघाटन अवसर पर दिये निमंत्रण को ठुकराकर भगवान राम के करोड़ो भक्तों, लाखों साधु संतों और सनातन का अपमान किया। कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने तो राम मंदिर के शिलान्यास कार्यक्रम का भी संसद में काले कपड़े पहनकर विरोध किया था। आखिर कांग्रेस पार्टी मुस्लिम तुष्टिकरण करके सिर्फ. उनकी वोटों की खातिर, बार बार हिंदुओं की आस्था पर चोट पहुँचाकर सनातन का अपमान क्यों करती है ?

कृष्ण बीर चौधरी ने आगे कहा कि कांग्रेस पार्टी ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में जो सभी की संपत्ति की जाँच करवाने और महिलाओं की ज्वैलरी की घोषणा करने की बात की है और सारी दंपति को देश में सबमें बराबर बाटने की बात की है ये तो पूरी तरह से देश में माओवाद लागू करने का तरीका है।ऐसा करके तो ये देश को बबार्दी की और ले जायेंगे।

शोभा यात्रा का अनेक जगह पर फूल बरसाकर स्वागत किया गया। यात्रा में मुख्य रूप में सोनू, अशोक, कृपाल, प्रदीप जाड़ोंन, पार्षद संतोष राणा, भरत शर्मा, अशोक शर्मा, सुमित कुमार, अनुपम, राजेश चौहान, जितेंद्र गौड़ धोबी, शिवम् शर्मा, अंकित गिरी, राजेंद्र यादव, बबलू त्यागी, बाली, अरविंद प्रजापति, विकास हिंदू सहित हजारों लोगो ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया और यात्रा ३ घंटे से ज्यादा समय में सारे विजय नगर और प्रताप विहार के सभी एरिया से होकर निकली गई।

जरूर करेंगे मतदान,जीते हुए प्रत्याशी से करेंगे सवाल: तेजेन्द्र पाल त्यागी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

गाजियाबाद। मेरठ रोड स्थित शहीद स्मारक पार्क में बुधवार को राष्ट्रीय सैनिक संस्था की गाजियाबाद इकाई, महिला विंग और युवा विंग के सदस्यों को राष्ट्रीय सैनिक संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर चक्र प्राप्त कर्नल तेजेन्द्र पाल त्यागी ने शहीदों को साक्षी मानकर मतदान करने की शपथ दिलवाई।

शपथ लेते समय सभी लोगों ने कहा कि "हम दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत के शहर गाजियाबाद के निवासी सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीदों को साक्षी मानकर शपथ लेते हैं कि हम आगामी 26 अप्रैल को बिना किसी प्रलोभन के मतदान अवश्य करेंगे।"

राष्ट्रीय सैनिक संस्था की गाजियाबाद इकाई के अध्यक्ष गौरव सेनानी ज्ञान सिंह, शहर अध्यक्ष एडवोकेट सुनील कुमार, युवा विंग अध्यक्ष प्रवेश त्यागी, एनसीआर की महिला अध्यक्षा उषा राणा ने एकमत से अपने अपने शब्दों में कहा कि भारत एक गणतंत्र है। यहां सर्वोच्च संविधान या सरकार नहीं है बल्कि सर्वोच्च है ह्लजनता।" हालांकि संविधान में जीते हुए प्रत्याशी को वापस बुलाने का, यदि वो काम न करे, अधिकार नहीं है परंतु उसका सामाजिक बहिष्कार करने का अधिकार प्रदत्त है। अब समय बदल चुका है। 1947 वाला "जी हुजूरी" का जमाना अब नहीं है। हम अपना कर्तव्य निभायेंगे और जनप्रतिनिधि को भी अपना कर्तव्य निभाने के लिए बाध्य करेंगे। गौरव सेनानी ब्रहम पाल सिंह , गौरव सेनानी चंदन सिंह, गौरव सेनानी रामकुमार, गौरव सेनानी दिनेश कुमार त्यागी, रोहित कुमार सिंह, महेंद्र कुमार, प्रवेश त्यागी, सरित त्यागी, कालू शर्मा, कृष्ण सिंह विष्ट, विनय कुमार सिंह, डॉ पूनम शर्मा, मंजु घई, पूनम गांधी, मीना शुक्ल, मंजु भासिल, उषा आनंद, मोनिका गोयल, अनीता शर्मा, तनिष्क शर्मा, प्रशांत त्यागी, गोपाल सिंह, वेदी चौहान, वी के, धर्मेन्द्र कुमार दास, बबली दास, वंदना जोशी, संजय शर्मा आदि ने सामूहिक संस्तुति की। इन सभी ने कहा कि गौरव सेनानियों और देशभक्त नागरिकों के लिए कोई भी काम करने से पहले "राष्ट्र सर्वप्रथम" की भावना ही सर्वोच्च रहती है।

लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान जरूरी : जय कमल अग्रवाल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

गाजियाबाद (आशा चौधरी)। भारतीय जनता पार्टी के महानगर सह मीडिया प्रभारी व अधिवक्ता जय कमल अग्रवाल का कहना है कि लोकसभा चुनाव 2024 के प्रथम चरण के हुए मतदान प्रतिशत को देखते हुए गांवों में वोट का प्रतिशत शहर से ज्यादा होना चिंतनीय है, जबकि शहरी क्षेत्र में वोट के महत्व समझने वाले पढ़े लिखे लोग ज्यादा रहते हैं। जय कमल अग्रवाल ने वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए समाजसेवी संगठनों से आग्रह किया है कि उन्हें क्षेत्र में मतदाताओं के मध्य जाकर जागरूकता अभियान चलना चाहिए और आने वाली 26 अप्रैल के लिए मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करना चाहिए। उन्होंने कहा भारत एक लोकतांत्रिक देश है यहां पर केंद्र की सरकार हो चाहे किसी राज्य की सरकार, उसे चुनने का माध्यम हमारा एक वोट ही है। इसलिए इस देश में वोट की महत्ता बहुत ज्यादा है। जितना अधिक हमारा मतदान होगा उतना ही मजबूत हमारा लोकतंत्र होगा। चुनावों में वोट डालना बहुत जरूरी है, लोकतंत्र में वोट डालना वोटरों का कर्तव्य और जिम्मेदारी भी है। हर एक मतदाता को इस महत्ता को ध्यान में रखते हुए अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। हर मतदाता को अपने क्षेत्र से खड़े हो रहे प्रत्याशी के बारे में पूरी जानकारी होनी चाहिए और राष्ट्र हित को ध्यान में रखते हुए सही प्रत्याशी को वोट करना चाहिए। आप चाहे किसी को भी वोट दें, लेकिन वोट जरूर दें। गाजियाबाद लोकसभा का दूसरे चरण में मतदान हैं, जो की आने वाली 26 अप्रैल को होना है। जय कमल अग्रवाल ने गाजियाबाद की जनता से भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग के पक्ष में मतदान करने की भी अपील की हैं।

"बदलते मौसम में स्वास्थ्य रक्षा" विषय पर गोष्ठी संपन्न, तरल पदार्थ स्वास्थ्य के लिये आवश्यक : डॉ.सुनील रहेजा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

गाजियाबाद। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के तत्वावधान में "बदलते मौसम में स्वास्थ्य रक्षा" विषय पर ऑनलाइन गोष्ठी का आयोजन किया गया।यह कोरोना काल से 636 वाँ वेबिनार था।

मुख्य वक्ता डॉ. सुनील रहेजा (निदेशक, मूलचन्द अस्पताल) ने कहा कि बदलते मौसम में सावधानी आवश्यक है तरल पदार्थ शिकंजी,लस्सी आदि पेय पदार्थ लेते रहने चाहिए।जंक फूड से बचना चाहिए साथ ही मौसम के ताजे फल ही सेवन करने चाहिए।सुबह प्राणायाम वा सैर करना चाहिए। सुबह की धूप भी लेनी चाहिए। भोजन हल्का ग्रहण करना चाहिए। दोपहर के तेज तापमान से बचना चाहिए।यदि छोटी छोटी सावधानी बरतेंगे तो स्वास्थ अच्छा रहेगा। मुख्य अतिथि डॉ. रचना चावला व अध्यक्ष डॉ. अमित पाहुजा ने भी स्वस्थ रहने के नुस्खे बताये। परिषद अध्यक्ष अनिल आर्य ने कुशल संचालन किया व राष्ट्रीय मंत्री प्रवीण आर्य ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

गायिका ऋचा गुप्ता, कमला हंस, सुदर्शन चौधरी, कौशल्या अरोड़ा, रचना वर्मा, जनक अरोड़ा, कुसुम भंडारी, सुधीर बंसल, रविन्द्र गुप्ता आदि के मधुर भजन हुए।



ध्यानपूर्वक शिकायत को सुनते हुए सौम्य भाषा का करें उपयोग, धैर्यपूर्ण करें शिकायत का समाधान: जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह

बुलन्द संदेश ब्यूरो

गाजियाबाद (आशा चौधरी)। भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निदेर्शों के क्रम में लोक सभा सामान्य निर्वाचन 24 निष्पक्ष, स्वतंत्र, सकुशल और शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के उद्देश्य से दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन में जिला निर्वाचन अधिकारी, जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता एवं नोडल अधिकारियों मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, एडीएम ई रणविजय सिंह, एडीएम सिटी , गम्भीर सिंह, एडीएम एल,ए शैलेन्द्र कुमार भाटिया व एडीएम एफ,आर सौरभ भट्ट के संचालन में मतदान दिवस हेतु निगरानी व निस्तारण गठित टीम को प्रशिक्षण दिया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने कहा कि कन्ट्रोल रूम में कार्य करते हुए आपको किसी भी शिकायत कर्ता या जानकारी दाता की बात को धैर्यपूर्वक सुनना है और सौम्यता से उनके साथ संवाद करना है। उनके द्वारा दी गई जानकारी को रजिस्टर में नोट करना हैं कि क्या शिकायत थी, कहां की थी, शिकायत के निस्तारण के लिए क्या किया, निस्तारण हुआ या नहीं, निस्तारण के लिए किस-किस से बात की सहित अन्य बिन्दुओं पर ध्यान देते हुए कार्य करना है। आपको टेलीफोन, मेल एवं एप के माध्यम से सूचना एवं शिकायतें प्राप्त होंगी। जिसका आपको ध्यान से देखना व सुनना है। कन्ट्रोल रूम में आपके साथ ईवीएम से सम्बंधित सुपर ट्रेनर के साथ अन्य निर्वाचन के लोग भी मौजूद रहेंगे यदि उनके स्तर पर शिकायत का समाधान होता है तो शिकायत को निस्तारित लिख दें अन्यथा आप सैक्टर मजिस्ट्रेट, जोनल मजिस्ट्रेट और एआरओ को सम्बंधित शिकायत की जानकारी देंगे और शिकायत के निस्तारण की जानकारी भी लेगें। इस मौके पर सभी कार्मिक उपस्थित रहें। बताते चले कि इससे पूर्व जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्वाचन अधिकारियों के साथ केन्द्रीय विद्यालय कमला नेहरू नगर और कविनगर रामलीला ग्राउण्ड का निरीक्षण किया।

समर्थन ब्राह्मण समाज ने कहा ब्राह्मणों को सदैव ब्राह्मण हितों को सर्वोपरि रखना चाहिए और अपने राजनैतिक लोगों का तन मन धन से समर्थन करना चाहिए

ब्राह्मण महासभा में इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा को दिया गया पूर्ण समर्थन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

गाजियाबाद (आशा चौधरी) । बुद्धवार को समस्त ब्राह्मण महासभा लोनी ने राष्ट्रवादी ब्राह्मण महासंघ के तत्वावधान में द्वारकाधीश बैंक्विट हॉल, इंद्रपुरी, लोनी में एक ब्राह्मण महासम्मेलन का आयोजन किया।

जब-जब ब्राह्मणों पर अत्याचार हुए, तब-तब आपकी लड़ाई लड़ी हूं, अब अपना मत समर्थन दीजिए: डॉली शर्मा

जिसमें गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र से आएं अनेक गणमान्य ब्राह्मण समाज के लोगों की मीटिंग हुई। इस बैठक में यह तय किया गया कि ब्राह्मणों को सदैव ब्राह्मण हितों को सर्वोपरि रखना चाहिए और अपने राजनैतिक लोगों का तन मन धन से समर्थन करना चाहिए। इस विचार को मानते हुए सर्व सम्मति से तय किया गया कि सभी ब्राह्मण भाई इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी ब्राह्मण पुत्री डॉली शर्मा को वोट और सपोर्ट करेंगे और उसको विजय श्री दिलवाने में कोई कोर कसर बाकी नहीं रखेंगे। बैठक की अध्यक्षता कृष्ण मास्टर ने की।इस बैठक के दौरान इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि ब्राह्मण समाज की लड़ाई उनकी अपनी लड़ाई है। चाहे देश के किसी भी हिस्से में ब्राह्मणों पर अत्याचार हुए हों, आपकी इस बेटी ने सड़क से टीवी पर्दे तक अपनी आवाज बुलंद की और अपने समाज को न्याय दिलवाई। यह सब कुछ मैंने तब की जब कलम की ताकत मेरे पास नहीं थी। आज वही ताकत आपसे प्राप्त करने आई हूं। आपसे बस यही निवेदन है कि 26 अप्रैल को जब आप मतदान करने जाएं तो हाथ का बटम ही दबाएं। इससे आपकी बेटी भारी बहुमत से जीत जाएगी। उन्होंने कहा कि जैसे ब्राह्मण समाज सबकी भलाई की बात सोचता है, करता है, उसी तरह से कलम की ताकत मिल जाने पर मैं भी सबकी भलाई करूंगी। वैसे तो अब भी ऐसा करती चली आई हूं, लेकिन जनप्रतिनिधियों की कतार में शामिल होने के बाद आपकी लड़ाई सड़क से संसद तक लड़ूंगी, ऐसा वादा करती हूं।

इस बैठक में प्रमेन्द्र शर्मा, पं. प्रवेश दत्त शर्मा, सचिन शर्मा, संदीप कौकिक, देविन्द्र कुमार, आशीष शर्मा, तन्नू, सतीश शर्मा, राजीव मिश्रा,अकुंर शर्मा, नीरा रानी, कैलाश सारस्वत , डॉ प्रमोद शर्मा, बलदेव शर्मा, प्रशांत भारद्वाज, सुभाष पांडेय, राम कुमार शर्मा, रमेश पंडित, विनोद शर्मा, वीके शर्मा (पूर्व सभासद), संजय भारती, सुमित भारद्वाज (बेहटा), शोभा भारद्वाज (बच्चा), भगवती आनन्द स्वरूप शर्मा, बच्चू प्रधान, जुगल किशोर प्रधान, राधे, राधारमन, मोहित शर्मा, नीरज शर्मा आदि मौजूद रहे।इस बैठक के दौरान समाजसेवी परविंदर शर्मा की अगुवाई में उनको पूर्ण समर्थन देने का ऐलान किया गया। इस सम्मेलन में सभी ब्राह्मण बन्धुओं और पत्रकार बन्धुओं का स्वागत किया गया।

अलर्ट : 43 डिग्री तक पहुंच सकता है पारा

मेरठ (आरएनएस)। गर्मी का सितम बढ़ता जा रहा है। मौसम विभाग ने अगले पांच दिन तक लू का अलर्ट जारी किया है। वहीं दिन में आसमान पर काले बादल छा गए और हवा भी तेज चली। शाम को आंधी ने मौसम बदल दिया। कुछ स्थानों पर बूंदाबांदी भी हुई।

पिछले एक सप्ताह से गर्मी ने रफ्तार पकड़ी हुई है। कृषि विवि के मौसम वैज्ञानिक डॉ. यूपी शाही का कहना है कि बुधवार को बूंदाबांदी हो सकती है। 28 अप्रैल तक पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में मौसम शुष्क रहने और लू चलने के साथ गर्मी बढ़ने के आसार हैं। दिन का तापमान 38 से 43 डिग्री तक जा सकता है। मौसम कार्यालय पर अधिकतम तापमान 37.0 डिग्री व रात का तापमान 20.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

फिर से बढ़ गया प्रदूषण

एनसीआर में मंगलवार को प्रदूषण में फिर से बढ़ोतरी हो गई। एनसीआर में बढ़ता हुआ प्रदूषण 200 के पार पहुंच गया है। मेरठ का एक्यूआई 177 दर्ज किया गया। शहर में जयभीमनगर 158, गंगानगर 173, पल्लवपुरम 200, दिल्ली रोड 205, बेगमपुल 215 दर्ज किया गया। पिछले चौबीस घंटे में सभी जगह पर प्रदूषण में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। मौसम के शुष्क होने से प्रदूषण भी बढ़ रहा है।

उल्टी, दस्त के मरीज बढ़े, बुखार से तप रहे लोग

गर्मी बढ़ने से बीमारियां भी बढ़ रही हैं। लोगों को उल्टी, दस्त के साथ पेट दर्द की समस्या अधिक हो रही है। बुखार भी तपा रहा है। एलएलआरएम मेडिकल कॉलेज और जिला अस्पताल में मरीजों की संख्या बढ़ गई है। मंगलवार को दोनों अस्पतालों की ओपीडी में 4024 मरीज पहुंचे। इनमें मेडिकल कॉलेज में 2817 और जिला अस्पताल में 1207 मरीज पहुंचे।

शरीर में पानी की कमी हो रही है, जिसकी भरपाई करने के लिए ग्लूकोज, एनर्जी ड्रिंक और ओआरएस की मांग बढ़ गई है। जिला अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कौशलेंद्र सिंह ने बताया कि ओपीडी में भी अब हर दिन ऐसे मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी होती जा रही है, जो उल्टी-दस्त और बुखार से परेशान हैं। इनमें बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों की भी काफी संख्या है। ओरल रिहाइड्रेशन सॉल्ट यानी ओआरएस की मदद से दस्त के दौरान शरीर में इलेक्ट्रोलाइट की कमी को पूरा किया जाता है।

दस्त के साथ-साथ उल्टी और अधिक पसीना आने की स्थिति में भी शरीर में इलेक्ट्रोलाइट्स की मात्रा को संतुलित बनाए रखने के लिए खासकर बच्चों को ओआरएस का घोल दिया जाता है।

जनपद में 14328 नये मतदाता मतदान करने को उत्साहित

लोकसभा चुनाव महासंग्राम-2024: इंतजार खत्म, कल शुक्रवार को नये मतदाता प्रथम बार करेंगे मतदान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

हापुड़। लोकसभा चुनाव 2024 में कल 26 अप्रैल को जिले की तीनों विधान सभा में वोट डाले जायेंगे। नये मतदाता अपने मत का प्रयोग करने के लिए उत्साहित नजर आ रहे है। जिले की तीनों विधान सभा क्षेत्र में 14328 मतदाता प्रथम बार अपने मत का प्रयोग करेंगे।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर कई बार अभियान चलाकर नये वोटरों के नाम मतदाता सूची में दर्ज किये,उनके पहचान पत्र बनाये गये। पहचान पत्रों का बीएलओ द्वारा घर घर जाकर वितरण किया गया। कल 26 अप्रैल शुक्रवार को जिले की हापुड़ सदर,धौलाना व गढ़मुक्तेश्वर सीट पर मतदान होगा। जिसमें 14328 मतदाता प्रथम बार अपने मत का प्रयोग कर लोकसभा चुनाव में उतरे प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करने में अहम भूमिका निभायेंगे।

नये वोटरों के उत्साह को देखते हुए जिले की तीनों विधानसभा में वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव से अधिक मतदान होने की संभावना जताई जा रही हैं। अगर मतदान प्रतिशत बढ़ता है। तो इसका श्रेय जिला प्रशासन,प्रिंट व इलेक्ट्रानिक मीडिया का दिया जायेगा। वहीं प्रशासन स्तर पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर वोटरों को जागरूक करने का प्रयास किया गया है। शहर निवासी नये मतदाता सांक्षी चौहान,गगन त्यागी,राहुल सैनी,खुशी त्यागी ने बताया कि वह किसी चुनाव में पहली बार अपना वोट डालेंगे। जिसके लिए वह 26 अप्रैल का बेसब्री से इंतजार कर रही है। अब उनका इंतजार खत्म होने जा रहा है। उन्होंने सभी नये मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि चुनाव में वोट का प्रयोग करें। सहायक निर्वाचन अधिकारी सरवन कुमार त्यागी ने बताया कि जिले की हापुड़,गढ़ व धौलाना विधान सभा में 14328 मतदाता पहली बार अपने वोट का प्रयोग करेंगे।

सांक्षी चौहान

राहुल सैनी

गगन त्यागी

खुशी त्यागी

समाजसेवियो एवं गणमान्य व्यक्तियों ने की मतदान करने की अपील

बुलन्द संदेश ब्यूरो

मोदीनगर (अनवर खान)। आगामी 26 अप्रैल को लोकसभा चुनावों के दूसरे चरण का मतदान होने जा रहा है। दूसरे चरण के इस मतदान में बागपत लोकसभा सीट पर भी मतदान होना है। लोकसभा चुनावों में अधिक से अधिक मतदान करने हेतु जहां चुनाव आयोग विभिन्न माध्यमो के जरिए मतदाताओं को जागरूक कर रहा है वही क्षेत्र की सामाजिक संस्थाओं से जुड़े पदाधिकारी एवं क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति भी लोगों को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। संजीवनी सेवा संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट संजीव कौशिक ने अपील की है कि लोकतंत्र के इस महाकुंभ में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु सभी मतदाता मतदान अवश्य करें। वरिष्ठ समाजसेवी उदित राज नेहरा ने क्षेत्र वासियों से अपील करते हुए कहा है कि मतदान करना हमारा लोकतांत्रिक अधिकार है। अतः सभी मतदाता पहले मतदान फिर जलपान के नारे पर अमल करते हुए अधिक से अधिक संख्या में मतदान करें। ऑल इंडिया जाट समाज सेवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ रूपेश पूनिया ने भी सभी क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि वोट डालना हम सभी का संवैधानिक अधिकार है। अतः इस अधिकार का उपयोग अवश्य करें।

विद्यावती सेवा ट्रस्ट की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ पूनम गर्ग ने सभी लोगों से खास तौर से महिलाओं से मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि महिलाएं पहले मतदान करें उसके बाद अपने घरेलू कामों को अंजाम दें। छाया पब्लिक स्कूल के एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट डॉ अरुण त्यागी ने अपील की है कि युवा वर्ग पूरे जोश के साथ मतदान करें साथ ही बड़े बुजुर्ग और महिला पुरुष भी अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र के इस हवन कुंड में वोट के रूप में अपनी आहुति जरूर डालें।

उत्थान फाउंडेशन की संस्थापक सचिव प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्या डॉ सोनिका जैन ने भी अधिक से अधिक मतदान कर लोकतंत्र के इस महाकुंभ में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु अपील की है।

भारत जन सेवा मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविंद्र चौधरी ने भी दैनिक बुलंद संदेश के माध्यम से अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की है। मॉडर्न एकेडमी के चेयरमैन व वरिष्ठ समाजसेवी चानन लाल ढींगरा ने अपील करते हुए कहा कि चुनाव में मत देने के लिए चाहे किसी भी प्रत्याशी को चुने किंतु मतदान अवश्य करें।

रविंद्र चौधरी

डॉ पूनम गर्ग

डॉ अरुण त्यागी

चानन लाल ढींगरा

उदित राज नेहरा

एड संजीव कौशिक

डॉ रुपेश पूनिया

डॉ सोनिका जैन

लोकसभा चुनाव-2024 : द्वितीय चरण के चुनाव का शोर गुल थमा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

हापुड़। लोकसभा चुनाव 2024 के द्वितीय चरण के चुनाव का प्रचार बुधवार की शाम पांच बजे थम गया। अंतिम दिन प्रत्याशियों के समर्थकों व कार्यकर्ताओ ने जिले की तीनों विधान सभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार में पूरी ताकत झोंक दी। कार्यकताओं ने अपने-अपने प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

- **अंतिम दिन कार्यकताओं वे समर्थकों ने झोंकी पूरी ताकत**
- **26 अप्रैल को जिले की तीनों विधान क्षेत्र में होगा मतदान**
- **1152662 मतदाता प्रत्याशियों के भाग्य फैसला करेंगे**

आपको बता दें,कि लोकसभा चुनाव के द्वितीय चरण में जिले की हापुड़ सदर,गढ़मुक्तेश्वर व धौलाना विधान सभा क्षेत्र में कल 26 अप्रैल को मतदान होगा। जिसमें 1152662 मतदाता अपने वोट का प्रयोग कर मेरठ हापुड़,अमरोहा गढ़मुक्तेश्वर व गाजियाबाद धौलाना सीट पर अपना चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे।

बुधवार को द्वितीय चरण का चुनाव प्रचार शाम पांच बजे थम गया। अंतिम दिन जिले की हापुड़ सदर,गढ़मुक्तेश्वर व धौलाना विधान क्षेत्र में प्रत्याशियों के समर्थकों व कार्यकर्ताओ ने चुनाव प्रचार में पूरी ताकत झोंक दी।

बुधवार को सदर विधायक विजयपाल आढ़ती ने कार्यकर्ताओ व समर्थकों के साथ हापुड़ कचहरी,तहसील व अन्य स्थानों पर भाजपा प्रत्याशी अरुण गोविल के डोर टू डोर जनसंपर्क कर 26 अप्रैल को कमल के फूल के सामने वाला बटन दबाने की अपील की।

विधान सभा	कुल मतदाता
धौलाना	421430
हापुड़	378767
गढ़मुक्तेश्वर	352465
योग	- 1152662

अंतिम कुश्ती जीत हरिओम पहलवान बने विजेता

बुलन्द संदेश ब्यूरो

धौलाना (संजीव वशिष्ठ)। धौलाना तहसील के गांव छज्जूपुर में ललिता देवी मंदिर पर एक भव्य मेले के आयोजन किया गया । जिसमे दूर दूर से आए श्रद्धालुओं ने माता रानी के दर्शन कर उनका गुणगान किया । वही ग्रामीणों की तरफ आयोजि भंडारे में हजारों भक्तो ने प्रसाद ग्रहण कर माता रानी की जयघोष किया । वही मंदिर कमेटी द्वारा एक कुश्ती प्रतियोगिता आयोजित की गयी । जिसमें देश के उच्च स्तर के पहलवानों ने प्रतिभाग किया । कुश्ती प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रदेश के जाने माने और गांव छज्जूपुर निवासी ओजस्वी कवि राजकुमार शिशौदिया एडवोकेट दने पहलवानों का हाथ मिलवाकर किया । इस अवसर पर रेफरी जगवीर सिंह पहलवान,समिति पदाधिकारियों में राजीव राणा, अनूप सिंह, गिरिराज सिंह नेता, बीरेंद्र बंसल, महेंद्र सिंह राणा, धीरेन्द्र सिंह, मनोज शर्मा, प्रवीन शर्मा, वीरेन्द्र सिंह राणा, दीपक शर्मा, प्रेमपाल सिंह, मोहित राणा आदि सहित दूर-दराज से पधारे भारी संख्या में लोग मौजूद रहे । वही अन्तिम कुश्ती में हरिओम पहलवान द्वारा विजय प्राप्त की । जिसे कमेटी द्वारा सम्मानित किया गया ।

ओज कवि राजकुमार शिशोदिया ने दंगल का किया शुभारंभ

वोट लोकतंत्र को मजबूत बनाने से अहम भूमिका निभाता है : डॉ.दीप शिखा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

हापुड़। दीपशिखा संस्थान द्वारा बुधवार को मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर लोकसभा चुनाव में वोट डालने के लिए मतदाताओं को प्रेरित किया गया। संस्थान के सदस्यों ने मतदाता जागरुकता से संबधित पोस्टर व स्टीकर के माध्यम से मतदाताओं को कल 26 अप्रैल को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया।

दीप शिखा संस्था ने मतदाता जागरूकता अभियान चलाया

संस्था के सदस्यों ने स्लोगन लोकतंत्र की सुनो पुकार-मत खोना अपना मत अधिकार,पहले मतदान फिर जलपान, देश के विकास में दो अपना योगदान-हर हाल में करना अपना मतदान आदि के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक कर मतदान करने की शपथ दिलाई गई। संस्थान के अध्यक्ष डाक्टर दीपशिखा ने कहा कि हमारा एक वोट लोकतंत्र को सफल बनाने से बड़ी भूमिका का निर्वहन करता है। सरकार पर सवाल उठाने से अच्छा है कि हम अपने मत का उपयोग कर मजबूत और राष्ट्रवादी सरकार बनाए।

डाक्टर अजय गोयल ने कहा कि लोकतंत्र एक वटवृक्ष है और मतदाता का मत जल अर्पण है। इसलिए अपने अमूल्य मत का प्रयोग जरूर करना चाहिए करें।

संस्थान के परम गोयल ने कहा कि राष्ट्र सर्वोपरि को ध्यान को रखते हुए मजबूत लोकतंत्र एवं सशक्त भारत के लिए शत-प्रतिशत मतदान करना चाहिए। इस अवसर पर संस्थान के डाक्टर अजय गोयल, डाक्टर दीपशिखा गोयल, परम गोयल,अंजली अग्रवाल, इकबाल, रमेश तोमर, सुशील, मिन्टू, योगेन्द्र, रुपचंद आदि मौजूद रहे।

जागरूक इस्लाम में महिलाओं को वोट देने की आजादी दी है: मुफ्ती खालिद

लोकतंत्र मजबूत बनाने को सभी करें मतदान: मौलाना असअद

बुलन्द संदेश ब्यूरो

हापुड़। लोकसभा चुनाव 2024 के द्वितीय चरण में कल 26 अप्रैल को होने जा रहे मतदान के मद्देनजर जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान करने के प्रति जागरूक किया गया। अब मुस्लिम धार्मिक गुरुओं द्वारा भी मस्जिदों में तकरीर कर लोगों से मतदान करने की अपील की जा रही है। जिससे देश में मजबूत सरकार बन सके।

- **काबिल प्रत्याशी को वोट देना सवाब है:मौलाना साद**
- **मतदाता अपने वोट का जरूर प्रयोग करें:कारी सलीम**

मुफ्ती मौलाना खालिद कासमी ने कहा कि राजनीति में फैली गन्दगी को खत्म करने का समय आ गया है। देश व जनता की भलाई के लिए धर्म गुरूओं(उलेमा)को आगे आकर देश की जनता से शत प्रतिशत मतदान करने की अपील करनी होगी। उन्होंने कहा कि राजनीति नेतृत्व मुल्क का भविष्य तय करता है। प्रत्येक स्थिति में मस्जिद के इमाम भी मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जनता से अपील करें। अपने मत का प्रयोग करना प्रत्येक मुस्लिम की (शरई)जिम्मेदारी है। मौलाना ने महिला मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि इस्लाम में महिलाओं को वोट करने की आजादी दी है। अतःउन्हें भी अपने वोट का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। नायब शहर काजी मौलाना असअद कासमी ने कहा कि मतदान को त्यौहार जैसा मनाना चाहिए। सभी मतदान मतदान करने की शपथ लें,और चुनाव में अपने वोट का प्रयोग जरूर करना चाहिए। क्योंकि मतदान प्रतिशत अधिक होने से देश में लोकतंत्र मजबूत होगा। युवा जिनकी पहली बार वोट बनी है,उन्हें अपने वोट का प्रयोग जरूर करना चाहिए। मौलाना साद ने कहा कि अपने अमूल्य वोट गलत प्रत्याशी को देना,इतना बड़ा गुनाह है,जो आसानी से माफ नहीं किया जा सकता है। क्योंकि गलत आदमी को वोट देकर हम नई पीढ़ी का भविष्य गलत आदमी के हाथों में सौंप रहे है। हमें अपने वोट का प्रयोग जरूर करना चाहिए। सच्चा,नेक व काबिल प्रत्याशी को वोट जरूर करना चाहिए।

कारी सलीम आजम ने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि वह लोकसभा चुनाव में अपने वोट का जरूर प्रयोग करें। क्योंकि चुनाव में एक-एक वोट अमूल्य होता है। एक वोट सरकार बनाने व गिराने में अहम होता है।

मौलाना असअद

मुफ्ती खालिद

कारी सलीम आजम

मौलाना साद

एनएसयूआई की छात्र पंचायत आयोजित, कहा केन्द्र मे सरकार आते ही अग्निपथ योजना को निरस्त करेंगे और सभी खाली पड़े पदो को भरने का काम करेंगे

मेरठ (आरएनएस)। चेंबर ऑफ कॉमर्स में एनएसयूआई द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर चलाए जा रहे जय जवान अभियान का छात्र पंचायत का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी एनएसयूआई के राष्ट्रीय सचिव रणवीर सिघांनिया रहे।

कार्यक्रम का आयोजन एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष अलतमस त्यागी ने किया। एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी ने कहा की केन्द्र मे सरकार आते ही अग्निपथ योजना को निरस्त करेंगे और सभी खाली पड़े पदो को भरने का काम करेंगे।

एनएसयूआई के राष्ट्रीय सचिव रणवीर सिंघानिया ने कहा की युवाओं के लिए 30 लाख पदों भरने का काम करेगें, कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस जिलाध्यक्ष अवनीश काजला ने की। कार्यक्रम संचालन महानगर अध्यक्ष जाहिद अंसारी ने किया! कार्यक्रम में एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष रोहित राणा एनएसयूआई जिलाध्यक्ष सहरयाब मुखिया सुमित विकल, जाहिद वाहिद, शोहराब पठान, हर्ष ढाका, प्रंशात चौधरी, जुबैर खान, सोनम, अफरोज, ईमरान अख्तर, डॉ. अशोक आर्य, रिहानुदद्दीन, शिवकुमार शर्मा, यशपाल, रिहान, मुश्तुजाफ, हेमंत, वासु, फरहान, विनय, अमन, अहमद, युहांसा त्यागी, अंकुर, तैय्यब, शोएब, सागर त्यागी आदि उपस्थित रहे।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com

दैनिक बुलन्द संदेश

सम्पादकीय

संकटों से घिरती दुनिया

अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

ईरान-इजराइल युद्ध को लेकर पूरी दुनिया एक बार फिर संकटों से घिरती नजर आ रही है। ईरान ने इजराइल पर अपने ड्रोन और मिसाइलों से प्रतीक्षित पहला प्रत्यक्ष हमला कर दिया है। इजराइल सेना के प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल हगारी के अनुसार ह्यईरान ने 300 से अधिक आत्मघाती ड्रोन, बैलेस्टिक मिसाइलों तथा क्रूज मिसाइलों द्वारा हमला कर दिया है। वास्तव में यह संकटपूर्ण स्थिति है। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने तेल अवीव में युद्ध की घातक स्थिति को ध्यान में रखते हुए अपनी कैबिनेट की बैठक बुलाई और कहा, हमारी रक्षात्मक प्रणाली जहां तैयार, तैनात और तत्पर है वहीं अब हम रक्षात्मक तथा आक्रमणात्मक, दोनों तरह से किसी भी स्थिति के लिए भी पूरी तरह से तैयार हैं। वास्तव में यह तनाव और तनातनी उस समय चरम पर जा पहुंची जब इजराइल के 1 अप्रैल को सीरिया की राजधानी दमिश्क स्थित ईरानी वाणिज्य दूतावास पर हवाई हमले से ईरान के एक वरिष्ठ जनरल सहित सेना के सात अधिकारी मारे गए। उसी दिन इजराइल को दंडित करने की घोषणा, ईरान द्वारा सार्वजनिक रूप से कर दी गई थी। आखिरकार, आशंका हकीकत में बदल गई और ईरान ने इजराइल पर ड्रोन और मिसाइलों से बौछार शुरू कर दी और कहा कि इजराइल ने हमले की जो पहल की थी, उसी का यह जवाब है। संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 51 के आधार पर यदि संयुक्त राष्ट्र के किसी सदस्य के विरु द्ध सशस्त्र हमला होता है, तो वर्तमान चार्टर में कुछ भी व्यक्तिगत या सामूहिक आत्मरक्षा के अन्तर्निहित अधिकार को खराब नहीं करेगा, जब तक कि सुरक्षा परिषद अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए आवश्यक उपाय नहीं करती। ईरान ने इसका ध्यान रखते हुए 13 दिन बाद आखिरकार, इजराइल की कार्रवाई का बदला लिया। इस बहुउद्देशीय हमले का प्रमुख लक्ष्य इजराइल के एअर डिफेंस सिस्टम को कमजोर करना रहा। ईरान ने इस हमले को ऑपरेशन टू प्रॉमिस नाम दिया और कहा कि यह इजराइल के अपराधों की सजा है। इस घटना से सतर्क इजराइल ने अपने आयरन ड्रोन एयर डिफेंस सिस्टम भी एक्टिव किए जो अधिकांश हमलों को नाकाम करने में सफल रहे। ईरानी मिसाइलों ने नेगेव रेगिस्तान में इजराइली एयरबेस को भी तबाह कर दिया। तेहरान की खबर के अनुसार यहीं से इजराइल ने दमिश्क में हमला करके ईरानी दूतावास पर मिसाइलें दागी थीं। इस हमले के बाद इजराइल ने संयुक्त राष्ट्र से ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) को आतंकी संगठन घोषित करने की मांग की। आईआरजीसी ईरानी सशस्त्र बलों की एक शाखा है, जिसकी स्थापना 22 अप्रैल, 1979 को अयातुल्ला रुहोल्ला मोसाबि खुमैनी के आदेश से ईरानी क्रांति के पश्चात की गई थी।

हमास ने इजराइल पर ईरान के हमले का स्वागत किया है, और कहा कि यह एक प्राकृतिक अधिकार और योग्य प्रतिक्रिया है। ईरान ने इजराइल के साथ ही अमेरिका को भी चेतावनी दी है कि इजराइली सैन्य कार्यवाही का समर्थन न करे। ईरानी सशस्त्र बलों के चीफ ऑफ स्टाफ मेजर जनरल मोहम्मद बखेरी ने स्टेट दूरदर्शन को बताया, ह्यअगर इजराइल ने ईरान के विरुद्ध जवाबी कार्रवाई की तो हमारी प्रतिक्रिया आज की सैन्य कार्रवाई से कहीं अधिक बड़ी होगी। यदि अमेरिका इजराइल को सहयोग देगा तो अमेरिकी ठिकानों को भी निशाना बनाया जाएगा। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने इजराइल के प्रधानमंत्री से नेतन्याहू से कहा है कि अमेरिका इजराइल के किसी भी जवाबी हमले का विरोध करेगा और किसी भी जवाबी कार्रवाई में हिस्सा नहीं लेगा। क्या इजराइली प्रधानमंत्री अपनी व्यक्तिगत प्रतिष्ठा के लिए जवाबी कार्रवाई करके दुनिया के लिए संकट का एक नया द्वार खोल देंगे। इजराइल काउंटर कार्रवाई करता है तो निश्चित रूप से युद्ध का सिलसिला बढ़ता ही जाएगा। जल्द थमने का नाम नहीं लेगा।

लेबनानी मीडिया की रिपोर्ट है कि इजराइल ने सीमा से लगभग 100 किलोमीटर दूर हमला किया है जबकि जोर्डन का कहना है कि उसने अपने नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रोजेक्टाइल को रोका है। इजराइल तथा अमेरिका के जेट विमानों ने सीरियाई हवाई क्षेत्र में दर्जनों ईरानी ड्रोनों को मार गिराया और वे सभी लक्ष्य के पूर्व ही निरस्त कर दिए गए। ये दर्जनों ड्रोन और मिसाइल दक्षिण सीरिया के डेरा प्रांत, सीरियाई गोलान हाइट्स और इराक के साथ सीमा पर पूर्वी सीरिया के अनेक स्थानों पर उड़ रहे थे।

भाजपा के 400 पार के नारे पर क्यों बढ़ता जा रहा है संशय



अशोक भाटिया

गुजरात में राजपूतों की आबादी लगभग 17% है और सौराष्ट्र-कच्छ क्षेत्र के कुछ हिस्सों में उनका प्रभाव है। यही हाल पश्चिम यूपी में कई सीटों पर राजपूतों की है।गुजरात में क्षत्रिय समुदाय के नेता राज शेखावत के पार्टी से इस्तीफा देने के बाद भाजपा को बड़ा झटका लगा है। शेखावत करणी सेना के एक गुट के अध्यक्ष भी हैं, ने दावा किया कि चुनाव के लिए टिकट वितरण में भाजपा द्वारा समुदाय की उपेक्षा की जा रही है

भाजपा चनाव से पहले ही 400 पार के नारे का का लक्ष लेकर चल रही है पर पहले चरण के मतदान व उसके मतदान प्रतिशत के गिरावट के कारण लक्ष को प्राप्त करने में संशय उभरता जा रहा है ।भले ही पार्टी इसके लिए कड़ी मेहनत भी कर रही है। प्रधान मंत्री लगातार इसके लिए रैलियां और सभाएं कर रहे हैं। पार्टी के दूसरे नेता भी मेहनत कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए साम- दाम- दंड- भेद सभी नीतियों पर काम कर रही है। कांग्रेस और अन्य पार्टियों के लोग जिस तरह बीजेपी में शामिल हो रहे हैं उससे तो यही लगता है कि देश की संसद विपक्षहीन हो जाएगी। पर इधर कुछ दिनों में बीजेपी के सामने अचानक कुछ अवांछित समस्याएं आ गईं हैं। इन समस्याओं को सुलझाने में पार्टी अभी तक असफल ही दिखाई दे रही है। सबसे पहले बात करें कर्नाटक की तो कर्नाटक की राजनीति में बीजेपी के लिए लिंगायत समुदाय बड़ा आधार रहा है। करीब 17 प्रतिशत आबादी वाला यह समुदाय अगर बीजेपी से नाराज होता है तो पार्टी के लिए कर्नाटक में मुश्किल बढ़ जाएगी। राज्य में लिंगायत समुदाय के बड़े संत जगद्गुरु फकीरा दिंग्लेश्वर महास्वामी ने केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी के खिलाफ निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी ।जिससे भाजपा की टेंशन बढ़ गई ।

डिंगलेश्वर की नाराजगी इस बात को लेकर है कि प्रहलाद जोशी महत्वपूर्ण लिंगायत नेताओं का टिकट कटवा देते हैं। उनका कहना है कि 2023 के विधानसभा चुनावों में पूर्व सीएम जगदीश शेट्टार को टिकट कटने में जोशी की ही भूमिका थी। शेट्टार ने हुबली-धारवाड़ सेंट्रल विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ा लेकिन हार गए। जबकि कांग्रेस ने उन्हें एमएलसी बनाया, अब वह बीएस येदियुरप्पा के सौजन्य से भाजपा में वापस आ गए हैं और अब बेलगाम लोकसभा सीट से पार्टी के उम्मीदवार हैं।

डिंगलेश्वर ने भाजपा नेता केएस ईश्वरप्पा के बेटे केई कांतेश को हावेरी लोकसभा टिकट नहीं मिलने पर भी जोशी पर उंगली उठाई है। बीजेपी के पूर्व डिप्टी सीएम ईश्वरप्पा ने बगावत कर दी है और ऐलान किया है कि वह शिमोगा से निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे।संत ने लिंगायतों के लिए ओबीसी आरक्षण की लंबे समय से चली आ रही मांग को भी उठाया है। इसके अलावा उन्होंने समुदाय के सदस्यों को केंद्र सरकार में प्रमुख पद नहीं देने के लिए भाजपा पर निशाना साधा है।उन्होंने कहा कि लिंगायत समुदाय से नौ सांसद चुने गए लेकिन किसी को भी कैबिनेट मंत्री नहीं बनाया गया। उन्हें केवल केंद्रीय राज्य मंत्री बनाया गया।जाहिर है कि जिस तरह डिंगलेश्वर हमले कर रहे हैं चुनाव के दिन तक वो बीजेपी के खिलाफ माहौल कर सकते हैं। अगर लिंगायतों के चौथाई वोट भी वो काटने में सफल होते हैं बीजेपी की करीब आधा दर्जन सीटें प्रभावित हो जाएंगी।

देखा जाय तो पिछले एक सप्ताह से गुजरात और उत्तर प्रदेश में बीजेपी के खिलाफ राजपूतों ने मोर्चा खोल रखा है।गुजरात में जहां केंद्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला की टिप्पणी को लेकर प्रभावशाली राजपूत समुदाय खुलकर भाजपा के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहा है।वैसे ही पश्चिमी यूपी में गाजियाबाद में वीके सिंह का टिकट कटने के बाद राजपूत महासभा खुलकर बीजेपी के खिलाफ आ गई है। राजपूतों का कहना है कि गाजियाबाद और नोएडा में राजपूतों की बहुलता के बावजूद यहां से किसी राजपूत को टिकट नहीं दिया गया। राजकोट से भाजपा के उम्मीदवार रूपाला द्वारा कई बार माफी मांगने के बावजूद विरोध कम होने का नाम नहीं ले रहा है। यही हाल पश्चिमी यूपी का है केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह , उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार राजपूतों को मनाने में लगे हुए हैं पर सफलता मिलती नहीं दिख रही है।

गुजरात में राजपूतों की आबादी लगभग 17% है और सौराष्ट्र-कच्छ क्षेत्र के कुछ हिस्सों में उनका प्रभाव है। यही हाल पश्चिम यूपी में कई सीटों पर राजपूतों की है।गुजरात में क्षत्रिय समुदाय के नेता राज शेखावत के पार्टी से इस्तीफा देने के बाद भाजपा को बड़ा झटका लगा है। शेखावत करणी सेना के एक गुट के अध्यक्ष भी हैं, ने दावा किया कि चुनाव के लिए टिकट वितरण में भाजपा द्वारा समुदाय की उपेक्षा की जा रही है।भाजपा में सौराष्ट्र क्षेत्र से राजपूत समुदाय से केवल पांच विधायक और एक राज्यसभा सांसद हैं।यहां तक कि गुजरात कैबिनेट में एक उल्लेखनीय क्षत्रिय चेहरे का भी अभाव है। इस बीच क्षत्रिय नेता वासुदेवसिंह गोहिल ने कहा है कि समुदाय चुनाव परिणाम बदलने में सक्षम हैं। पश्चिमी यूपी में भी राजपूत इस बार चुनाव परिणाम बदलने के मुहिम में लग गए हैं। 7 अप्रैल को ननौता गांव में पश्चिमी यूपी के ठाकुर समाज के लोग क्षत्रिय समाज की संघर्ष समिति की ओर से 'क्षत्रिय स्वाभिमान महाकुंभ' में हिस्सा लेने के लिए जुटे। यहां पश्च?मी यूपी ही नहीं राजस्थान और हरियाणा से भी लोग आए थे। बीजेपी के बड़े राजपूत नेताओं की सुलह की कोशिशों के बावजूद 11 अप्रैल को मेरठ के सिसौली में,13 अप्रैल को गाजियाबाद के धौलाना और 16 अप्रैल के सरधना के खेड़ा में क्षत्रिय स्वाभिमान महापंचायत का आयोजन हुआ है इसका असर भी चुनावों पर पड़ने वाला है ।

उत्तर प्रदेश में इधर कुछ महीनों से लगातार बीएसपी को बीजेपी की बी टीम कहकर टारगेट किया जाता रहा है।पर बीएसपी ने इस बार के लोकसभा चुनावों में ऐसा गेम खेला है कि अब कोई भी नहीं कहेगा कि बीएसपी बीजेपी के लिए काम कर रही है। बीएसपी यूपी में ऐसे उम्मीदवार खड़ी कर रही है कि बीजेपी के उम्मीदवारों के लिए मुश्किल खड़ी हो गई है।वेस्ट यूपी की कम से कम एक दर्जन सीटों पर बीएसपी के उम्मीदवार बीजेपी के कोर वोटर्स हैं। जाहिर है कि ये बीजेपी का ही वोट काटने का काम करेंगे। जैसा कि उम्मीद की जा रही थी कि बीएसपी ऐसे उम्मीदवारों को टिकट देगी जो समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के लिए नुकसानदेह साबित होंगे। पर सहारनपुर, अमरोहा और कन्नौज को छोड़कर बीएसपी ने कहीं से भी ऐसे उम्मीदवार नहीं खड़े किए हैं जो बीजेपी को फायदा पहुंचा सके। इसके उलट बीएसपी ने ऐसे उम्मीदवार खड़े किए हैं जो बीजेपी या आरएलडी के लिए और मुश्किल तय करेंगे।मेरठ , बिजनौर, पीलीभीत, कैराना , मुजफ्फरनगर , बागपत आदि में बीएसपी ने ऐसे कैंडिडेट तय किए हैं जो केवल बीजेपी को कमजोर कर रहे हैं।

मोदी-शाह की जोड़ी का यह कमाल रहा है कि टिकट न मिलने पर भी असंतुष्ट बागी नहीं हो रहे थे। पर इस बार लोग टिकट न मिलने पर मुंह खोल रहे हैं। हरियाणा - राजस्थान , कर्नाटक , बिहार हर जगह असंतोष देखने को मिल रहा है। हरियाणा में टिकट न मिलता देख पहले बिजेंद्र सिंह गए उसके बाद उनके पिता चौधरी विरेंद्र सिंह भी कांग्रेस में वापसी कर ली। कर्नाटक भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के वरिष्ठ नेता के.एस. ईश्वरप्पा पूर्व मुख्यमंत्री बी.एस. येदियुरप्पा के खिलाफ मोर्चा खोल लिया है। ईश्वरप्पा ने पहले भी येदियुरप्पा और उनके परिवार पर आरोप लगाते रहे हैं। ईश्वरप्पा ने घोषणा की है कि वे शिवमोगा निर्वाचन क्षेत्र में भाजपा के आधिकारिक उम्मीदवार और मौजूदा सांसद बी.वाई. राघवेंद्र (येदियुरप्पा के बेटे) के खिलाफ निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे। वे यहां तक कह चुके हैं कि वे पीछे नहीं हटेंगे भले ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनके घर आ जाएं।बिहार में केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे ने भी टिकट कटने की अपनी कसक दिखाई है। जाहिर है कि मन से चुनाव प्रचार में अभी तक उतर नहीं सके हैं।राजस्थान में 2 बार भाजपा सांसद रहे राहुल कस्वां ने न केवल कांग्रेस का हाथ थाम लिया है बल्कि उन्हें कांग्रेस ने टिकट भी दिया ।वैसे जानकर सूत्रों का कहना है कि मोदी व शाह कि जोड़ी है तो वह सब संभाल लेंगे ।

आओ करें मिलकर मतदान

मेरा भारत मेरी शान
मेरा दिलबर मेरी जान
कण कण पे मैं वारी जाऊँ
मेरा सब कुछ है कुरबान....

लोकतंत्र का पर्व है आया
चारों ओर नशा सा छाया
आओ करें मिलकर मतदान ...

वोट डालने मिलकर जाओ
भेद भाव, सब द्वेष मिटाओ
सब का होगा फिर कल्याण...
मेरा भारत, मेरी शान.....
आओ करें मिलकर मतदान

साफ स्वछ सरकार बनाओ
वोट की अपने शक्ति दिखाओ
जाति धरम की छेड़ो न तान....
मेरा भारत बना महान
दुनिया में बदली पहचान।

मकसूद जालिब

अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।
bulandsandesh@ gmail.Com

वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

पांव में पाउडर लगाकर सॉक्स पहनने से क्या पैरों को मिलता है आराम ?

गर्मियों के दिनों में लोगों को पांव में मोजे पहनने से काफी दिक्कत होती हैं। कई लोग पैरों में फुंसियां, जलन जैसी चीजों से परेशान रहते हैं। गर्मी के मौसम में अधिकतर लोग सॉक्स पहनने से कतराते हैं। लेकिन ऑफिस या किसी काम से बाहर जाते वक्त सॉक्स पहनना बेहद जरूरी हो जाता है। ऐसे में कई लोग पैरों को कुल रखने के उपाय ढूंढते हैं। अगर आप भी अपने पैरों को मुलायम रखना चाहते हैं, तो यह खबर आपके लिए है। आज हम आपको ऐसी ट्रिक के बारे में बताएंगे जिन्हें फॉलो कर आप अपने पैरों को गर्मी के मौसम में स्वस्थ रख सकते हैं। आईए जानते हैं इसके बारे में।

त्वचा को स्वस्थ रखने के लिए आप पैरों को अच्छी तरह से धोएं, धुले हुए सॉक्स पहने, सॉक्स को रिपीट न पहने, कोशिश करें मोजे थोड़े ढीले रहे, पैरों पर रोजाना मॉइश्चराइजर लगाएं, पांव में पाउडर लगाकर सॉक्स पहनना थोड़ी देर के लिए आराम दे सकता है। लेकिन यह एक स्थायी समाधान नहीं है। अगर इन उपायों को करने के बाद भी आपको एलर्जी जैसा लगता है, तो डॉक्टर की सलाह जरूर लें

पांव में पाउडर के फायदे

पांव में पाउडर लगाकर सॉक्स पहनने से पैरों को थोड़ी देर के लिए आराम मिल सकता है। इसके कई फायदे होते हैं जैसे पाउडर नमी को सोख लेता है, जिससे पैरों में फफोले और खुजली नहीं होती है। गर्मी के दिनों में सॉक्स पहनने पर जो फुंसियां होने लगती है, उन फुंसी से भी पाउडर छुटकारा दिलाता है।

पाउडर त्वचा और सॉक्स के बीच में घर्षण को कम करता है। पाउडर की मदद से पैरों में होने वाले छाले और जलन से छुटकारा पा सकते हैं। इसके अलावा जब लोग शूज उतार कर कुछ काम करते हैं, तो उनके पैरों से बदबू आने लगती है। वहीं पाउडर लगाने से इस बदबू को कम किया जा सकता है।

हो सकते हैं ये नुकसान

लेकिन इसके कुछ नुकसान भी हो सकते हैं। कई लोगों को पाउडर की वजह से फंगस और बैक्टीरिया जैसे संक्रमण हो सकते हैं। कुछ लोगों को पाउडर से एलर्जी हो सकती है, जिससे उनके पैरों में जलन होने लगती है। पाउडर त्वचा और सॉक्स में जमी गंदगी को पैदा करता है।

इन बातों का रखें ध्यान

त्वचा को स्वस्थ रखने के लिए आप पैरों को अच्छी तरह से धोएं, धुले हुए सॉक्स पहने, सॉक्स को रिपीट न पहने, कोशिश करें मोजे थोड़े ढीले रहे, पैरों पर रोजाना मॉइश्चराइजर लगाएं, पांव में पाउडर लगाकर सॉक्स पहनना थोड़ी देर के लिए आराम दे सकता है। लेकिन यह एक स्थायी समाधान नहीं है। अगर इन उपायों को करने के बाद भी आपको एलर्जी जैसा लगता है, तो डॉक्टर की सलाह जरूर लें।

गुरुवार का राशिफल

मेष — घर में लोगों की जरुरतों का ध्यान रखें, संतान सरकारी सेवा के लिए तैयारी करेगी, कृषि कार्य में परेशानी सम्भव है। भाग्य प्रतिशत-59

वृषभ — मित्र संबंधों में सुधार होगा, पेंट, फर्नीचर कार्य में थोड़ी परेशानी होगी, शेयर मार्केटिंग का निवेश सुखद रहेगा।
भाग्य प्रतिशत-55

मिथुन — घर में बड़ों की अधिक चलेगी, एजेंट है या ठेके पर कार्य करते है तो कस्टमर से कार्य मिलेगा,वाणी द्वारा कार्य बनेंगे।
भाग्य प्रतिशत-63

कर्क — नौकरी का इंटरव्यू सफल रहेगा, जिम्मेदारी बढ़ेगी, सरकारी अधिकारी की लोकप्रियता बढ़ेगी, वन विभाग के लोगों का कार्य बढ़ेगा।
भाग्य प्रतिशत-60

सिंह — प्लॉट को खरीद सकते है, कार्य व्यवसाय शुरू करेंगे, दहेज सम्बन्धी विवाद केस में बदल सकता है, क्राइम रिपोर्टर उन्नति करेंगे।
भाग्य प्रतिशत-77

कन्या — करियर की अटकलें अब दूर होंगी, उल्टे सीधे निवेश से बचे, नौकरी करना उत्तम रहेगा, स्वयं की उलझन सोच से बचे। भाग्य प्रतिशत-56

तुला — एक साथ कोई दूसरा कार्य आरंभ कर सकते है,सम्पत्ति में निवेश करेंगे, फर्निशिंग कार्य, केटरिंग हलवाई कार्य लाभ देगा।
भाग्य प्रतिशत-69

वृश्चिक — लोकप्रियता बढ़ेगी, मीडिया में राइटिंग करते है तो उन्नती करेंगे, किसी व्यक्ति का जीवन में आगमन सम्भव है। भाग्य प्रतिशत-71

धनु — संतान प्राप्ति का योग है, कार्य को सेटल करने में खर्चा बढ़ेगा, डिप्रेशन है तो गंभीरता से ले।
भाग्य प्रतिशत-65

मकर — वाणी सम्बन्धित, मैग्जीन, प्रोमोशन, समान डिलिवरी कार्य लाभ देगा, अनावश्यक टेंशन ना ले, पत्नी के परिवार से बरताव अच्छा रखें।
भाग्य प्रतिशत-71

कुंभ — रोग से परेशान रहेंगे, कार्य करते समय आत्मविश्वास बनाए रखें, दूर की यात्रा करनी पड़ सकती है, शिक्षा का लाभ होगा।
भाग्य प्रतिशत-55

मीन — किताब,प्रिंटिंग कार्य में समान खराब ना हो ध्यान रखें, शोधार्थी है तो दिन व्यस्त रहेगा, गैस, पेट रोग, एसिडिटी ना हो तो अच्छा भोजन ले।
भाग्य प्रतिशत-51

अशनिका शर्मा ज्योतिष।
हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

10वीं कक्षा के बाद व्यावसायिक पाठ्यक्रम के साथ रोजगार के अवसर



विजय गर्ग

आमतौर पर सभी भारतीय माता-पिता अपने बच्चों को कम से कम 10वीं कक्षा तक पढ़ाने की कोशिश करते हैं। लेकिन, नौकरियों के माहौल और अन्य आवश्यकताओं की समीक्षा करने के बाद, उन माता-पिता और उनके बच्चों को अवसरों की कमी और अवसरों के प्रति जागरूकता के बारे में पता चलता है। इसलिए, लोग जानना चाहते हैं कि "10वीं के बाद क्या करें?" 10वीं के बाद क्या करें?- 10वीं के बाद अलग-अलग करियर विकल्प यदि आप भी इसके बारे में जानना चाहते हैं, तो कृपया इस लेख के अंत तक हमारे साथ बने रहें, क्योंकि, इस लेख में, हम आपको ह्व10वीं के बाद क्या करेंह्व के बारे में सभी संबंधित जानकारी प्रदान करने जा रहे हैं। ?ह्व निम्नलिखित सर्वश्रेष्ठ करियर विकल्प हैं जिन्हें एक छात्र 10वीं कक्षा उत्तीर्ण करने के बाद चुन सकता हैः 01. इंजीनियरिंग तकनीशियन आप 10वीं कक्षा के बाद इंजीनियरिंग में डिप्लोमा कर सकते हैं और इंजीनियरिंग तकनीशियन बन सकते हैं। वे उत्पादों और उपकरणों के विकास, डिजाइन और परीक्षण के लिए इंजीनियरों के साथ काम करते हैं। 02. चिकित्सा प्रयोगशाला तकनीशियन चिकित्सा प्रयोगशाला तकनीशियन नमूने एकत्र करते हैं और शरीर के तरल पदार्थ, ऊतकों और कोशिकाओं का विश्लेषण करने के लिए परीक्षण करते हैं। लैब तकनीशियन बनने के लिए आप 10वीं कक्षा के बाद मेडिकल प्रयोगशाला प्रौद्योगिकी में डिप्लोमा कर सकते हैं। 03. ग्राफि क डिजाइनर ग्राफिक डिजाइन में करियर के लिए रचनात्मकता और विस्तार पर नजर रखने की आवश्यकता होती है। आप 10वीं कक्षा के बाद ग्राफिक डिजाइनिंग में डिप्लोमा कर सकते हैं। 04. ऑटोमोबाइल मैकेनिक आप 10वीं कक्षा के बाद ऑटोमोबाइल टेक्नोलॉजी में डिप्लोमा कोर्स करके ऑटोमोबाइल मरम्मत और रखरखाव कौशल सीख सकते हैं। 05. ब्यूटीशियन आप 10वीं कक्षा के बाद कॉस्मेटोलॉजी में डिप्लोमा कोर्स करके मेकअप, हेयर स्टाइलिंग और त्वचा की देखभाल की विभिन्न तकनीकें सीख सकते हैं। 06. वेब डिजाइनर वेब डिजाइनिंग में वेबसाइट और वेब पेज बनाना शामिल है। आप 10वीं कक्षा के बाद वेब डिजाइनिंग में डिप्लोमा कर सकते हैं। 07. डिजिटल मार्केटिंग सोशल मीडिया और ई-कॉमर्स के विकास के साथ, डिजिटल मार्केटिंग एक आवश्यक करियर विकल्प बन गया है। आप 10वीं कक्षा के बाद डिप्लोमा कोर्स करके डिजिटल मार्केटिंग कौशल सीख सकते हैं। 08. फैशन डिजाइनर आप 10वीं कक्षा के बाद फैशन डिजाइनिंग में डिप्लोमा कोर्स कर सकते हैं और फैशन डिजाइनर बन सकते हैं। 09. पत्रकारिता यदि आपमें लेखन और संचार का शौक है, तो आप 10वीं कक्षा के बाद पत्रकारिता में डिप्लोमा कर सकते हैं। यह क्षेत्र प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल मीडिया में अवसर प्रदान करता है। 10. कानून यदि आपकी रुचि कानूनी क्षेत्र में है, तो आप 10वीं कक्षा के बाद कानून में डिप्लोमा कर सकते हैं। यह क्षेत्र कानूनी अभ्यास, कॉर्पोरेट कानून और सामाजिक न्याय में अवसर प्रदान करता है। 10वीं के बाद क्या करें? 10वीं कक्षा के बाद सर्वोत्तम करियर विकल्प4.1 11. उद्यमिता यदि आपके पास एक नवीन विचार और व्यवसाय के प्रति जुनून है, तो आप 10वीं कक्षा के बाद अपना उद्यम शुरू कर सकते हैं। आप उद्यमिता में डिप्लोमा कोर्स करके व्यावसायिक कौशल सीख सकते हैं। 12. आतिथ्य उद्योग आतिथ्य उद्योग में होटल, रेस्तरां और अन्य संबंधित क्षेत्र शामिल हैं। आप 10वीं कक्षा के बाद आतिथ्य प्रबंधन में डिप्लोमा कोर्स कर सकते हैं। 13. एनीमेशन यदि आप एनीमेशन और विजुअल इफेक्ट्स बनाने में रुचि रखते हैं, तो आप 10वीं कक्षा के बाद एनीमेशन में डिप्लोमा कर सकते हैं। यह क्षेत्र गेमिंग, फिल्म और विज्ञापन में अवसर प्रदान करता है। 14. मेडिकल आप मेडिकल प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर सकते हैं और स्वास्थ्य सेवा उद्योग में अपना करियर बना सकते हैं। यह क्षेत्र डॉक्टर, नर्स, फिजियोथेरेपिस्ट या मेडिकल जैसे विविध करियर विकल्प प्रदान करता हैतकनीशियन। 15. वास्तुकला आप 10वीं कक्षा के बाद आर्किटेक्चर में डिप्लोमा कर सकते हैं और आर्किटेक्ट बन सकते हैं। यह क्षेत्र डिजाइन, योजना और निर्माण में आकर्षक अवसर प्रदान करता है। 10वीं के बाद क्या करें- 10वीं के बाद वोकेशनल कोर्स 10वीं कक्षा के बाद विभिन्न व्यावसायिक पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं। उनमें से कुछ इस प्रकार हैंः इलेक्ट्रीशियनः इलेक्ट्रीशियन में डिप्लोमा पाठ्यक्रम विद्युत सर्किट, वायरिंग और सुरक्षा प्रथाओं में प्रशिक्षण प्रदान करता है। इस कोर्स को पूरा करने के बाद आप विभिन्न उद्योगों में इलेक्ट्रीशियन के रूप में काम कर सकते हैं। वेल्डिंगः वेल्डिंग में डिप्लोमा पाठ्यक्रम वेल्डिंग तकनीक, सुरक्षा प्रथाओं और गुणवत्ता नियंत्रण में प्रशिक्षण प्रदान करता है। इस कोर्स को पूरा करने के बाद, आप निर्माण, जहाज निर्माण या ऑटोमोबाइल जैसे विभिन्न उद्योगों में वेल्डर के रूप में काम कर सकते हैं। प्लंबिंगः प्लंबिंग में डिप्लोमा कोर्स प्लंबिंग उपकरण, तकनीक और सुरक्षा प्रथाओं में प्रशिक्षण प्रदान करता है। इस कोर्स को पूरा करने के बाद आप विभिन्न उद्योगों में प्लंबर के रूप में काम कर सकते हैं। बढ़ईगीरीः बढ़ईगीरी में एक डिप्लोमा पाठ्यक्रम बढ़ईगीरी उपकरण, तकनीक और सुरक्षा प्रथाओं में प्रशिक्षण प्रदान करता है। इस कोर्स को पूरा करने के बाद, आप निर्माण, फर्नीचर या इंटीरियर डिजाइन जैसे विभिन्न उद्योगों में बढ़ई के रूप में काम कर सकते हैं। सौंदर्य और कल्याणः सौंदर्य और कल्याण में डिप्लोमा पाठ्यक्रम मेकअप, हेयर स्टाइलिंग और त्वचा देखभाल में प्रशिक्षण प्रदान करता है।

इस कोर्स को पूरा करने के बाद आप ब्यूटीशियन, हेयर स्टाइलिस्ट या त्वचा देखभाल विशेषज्ञ के रूप में काम कर सकते हैं। होटल प्रबंधनः होटल प्रबंधन में डिप्लोमा पाठ्यक्रम आतिथ्य प्रबंधन, भोजन और पेय सेवा और हाउसकीपिंग में प्रशिक्षण प्रदान करता है। इस कोर्स को पूरा करने के बाद आप होटल इंडस्ट्री में मैनेजर या एग्जीक्यूटिव के तौर पर काम कर सकते हैं। वेब डिजाइनिंगः वेब डिजाइनिंग में डिप्लोमा कोर्स वेबसाइट विकास, प्रोग्रामिंग और वेब ग्राफिक्स में प्रशिक्षण प्रदान करता है। इस कोर्स को पूरा करने के बाद आप वेब डिजाइनर, वेब डेवलपर या ग्राफिक डिजाइनर के रूप में काम कर सकते हैं। फोटोग्राफीः फोटोग्राफी में डिप्लोमा कोर्स इन-कैमरा तकनीक, प्रकाश व्यवस्था और फोटो संपादन का प्रशिक्षण प्रदान करता है। इस कोर्स को पूरा करने के बाद आप फोटोग्राफर, फोटो जर्नलिस्ट या फोटो एडिटर के रूप में काम कर सकते हैं। ऑटोमोबाइल रिपेयरिंगः ऑटोमोबाइल रिपेयर में डिप्लोमा कोर्स वाहन रखरखाव, मरम्मत और निदान में प्रशिक्षण प्रदान करता है। इस कोर्स को पूरा करने के बाद आप ऑटोमोबाइल मैकेनिक, तकनीशियन या सेवा सलाहकार के रूप में काम कर सकते हैं। 10वीं के बाद सही स्ट्रीम चुनने का महत्व 10वीं कक्षा के छात्रों को अपनी 11वीं और 12वीं कक्षा के लिए एक स्ट्रीम चुननी होगी। सभी भारतीय शिक्षा बोर्डों में आम तौर पर चार स्ट्रीम हैंः विज्ञान, वाणिज्य, कला और व्यावसायिक। 10वीं के बाद सही स्ट्रीम चुनना महत्वपूर्ण है क्योंकि यह एक छात्र के करियर की नींव रखता है। प्रत्येक स्ट्रीम का अपना विषय, कौशल और करियर विकल्प होता है। छात्रों के लिए ऐसी स्ट्रीम चुनना आवश्यक है जो उनकी रुचियों, योग्यता और करियर लक्ष्यों के अनुरूप हो। गलत स्ट्रीम से भ्रम, रुचि की कमी और कम शैक्षणिक प्रदर्शन हो सकता है। इसलिए, निर्णय लेने से पहले माता-पिता, शिक्षकों और करियर परामर्शदाताओं के साथ शोध और परामर्श करना महत्वपूर्ण है। यदि मौद्रिक पहलू चिंता का विषय है, तो किसी को याद रखना चाहिए कि सभी धाराएं लंबे समय में समान वित्तीय स्थिरता देती हैं। 10वीं के बाद सही स्कूल/कॉलेज का चयन कैसे करें? 10वीं के बाद सही स्कूल या कॉलेज का चयन शैक्षणिक प्रतिष्ठा, संकाय, बुनियादी ढांचे, सुविधाओं और स्थान जैसे विभिन्न कारकों पर निर्भर करता है।

फिर भरोसा जताया जिलाधिकारी ने कर्मठ कर्मियों पर, दूसरे चरण की हुई शुरूआत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

मेरठ। लोक सभा चुनाव-2024 की गंभीरता को लेकर जिलाधिकारी मेंरठ दीपक मीणा ने एक बार फिर विगत विधान सभा क्षेत्रों के कार्य को सही अंजाम देने वाले कर्मठ कर्मचारियों पर भरोसा जताया है।उन्होंने लोकसभा क्षेत्र मेरठ-हापुड़,बागपत के चुनावीं कार्य को निबटाने के लिए फिर उन्हीं कर्मचारियों की तैनाती की है।याद रहे की प्रथम चरण के चुनाव में जिला मुजफ्फरनगर व बिजनौर लोक सभा सीटों के चुनाव निबट गए हैं।जिसमें विधान सभा सरधना व हस्तिनापुर को चुनाव के लिए सम्मिलित किया गया था।इसके बाद दूसरे चरण में मेंरठ-हापुड़ व बागपत जिले की लोकसभा सीटों का चुनाव 26अप्रैल को होना है।जिसमें विधान सभा क्षेत्र-मेंरठ शहर,मेंरठ कैंट व किठौर के अलावा लोक सभा सीट जिला बागपत के लिए विधान सभा क्षेत्र-सवाल खास का चुनाव में शामिल किया गया है।जिसके लिए एक बार फिर उन्हीं कर्मचारियों की मुश्तैदी बढ़ा दी गई है,जिन्होंने विगत विधान सभा क्षेत्रों के कार्य को सुचारू रूप से संपन्न कराया है।दूसरी ओर इन विधान सभाओं के चुनाव के लिए सभी कर्मचारियों को उप-जिलाधिकारी महेश प्रसाद दीक्षित के द्वारा सभी कर्मचारियों को बाखुबी चुनावीं प्रशिक्षण दिया जा चुका है।सभी विधान-सभा क्षेत्रों की पोलिंग पार्टियां बृहस्पतिवार (कल) को विक्टोरिया पार्क मेंरठ से सामग्री प्राप्त कर अपने- अपने बूथों की ओर रवाना होंगी। चुनाव शांतिपूर्वक कराने के लिए सभी जोनल मजिस्ट्रेटों व सेक्टर मजिस्ट्रेटों को जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सख्त की हिदायत दी गई है।

विद्युत विभाग की लापरवाही से किसान की सात बीघा फसल स्वाहा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

कांधला। थाना क्षेत्र के गांव खेड़ा कुर्तान में एक किसान की सात बीघा गेहूं की फसल जल कर राख हो गई, पीड़ित किसान ने विद्युत विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाकर प्रदेश सरकार को पत्र भेज कर मुआवजे की मांग एवं थाने पर तहरीर देकर विद्युत विभाग के विरुद्ध अभियोग दर्ज कराने की मांग की है।

बुधवार को थाना क्षेत्र के गांव खेड़ा कुर्तान निवासी मुगेशूदिन पुत्र हकीमुद्दीन ने बताया कि उसके खेत के ऊपर से विद्युत विभाग के द्वारा एचटी लाइन गुजर रही है। जिसके तार कई वर्षों से जर्जर हालत में हैं, पीड़ित किसान ने कई बार तार बदलवाने की शिकायत विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों से की है। पीड़ित किसान का कहना हैं, की शिकायत के बाद भी विद्युत विभाग ने जर्जर तार नहीं बदले। बुधवार को पीड़ित किसान ने अपनी गेहूं की फसल इकट्ठा कर रखी थी और मशीन से निकलने की तैयारी कर रहा था। तभी अचानक से विद्युत तारों में चिंगारी उठ गई और विद्युत विभाग के तारों से उठी चिंगारी किस की फसल में जा गिरी, और देखते ही देखते किसान की सात बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। किसान के खेत में लगी आग को देखकर मौके पर दर्जनों ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए और ग्रामीणों ने घंटों के प्रयास के बाद आग पर काबू पाया। मगर तब तक किस की फसल जलकर राख हो गई। पीड़ित किसान ने प्रदेश सरकार को पत्र भेज कर मुआवजे की मांग की है, और थाने पर तहरीर देकर विद्युत विभाग के लापरवाह अधिकारियों के विरुद्ध अभियोग दर्ज कराने की मांग की है।

चुनाव प्रचार के अंतिम दिन आज रोड शो निकाल कर किया शक्ति प्रदर्शन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

मेरठ! मेरठ- हापुड लोकसभा से समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन की संयुक्त प्रत्याशी श्रीमती सुनीता वर्मा पूर्व महापौर नगर निगम मेरठ पत्नी योगेश वर्मा पूर्व विधायक चुनाव प्रचार के अंतिम दिन आज रोड शो बेगमपुर से शुरू होकर विभिन्न मार्गो से होता हुआ रोहता रोड पर रोड शो का समापन हुआ। जली कोची कोठी छतरी वाला पीर पर मोहम्मद चांद शमसुद्दीन कुरैशी कांग्रेस नेता अकरम सैफी खैर नगर पत्थर वाली मस्जिद के पास में मुशीर खान महमूद इकबाल हाजी आरिफ अंसारी पूर्व पार्षद अफजल सैफी बुढ़ाना गेट चौराहे हिफजुर रहमान अंसारी शाह आलम रईसुद्दीन कुरैशी हबीब कुरैशी नसीम सलमानी इंदिरा गांधी चौक पर पूर्व पार्षद अफजल सैफी नईम खान भूरा हाजी आफत इम्तियाज शाह पीर गेट पर अयाज अहमद एडवोकेट गुफरान आलम अंसारी हाजी

रोड शौ बेगमपुर से शुरू होकर विभिन्न मार्गो से होता हुआ रोहता रोड पर रोड शो का समापन हुआ

मेराजुद्दीन अंसारी आरिफ अंसारी रियाज बाबू कुरैशी हाजी नूर मोहम्मद सैफी सनी लोधी सिद्धांत सिंह जाटव हापुड़ अड्डा चौराहे पर आदिल सिद्दीकी हाजी सरताज कुरैशी पूर्व पार्षद संदीप टीटोरिया राकेश प्रजापति पूर्व पार्षद अफजल सैफी गोला कुआं चौराहे पर हाजी आदिल अंसारी मशीन अंसारी इशरत अंसारी पहलाद नगर चौराहे पर विजय राठी शकीर सैफी सलीम चौधरी भूमिया के पुल पर श्रीमती संगीता राहुल इरफान सैफी लाल सुमेर कुरेशी ताज मोहम्मद सैफी हाजी डब्बू चौधरी चांद अब्बासी ताहिर अब्बासी आदि ने फूल माला पहनकर एवं रोड शो में शामिल लोगों को केले वितरण कर पानी का वितरण किया गया और गर्म जोशी से फूल माला बनाकर अखिलेश यादव जिंदाबाद राहुल गांधी जिंदाबाद अरविंद केजरीवाल जिंदाबाद शरद पवार जिंदाबाद लालू प्रसाद यादव जिंदाबाद फारूक अब्दुल्ला जिंदाबाद ममता बनर्जी जिंदाबाद के गगन भेजी नई लगातार रोड शो का स्वागत किया गया।

स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय को मिला देश के शीर्ष विश्वविद्यालय का सम्मान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

मेरठ (जावेद अब्बासी)। स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय को नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में सीएसआर ग्रुप द्वारा देश के शीर्ष विश्वविद्यालय के

सीएसआर ग्रुप द्वारा दिया गया शीर्ष विश्वविद्यालय का सम्मान

सम्मान से सम्मानित किया गया।

सरदार पटेल सुभारती लॉ कॉलिज के डीन डॉ. वैभव गोयल भारतीय को सीएसआर ग्रुप के चेयरमैन एस.के.सचदेवा ने देश के शीर्ष विश्वविद्यालय का सम्मान प्रदान किया।समारोह को संबोधित करते हुए सुभारती लॉ कॉलिज के डीन डॉ. वैभव गोयल भारतीय ने सीएसआर ग्रुप को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय उच्च गुणवत्ता युक्त शिक्षा युवाओं के उत्थान हेतु प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा कि सुभारती विश्वविद्यालय शिक्षा, चिकित्सा एवं अनुसंधान के साथ भारतीय संस्कारों को प्रोत्साहित कर रहा है। इसके साथ ही विधि के क्षेत्र में संविधान के मूल्यों को आत्मसात करते हुए अपने विद्यार्थियों में विधिक ज्ञान रोपित कर न्यायिक व्यवस्था को सशक्त बनाने का कार्य किया जा रहा है।कुलपति मेजर जनरल डॉ. जी.के. थपलियाल ने स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय को देश के शीर्ष विश्वविद्यालय का सम्मान मिलने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय शिक्षा, सेवा, संस्कार एवं राष्ट्रीयता के मंत्र से देशहित में कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि सुभारती विश्वविद्यालय शिक्षा में गुणवत्ता देने एवं विद्यार्थियों में कौशल विकास पर अधिक बल देता है ताकि पढ़ाई पूरी होने पर छात्र छात्राएं रोजगार प्राप्त कर देश हित में अपनी योग्यता से सराहनीय कार्य कर सकें। उन्होंने बताया कि सुभारती विश्वविद्यालय में विभिन्न देशों के छात्र छात्राएं भी अध्ययन कर रहे है और भारतीय संस्कृति एवं सुभारती विश्वविद्यालय की शौक्षिक गुणवत्ता से लाभान्वित हो रहे है।मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ.शल्या राज ने सम्मान मिलने पर हर्ष प्रकट करते हुए कहा कि यह बड़े गौरव की बात है, कि स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय को देश के शीर्ष विश्वविद्यालय का सम्मान प्राप्त हुआ है। उन्होंने विशेष कहा कि सुभारती विश्वविद्यालय हमेशा से ही शिक्षा के हर क्षेत्र में देश हित के उद्देशों से कार्य कर रहा है। उन्होंने विश्वविद्यालय परिवार को बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान विश्वविद्यालय के आदर्शों का सम्मान है।इस अवसर पर प्रतिकुलपति डॉ. अभय शंकरगौड़ा कुलसचिव ग्रुप कैप्टन एम याकूब पीपीडी निदेशक ई. आकाश भटनागर आदि ने हर्ष प्रकट करते हुए अपनी शुभकामनाएं दी।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया मतगणना केन्द्र सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में बने स्ट्रांग रूम व कंट्रोल रूम का निरीक्षण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

मेरठ (जावेद अब्बासी)। जनपद में लोक सभा चुनाव को शांतिपूर्ण निष्पक्ष एवं सकुशल संपन्न कराए जाने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी

- **जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सामान्य प्रेक्षक के समक्ष किया गया ऑनलाईन रैण्डमाइजेशन**
- **लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय के सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी व एसएसपी ने की ब्रीफिंग**

दीपक मीणा के कुशल निर्देशन में लगातार कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। बुधवार को एनआईसी मेरठ में 10-मेरठ लोकसभा क्षेत्र की ई०वी०एम० वी०वी०पैट मशीनों का ऑनलाईन रैण्डमाइजेशन जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी दीपक मीणा द्वारा सामान्य प्रेक्षक गुरिन्दर पाल सिंह सहुता के समक्ष किया गया। वही चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय के सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक मीणा व एसएसपी रोहित सिंह सजवाण द्वारा पुलिस बल के कर्तव्यो के संबंध में ब्रीफिंग की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि 10-मेरठ लोकसभा क्षेत्र के निर्वाचन हेतु पोलिंग पार्टी विक्टोरिया पार्क से रवाना होगी। उन्होने सभी अधिकारियो को समय से अपने गन्तव्य स्थल पर पहुचने के लिए कहा।जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक मीणा ने मतगणना केन्द्र सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में मतदान के उपरांत ईवीएम मशीन सुरक्षित एवं व्यवस्थित ढ़ग से जमा कराये जाने के दृष्टिगत स्ट्रांग रूम तथा वहां बने कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। उन्होने वहां की जा रही व्यवस्थाओ का जायजा लिया व संबंधित अधिकारियो को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।अपर जिलाधिकारी प्रशासन/उप जिला निर्वाचन अधिकारी बलराम सिंह ने बताया कि जनपद में एफएसटी (उडन दस्ता)/एसएसटी व पुलिस विभाग की गठित टीमो द्वारा दिनांक 24.04.2024 को 5 लीटर शराब अंकन 1300/- का जब्तीकरण किया गया। जनपद में आदर्श आचार सहिता का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जा रहा है।

हरियाली संरक्षण ट्रस्ट ने पृथ्वी दिवस पर पौधे लगाकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के परीक्षा में सफल मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

सरधना (जावेद अब्बासी)। पृथ्वी दिवस के अवसर पर आगा खालिद शाह फाउंडेशन व हरियाली संरक्षण ट्रस्ट द्वारा आगा अली शाह के आवास पर पौधा रोपण पौधै वितरण व पृथ्वी पर्यावरण व जल संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।साथ ही कार्यक्रम में यू.पी बोर्ड के सरधना के हाई स्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ अंक पाकर सरधना क्षेत्र का नाम रोशन करने वाले छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया ।

अध्यक्षता इरफान सिद्दीकी ने करते हुए बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पर्यावरण धर्म समिति के अध्यक्ष एड. जितेंद्र पांचाल शिक्षक दीपक शर्मा डॉ महेश सोम अनिल मौर्य जीशान कुरैशी राशिद कुरैशी निरंजन शास्त्री नौमान रिजवी मास्टर आस मोहम्मद फुरकान अहमद आदिल आदि ने बच्चों का उत्साह वर्धन कर पृथ्वी पर अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की।

इस मौके पर जितेंद्र पांचाल ने कहा जिस तरह से पृथ्वी का दोहन किया जा रहा है इस तरह से एक दिन पृथ्वी आग का गोला बन जाएगी और हमारे पास कोई उपाय नहीं बचेगा अतःहमें अधिक से अधिक वृक्ष लगाने होंगे और वृक्ष के कटान पर प्रतिबंध लगवाना होगा। कार्यक्रम में पिंकी सोम शबाना मलिक अशरफ हाफिज मोबीन सईद कुरेशी लियाकत सलीम मेंबर लोकेश जैन जुनैद अहमद सद्दाम सलमान आदि ने बच्चों की हौसला अफजाई कर अपने-अपने विचार रखें।आगा खालिद शाह फाउंडेशन के अध्यक्ष अगा अली शाह ने पर्यावरण संरक्षण को आज के समय का महत्वपूर्ण मुद्दा बताया और पर्यावरण संरक्षण के अपील करते हुए सभी बच्चों का हौसला अफजाई किया ।

कार्यक्रम आयोजक हरियाली संरक्षण ट्रस्ट के अध्यक्ष रिहान मलिक ने प्रत्येक व्यक्ति से इस मौसम अधिक से अधिक पौधे लगाने एवं उनका संरक्षण करने की अपील करते हुए सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी।सम्मानित किए गए छात्र/छात्राएं सुहेल 94% मयंक जोडियान 91% अंकित 89% समद 87% सेलिना 88% सिमरन सिद्धू 86% मन 82% अलसमा 82% गुलनाज 81% को फाउंडेशन की ओर से माला पहनाकर गोल्ड मेडल देकर कैश प्राइज 500 प्रत्येक बच्चा व सम्मान पत्र व ट्रस्ट द्वारा पौधे भेटकर सम्मानित किया गया।

यूपी सिपाही भर्ती पेपर लीक मामला: 20 लाख के रिसॉर्ट में 1000 छात्रों को रटाए पेपर

मेरठ। (आरएनएस) आरोपियों ने अभ्यर्थियों को आउट प्रश्नपत्र पढ़वाने के लिए गुरुग्राम के मानेसर स्थित नेचर वैली रिसोर्ट को बुक कराया गया।

यूपी सिपाही भर्ती पेपर लीक मामले में आरोपी विक्रम पहल को एसटीएफ ने

पकड़ में आया दिल्ली पुलिस का कांस्टेबल

बागपत के खेकड़ा से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी दिल्ली पुलिस में कांस्टेबल है। अभ्यर्थियों को प्रश्न पत्र पढ़वाने के लिए गुरुग्राम का नेचर वैली रिसोर्ट उसी ने बुक किया था। उसके पास से भर्ती परीक्षा का प्रश्नपत्र, हस्तलिखित कुंजी, मोबाइल फोन और आधार कार्ड बरामद किया है।

एसटीएफ के एएसपी बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी विक्रम पहल निवासी ग्राम बराह खुर्द, जिला जींद, हरियाणा यहां बागपत के खेकड़ा फ्लाईओवर पर अपने किसी साथी का इंतजार कर रहा था। तभी उसे गिरफ्तार किया गया। आरोपी ने बताया कि वह वर्ष-2010 में दिल्ली पुलिस में कांस्टेबल पद पर भर्ती हुआ था। दिल्ली पुलिस में उसकी पोस्टिंग तृतीय बटालियन, प्रथम बटालियन, यातायात, सीएम बटालियन में रही है। उसके साथ सोनीपत निवासी नितिन प्रतियोगी परीक्षा में सॉल्वर बैठाने और पेपर आउट कराने का काम करने लगा था। नितिन ने ही उसकी मुलाकात यूपी पुलिस सिपाही भर्ती पेपर लीक मामले के मास्टरमाइंड रवि अत्री से कराई थी। इसके बाद उसकी रवि अत्री से मोबाइल पर लगातार बात होने लगी। रवि अत्री ने उससे कहा था कि किसी ऐसे एकांत स्थान पर होटल या रिसोर्ट तलाश करो, जहां यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा का पेपर करीब 1000 अभ्यर्थियों पढ़वाया जा सके। 400

अभ्यर्थियों को लेकर गया था रिसोर्ट

विक्रम पहल 15 फरवरी 2024 को अपने अन्य साथियों के साथ नेचर वैली रिसोर्ट पर करीब 400 अभ्यर्थियों को साथ लेकर गया था। इस दिन पेपर न आने के कारण रात में रिसोर्ट पर ही रुके थे। रात में रवि अत्री और राजीव नयन मिश्रा का फोन आया। उन्होंने कहा कि रोहतक रोड दिल्ली बॉर्डर पर जाकर उनके साथी राजन निवासी बिहार से भर्ती परीक्षा का प्रश्न पत्र और उत्तर कुंजी ले लेना। फिर 16 फरवरी की सुबह विक्रम पहल अपने साथियों के साथ कार से रोहतक रोड दिल्ली बॉर्डर पर गया था। वहां से राजन से पेपर व उत्तर कुंजी लेकर आया था। बाद में लगभग 1000 अभ्यर्थियों को रिसोर्ट में प्रश्नपत्र व उत्तर पढ़ाए गए थे। राजन के बारे में जानकारी मिली है कि बिहार के दरभंगा में कृष्णा डिजिटल नाम से उसकी लैब है। वह दिल्ली के रोहिणी क्षेत्र में किसी अपार्टमेंट के फ्लैट में रहता है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

अब तक ऐसे पकड़े गए 16 आरोपी

एसटीएफ ने पांच मार्च 2024 को दीप उर्फ दीपक पुत्र दिनेश निवासी दोपहिया रोड पठानपुरा थाना कंकरखेड़ा मेरठ, बिट्टू पुत्र दयाराम निवासी ग्राम अलीपुर थाना सरधना मेरठ, प्रवीण पुत्र ओमपाल निवासी नंगला ताशी, थाना कंकरखेड़ा मेरठ, रोहित उर्फ ललित पुत्र विनोद कुमार निवासी गोलाबढ़ थाना टीपी नगर मेरठ, नवीन कुमार पुत्र सलेखचंद निवासी शोभापुर थाना कंकरखेड़ा मेरठ और साहिल पुत्र अमरनाथ निवासी शोभापुर थाना कंकरखेडा मेरठ को प्रश्न-पत्र और उत्तर कुंजी के साथ गिरफ्तार किया था। इसके बाद 12 मार्च को महेंद्र पुत्र रामफल निवासी बराह खुर्द जींद को गिरफ्तार किया गया था, जबकि 14 मार्च को पूरी घटना का खुलासा करते हुए अभिषेक कुमार शुक्ला पुत्र ब्रह्मदेव शुक्ला निवासी विक्रमपुर थाना सराय ममरेज प्रयागराज, शिवम गिरि पुत्र राम अचल गिरि निवासी ग्राम रमगढ़वा गोनौरा, थाना जिगना मिजार्पुर, रोहित कुमार पांडेय पुत्र विजयनाथ पांडेय निवासी ग्राम खेमापुर थाना कोईरोना जनपद भदोई को प्रश्न-पत्र सहित पकड़ा गया था।

गिरफ्तारी पकड़ के पूर्व सैनिक नीरज कुमार ने बताया कि उसने सेना में नौकरी करते समय कारतूस व राइफल चोरी की थी

पुलिस ने पूर्व सैनिक नीरज के मंसूबें पर फेरा पानी, हथियारों का जखीरा बरामद

बुलन्द संदेश ब्यूरो

कांधला। क्षेत्र के गांव हुरमंजपूर निवासी एक पूर्व सैनिक को पुलिस ने अवैध हथियारों के जखीरे सहित गिरफ्तार किया है,पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर पूर्व सैनिक को जेल भेज दिया है।आशंका जताई जा रही है कि पूर्व सैनिक अवैध हथियारों का जखीरा बरामद कर किसी बड़ी साजिश को अंजाम देने वाला था। पुलिस आगे की जांच पड़ताल में जुटी हुई है। क्षेत्राधिकार अमरदीप मौर्य ने जानकारी देते हैं बताया कि पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि क्षेत्र के गांव हुरमंजपूर में एक पूर्व सैनिक एक थैले में अवैध रूप से हथियारों का जखीरा बरामद कर किसी बड़ी साजिश को अंजाम देने वाला है। थाना प्रभारी निरीक्षक सुबे सिंह, उप निरीक्षक संदीप यादव, भारी पुलिस बल के साथ मुखबिर की बताए गए स्थान पर पहुंचे। और गांव हुरमंजपूर में एक मकान की घेराबंदी करते हुए छापामार कार्रवाई कर मौके से एक व्यक्ति को पकड़ लिया जिसके कब्जे से भारी मात्रा में अवैध रूप से इकट्ठा किए गए अवैध हथियारों का जखीरा पुलिस ने बरामद कर लिया। पूछताछ करने पर पकड़े गए व्यक्ति ने बताया कि वह सेना में जवान था और सेना में नौकरी करते समय उसने इंसास राइफल एवं कारतूस चोरी किए थे। सेवा मुक्त होने के बाद वह गांव में आ गया था, और अब वह अपने घर पर रह रहा था। इसके साथ पुलिस ने पकड़े गए पूर्व सैनिक नीरज कुमार पुत्र हरपाल के कब्जे से दो बंदूक अवैध तमंचे 315 बर सहित भारी मात्रा में अवैध असलहा बरामद किया।आंशाका जताई जा रही हैं, कि पूर्व सैनिक अवैध हथियारों का जखीरा बरामदकर किसी बड़ी साजिश को अंजाम देने वाला था। पुलिस ने घटना को अंजाम देने से पहले ही पूर्व सैनिक नीरज कुमार को गिरफ्तार कर लिया। बुधवार को पुलिस ने पूछताछ करने के बाद अभियुक्त के विरुद्ध अभियोग दर्ज कर जेल भेज दिया है। पुलिस आगे की जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

सेना के रुतबे को किया शर्मसार

कांधला। पुलिस ने पूर्व सैनिक निरज कुमार को अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार किया, पकड़े गए पूर्व सैनिक नीरज कुमार ने बताया कि उसने सेना में नौकरी करते समय कारतूस व अन्य अवैध हथियार चोरी किए थे। पूर्व सैनिक की करतूत से सेना का रुतबा शर्मसार हो गया। भारत देश में सेना के जवान को हर कोई सम्मान देता है, मगर क्षेत्र के गांव निवासी पूर्व सैनिक नीरज कुमार की गंदी हरकत ने सेना के नाम को शर्मसार कर दिया। फिलहाल तो पुलिस ने नीरज कुमार से पूछताछ कर जेल भेज दिया है।

बसपा के कई कार्यकर्ताओं को परमेश्वर सैनी ने दिलाई भाजपा की सदस्यता

बुलंद संदेश ब्यूरो

संभल (दिनेश सक्सेना)। बहजोई 8 लोकसभा क्षेत्र की विधानसभा चंदौसी के मंडल वनियाखेड़ा के विभिन्न गांवों अकबरपुर चितौरी, देवरखेड़ा, भुलावाई, गुमथल और ढकनगला में आयोजित हुई जन आशीर्वाद यात्रा। भाजपा की जनआशीर्वाद यात्रा के तहत

भाजपा की जन आशीर्वाद यात्रा में अबकी बार 400 पार के नारों से गूंजी विधानसभा

परमेश्वर लाल सैनी जी ने चंदौसी के कई गांवों में जाकर लोगों से उनका आशीर्वाद मांगा। इसके साथ ही जनता को विश्वास दिलाते हुए कहा कि भाजपा की जीत के बाद संभल विकास की नई ऊंचाईयों को छूएगा क्षेत्र की हर समस्या को हल करना ही हमारी पहली

प्राथमिकता रहेगी। इस यात्रा की शुरूआत से पहले संजीवनी वाटिका स्थित कार्यालय में बसपा के कुछ कार्यकर्ताओ को भाजपा की सदस्यता दी जिसके पश्चात परमेश्वर सैनी ने अपनी यात्रा की शुरूआत की। इस यात्रा में जनता ने अलग अलग तरीके से परमेश्वर लाल सैनी जी को समर्थन दिया एवं उनका सम्मान किया।

इस यात्रा के दौरान मंडल अध्यक्ष (वनियाखेड़ा)गिरिराज किशोर मौर्य, नंदकिशोर दिवाकर प्रधान (गुमथल), श्री पागल मुनि जी, ब्लॉक प्रमुख डॉ सुगंधा, संयोजक राजकुमार यादव, विधानसभा संयोजक डॉ सुशील कुमार, महामंत्री बढ़िया खेड़ा राम जी तोमर के साथ कई अन्य लोग मौजूद रहे।

भीषण गर्मी को देखते हुए शासन स्तर से परिषदीय विद्यालयों का समय सुबह 7:30 से दोपहर 12:30 बजे तक होने की उम्मीद

बुलन्द संदेश ब्यूरो

कांठ (सुदेश बिश्नोई) । भीषण गर्मी को देखते हुए शासन स्तर से परिषदीय विद्यालयों का समय परिवर्तन शुक्रवार से होने की संभावना है। कक्षा 1 से 8 तक के स्कूलों का समय सुबह 7:30 से दोपहर 12:30 बजे तक होगा।

इस खबर की पुष्टि बनारस के विधान परिषद सदस्य आशुतोष सिंह ने स्कूल समय बदलने संबंधी आदेश के विषय में योगी सरकार में शिक्षा विभाग के मंत्री से टेलीफोन के बाद की है। उम्मीद की जा रही है कि गुरुवार को इस संबंध में शासन का आदेश जारी हो जाएगा। उल्लेख है कि इस समय प्रदेश के माध्यमिक विद्यालय दोपहर 12.50 बजे तक संचालित हो रहे हैं, जबकि 40

आज जारी हो सकता है आदेश

डिग्री सेल्सियस तापमान के बीच बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में दोपहर दो बजे बच्चों को पढ़ाया जा रहा है।

प्राइमरी के बच्चे कड़ी धूप और गर्म हवा के थपेड़े सहते हुए घर पहुंचते हैं, जिससे उनका स्वास्थ्य बिगड़ रहा है। प्रचंड गर्मी को देखते हुए कुछ जिलों में बीएसए ने छुट्टी का समय घटाया तो बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल ने इसे अनुचित बताते हुए दो बजे छुट्टी करने के निर्देश दिए हैं।

उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष डॉ कपिल सिरोही ने गर्मी को देखते हुए परिषदीय विद्यालयों में दोपहर 12.30 बजे छुट्टी करने की मांग जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अजीत कुमार एवं शासन से की थी।

अनेक जनपदों में परिषदीय स्कूलों का समय दोपहर 12:30 बजे तक कर भी दिया गया है उम्मीद की जा रही है कि इस संबंध में शासन का आदेश गुरुवार को जारी हो जाएगा।

महिला शक्ति संगठन, लगातार गरीब बेटियों की शादी में कर रहा है सहयोग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

संभल (दिनेश सक्सेना)। थाना हयात नगर क्षेत्र के शिव मंदिर पर महिला शक्ति संगठन की महिलाओं ने नारी शक्ति को जागरुक करते हुए एक निर्धन कन्या की

शादी में सहयोग किया। यह सहयोग 50वी कन्या की शादी का है।

हर मां- बाप का सपना होता है कि उसकी बेटी की डोली धूमधाम से उठे, लेकिन गरीबी परिस्थिति के कारण यह संभव नहीं हो पाता। ऐसी गरीब बेटियों की शादी के लिए समाजसेवी दीपा वार्ष्णेय अपनी टीम महिला शक्ति संगठन के साथ मदद कर रही हैं,महिला शक्ति संगठन की अध्यक्ष दीपा वार्ष्णेय और उनकी टीम कई वर्षों से बेटियों की शादी में सहयोग करती आ रही हैं। मंगलवार को महिला शक्ति संगठन ने एक गरीब बेटी की शादी मे सहयोग करतें हुए उसकी जरूरत का समान दिया इतना ही नहीं संगठन के सभी महिलाओं ने उसे लड़की को आशीर्वाद देते हुए हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इस अवसर पर संगठन की अध्यक्ष दीपा वार्ष्णेय ने कहा कि हमारा संगठन हमेशा गरीब बेटियों के हित के लिए बना है चाहे उन्हें जागरूक करना हो या महिलाओं की आवाज को बुलंद करना हो हम सभी संगठन की महिलाएं एकत्रित हो कर गरीब बेटियों की शादी में सहयोग करती हैं और आगे भी करती रहेगी। इस अवसर पर खुशबू नीलमा,प्रीति प्रतीक, कल्पना, रेखा, माधुरी, निशी, नीलम, साधना , कविता, विनीता, अंजना,नेहा, शशि, ममता,लक्ष्मी आदि सदस्य उपस्थित रही।

पुलिस ने दो एससी/एसटी एक्ट में वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

चंदौसी। पुलिस अधीक्षक जनपद संभल के निर्देशन में जनपद संभल में कानून व्यवस्था

अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना चंदौसी मु0नं0 46/22 धारा 323/504 भादवि व 3 (1) द,ध एससी/एसटी एक्ट में वारण्टी अभियुक्त 1. राहुल, 2. सोनू पुत्रगण स्व0 सीताराम निवासीगण मौ0 लोधियान कस्बा व थाना चन्दौसी जनपद सम्भल को उ0नि0 श्री रामकुमार सिंह द्वारा मय पुलिस टीम के अभियुक्तों के घर से गिरफ्तार किया गया।

युवती के साथ छेड़खानी, शोर मचाने पर दी जान से मारने की धमकी ,पुलिस ने आरोपी के खिलाफ किया मुकदमा दर्ज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी)। थाना क्षेत्र के एक गांव में घर में घुसकर युवती के साथ गांव के ही युवक द्वारा छेड़खानी करने विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। युवती की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना शुरू कर दी है। सोमवार को युवती घर मे अकेली थी परिजन खेत पर चले गये सुबह सात बजे मौका पाकर मौहल्ले का युवक घर मे आ गया। और युवती को एकांत स्थान चलने को कहा उसी दौरान युवक ने छेड़खानी शुरू कर दी । शोर मचाने पर युवक ने युवती को धमकी दी कि तेरे भाई को मार दूंगा। युवती परिजनों के साथ थाने पहुंची और प्रार्थना पत्र देकर कानूनी कार्यवाही करने की गुहार लगाई । पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार पांचाल का कहना है कि विवेचना के आधार पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

दहेज उत्पीड़न के मामले में पति सहित साथ के खिलाफ मुकदमा दर्ज

कांठ (सुदेश बिश्नोई)। दहेज की मांग को लेकर किए जा रहे उत्पीडन मे पुलिस ने सात के खिलाफ मामला दर्ज किया है। थाना छजलैट के गांव सलावा खेडा निवासी सादमा की शादी गांव मे ही जुल्फकार के साथ हुई थी। आरोप है की ससुराल बाले कम दहेज को लेकर खुश नही थे और दहेज की मांग को लेकर उसका उत्पीडन करते आ रहे थे।

लेकिन इस सबके बीच उसके लडकी पैदा हुई तो उत्पीडन ज्यादा करना शुरू कर दिया। पीडिता ने देबर पर भी उसके साथ गलत काम करने का आरोप लगाया। एक दिन ज्यादा मारपीट की तो पडौस के लोगो ने उसे बचाया। डायल 100 से शिकायत करने पर उसे मायके भेज दिया गया। महिला की तहरीर पर पुलिस ने जुल्फकार पुत्र नबाव, नबाव, भूरी पत्नी नबाव, रानी पुत्री नबाव, हारून पुत्र नबाव, इंतजार और युसुफ के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

नवाब महमूद गर्ल्स इंटर कॉलिज में किया जाएगा मेधावी छात्राओं को सम्मानित

मौलवी घराने की बेटी जैनब ने हाईस्कूल में किया कॉलिज टॉप

बुलन्द संदेश ब्यूरो

संभल (दिनेश सक्सेना)। नवाब महमूद गर्ल्स इंटर कॉलिज में हाई स्कूल की छात्रा कु. जैनब ने सर्वाधिक अंक प्राप्त कर कॉलिज टॉप किया। जैनब द्वारा कॉलिज टॉप करने पर उसके परिजनो मे खुशी की लहर छाई है। कॉलिज टॉप करने पर कॉलिज संयोजक सईद अख्तर इसराईली ने जैनब समेत अन्य मेधावी छात्राओं को बधाई देते हुए कॉलिज की ओर से टॉपर्स छात्राओं को सम्मानित करने का ऐलान किया।

मौलवी घराने में पैदा हुई कुमारी जैनब ने हाई स्कूल परीक्षा में अपने कॉलिज नवाब महमूद गर्ल्स इंटर कॉलिज में सर्वाधिक अंक 600 में 468 अंक हासिल कर कॉलिज में पहली रैंक हासिल की है। जैनब के पिता कारी रिजवान जोकि मदरसा ज़ियाउल उलूम सरायतरीन में नायब मुदर्रिस हैं। जबकि जैनब के चचा ताऊ भी

हाफिज कारी व मौलवी हैं। इस मौलवी घराने में जैनब पहली ऐसी बेटी है जिसने बेसिक शिक्षा के क्षेत्र में जाकर अपने खानदान का नाम रौशन किया है। जबकि उसने ये उपलब्धी हासिल कर अपने कॉलिज और टीचर्स का भी सम्मान बढ़ाया है।

जैनब की इस कामयाबी पर उनके वालिद कारी मौ. रिजवान का कहना है कि उनकी बेटी ने कॉलिज, घर परिवार और खानदान का नाम रौशन किया है। वो जो चाहे शिक्षा चिकित्सा आदि किसी भी क्षेत्र में जा सकती है।

जबकि कॉलिज संयोजक सईद अख्तर ईसराईली ने कहा कि वे कॉलिज की हाई स्कूल व इंटर की टॉपर छात्राओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन करेंगे। श्री इसराईली ने बताया कि कॉलिज की एक अन्य छात्रा कु. रीबा ने भी 78% से अधिक अंक हासिल कर अपने परिजनो का मान और कॉलिज का गौरव बढ़ाया है। श्री इसराईली ने कु. जैनब व कु. रिबा समेत कॉलिज की उन इटरमीडिएट की छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए हैं अन्य कॉलिज टॉपर्स को भी सम्मानित करने की घोषणा की है।

स्वर्गीय अब्दुल समद की याद में फातेहा ख्वानी और काव्य गोष्ठी का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

सम्भल। मोहल्ला हयात नगर सम्भल के स्वर्गीय अब्दुल समद की याद में फातेहा और काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। यह आयोजन कश्मीर केन्द्रीय विश्वविद्यालय के प्रोफेसर राशिद अजीज द्वारा अपने पिता को श्रद्धांजलि स्वरूप प्रत्येक वर्ष की तरह किया गया। श्री अ० समद ज्ञान ध्यान और अध्यात्म का मुसाफिर होने का अद्वितीय उदाहरण थे। उन्होंने अपना पूर्ण जीवन मानवीय मूल्यों और भारतीय मयार्दाओं को बढ़ावा देने में व्यतीत किया।

इस फातेहा ख्वानी और काव्य गोष्ठी के आयोजन में गणमान्य व्यक्ति विशेषों

ने भाग लिया। सर्वप्रथम श्री अब्दुल समद के मजार पर फातेहा ख्वानी हुई। यह सिलसिला श्री अब्दुल समद के देहांत 28 अप्रैल 2002 के बाद से निरन्तर चला आ रहा है। इस आयोजन की काव्य गोष्ठी में पीर तनवीर चिश्ती, फरमान अब्बासी, मूनिस हाजी पुरी, राशिद अजीज, बिलाल कादरी और शाहजौर अजीज के साथ मदरसा याकूब उल उलूम के मौलाना और छात्रों ने शिरकत की। कवियों के काव्य पाठ को खूब पसंद किया गया। अंत में दुआ की गई और मिठाई का प्रसाद बांटा गया।

आधी तूफान ने सैकड़ों बर्ष पुराने बरगद के पेड को जड से उखाड़ा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

संभल (दिनेश सक्सेना)। बहजोई थाना बहजोई क्षेत्र के गांव में कई सौ बर्ष पुराने बरगद मंगलवार को तेज आंधी के चलते गिर गया

क्षेत्र के गांव मैथरा धर्मपुरा में बीते कल तेज आंधी तूफान के चलते एक बहुत ही पुराना बरगद का पेड़ गिर गया गनीमत रही कि कोई घटना घटित नहीं हुई, बरगद का पेड़ जड से टूटकर बिजली के खम्भे व तारों को तोडते हुए एक मकान से टिक गया।

ग्रामीणों की मानें तो उन्होंने बताया की यह पेड हमारे दादा परदादा से भी पहले का है,बरगद का पेड टूटने से ग्रामीण में काफी दुख है उनका कहना है की यह वृक्ष आस्था का प्रतीक था।

आज होगा संगीतमय श्री राम कथा का भव्य आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

चंदौसी। नगर के सीता रोड स्थित श्री गीता सत्संग भवन में आज होगा श्री राम कथा का भव्य आयोजन भागवत कथा से पूर्व नगर में धूमधाम से



निकाली जाएगी कलश शोभायात्रा जोकि नगर के रामनवमी मोहल्ले से गीता सत्संग भवन तक सुबह 11 बजे से निकाली जाएगी साथ ही भागवत कथा का प्रारंभ आज से 3 मई दिन शुक्रवार तक रहेगा जहां कथा व्यास वीरेश अग्निहोत्री रामायणी महाराज श्री धाम वृंदावन से पधारे हैं आयोजक वीरेंद्र कुमार सराफ, मंजू लता अग्रवाल एवं समस्त परिवार की ओर से समस्त धर्म प्रेमीजन पधार कर भगवान की अमृतमय कथा का श्रवण कर पुष्प अर्जित करें।

गांव में फैली गंदगी को लेकर ग्रामीणों किया विरोध प्रदर्शन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

संभल (दिनेश सक्सेना)। लापरवाही की सभी हदें लांघ रहे है ग्राम प्रधान व सचिव फिर चाहे मामला विकास का हो या फिर साफ सफाई का अपनी

- **गांव में एंटी लारवा का बड़ा खतरा, ग्रामीणों में भय का माहौल**
- **तहसील चंदोसी के गांव अकरोली का है मामला**
- **गांव में पसरी गंदगी से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त**

जिम्मेदारियों से भटक रहे हैं। साफ-सफाई को लेकर एक और मामला सामने आया है,जनपद के गांव अकरोली में तिराहे चौराहे पर पसरी गंदगी से ग्रामीणों में संक्रामक रोगों की फैलने की आशंका है वही गांव की

गंदगी को लेकर विरोध प्रदर्शन करते ग्रामीण व गांव में फैली गंदगी

नाली में पनप रहे एंटी लारवा के कीटाणुओं से भय व्याप्त है जिसको लेकर ग्रामीणों ने जोरदार प्रदर्शन किया है। बुधवार दोपहर ग्रामीण आक्रोषित होकर सड़क पर उतर आए और जोरदार प्रदर्शन किया वही अकरौली के तिराहे चौराहे पर पसरी गन्दगी एवं खचाखच भरी हुई नालियां विकास के दाबो की पोल खोलती हुई नजर आ रही । जहां ग्रामीणों ने रोगों को फैलने की आशंका के चलते आक्रोशित होकर ग्राम प्रधान व सचिव एवं सफाई कर्मी के खिलाफ प्रदर्शन किया वही वर्तमान प्रधान के कार्यकाल में नालियों एवं नालों में 3 वर्ष बीत जाने के बावजूद भी साफ सफाई नहीं हुई। जमीनी स्तर पर कोई भी कार्य नहीं किया गया। ग्राम पंचायत में तेजी से बढ़ रहे बीमारियां और मक्खी मच्छर तथा अन्य तरह के एंटी लारवा कीटाणुओं के पनपने से लोग बीमार हो रहे हैं , लोगों को भय है कि कोई भीषण बीमारी गांव न दे-दे दस्तक।

ग्रामीणों ने नाली में मच्छरों से निजात पाने के लिए कई बार सचिव और ग्राम प्रधान से दवा के छिड़काव के लिए अर्जी लगाई लेकिन मामला हर बार ठंडे बस्ते में पड जाता है।

जन आशीर्वाद यात्रा | **बसपा के कई कार्यकताओं को परमेश्वर लाल सैनी ने दिलाई भाजपा की सदस्यता**

नगर की जनता ने परमेश्वर लाल सैनी पर जन आशीर्वाद यात्रा में लुटाया प्रेम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

चंदौसी/संभल। बुधवार को लोकसभा क्षेत्र की विधानसभा चंदौसी के मंडल वनियाखेड़ा के

भाजपा की जन आशीर्वाद यात्रा में अबकी बार 400 पार के नारों से गूंजी चंदौसी विधानसभा

विभिन्न गांवों अकबरपुर चितौरी, देवरखेड़ा, भुलावाई, गुमथल और ढकनगला में आयोजित हुई जन आशीर्वाद यात्रा।

भाजपा की 8जनआशीर्वाद यात्रा के तहत परमेश्वर लाल सैनी जी ने चंदौसी के कई गांवों में जाकर लोगों से उनका आशीर्वाद मांगा। इसके साथ ही जनता को विश्वास दिलाते हुए

कहा कि भाजपा की जीत के बाद संभल जिले की हर समस्या का निस्तारण किया जाएगा। क्षेत्र की हर समस्या को हल करना ही उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी। इस यात्रा की शुरूआत से पहले संजीवनी वाटिका स्थित कार्यालय में बसपा के कुछ कार्यकर्ताओ को भाजपा की सदस्यता दिलाई जिसके पश्चात परमेश्वर लाल सैनी ने अपनी यात्रा की शुरूआत की।

इस यात्रा में जनता ने अलग अलग तरह से परमेश्वर लाल सैनी को समर्थन दिया व उनका सम्मान किया। इस यात्रा के दौरान मंडल अध्यक्ष (वनियाखेड़ा) गिरिराज किशोर मौर्य, नंदकिशोर दिवाकर प्रधान (गुमथल), श्री पागल मुनि जी, ब्लॉक प्रमुख डॉ सुगंधा, संयोजक राजकुमार यादव, विधानसभा संयोजक डॉ सुशील कुमार, महामंत्री बढ़िया खेड़ा राम जी तोमर के साथ कई अन्य लोग मौजूद रहे।

ठेकेदार की लापरवाही से पुलिया का निर्माण अधर में लटका, पुलिया का निर्माण न होने से हजारों राहगीर एवं विद्यार्थी परेशान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

कांठ (सुदेश बिश्नोई) । ठेकेदार की लापरवाही से ना तो पुलिया बनी और ना ही सड़क पर संचालन शुरू हुआ अनेक लोगों ने ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए सड़क को ठीक कराने की मांग की है। बता दे कि नए गांव में कावड़ पथ पर जल भराव की समस्या से निजात पाने के लिए पुलिया का निर्माण किया जा रहा था जिसको बनाने की जिम्मेदारी एक ठेकेदार ने ली आरोप है कि महीनो पहले उसने सड़क को खोद कर डाल दिया लेकिन उसमें पाइपों को नहीं दबाया जिससे उक्त सड़क का संचालन पूरी तरह से बंद हो गया आसपास के लोगों को इस मार्ग से आने-जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है बच्चों के अभिभावकों का कहना था कि उनके बच्चे सेंट मैरी स्कूल में इसी मार्ग

से जाते हैं लेकिन इस मार्ग के बंद होने के कारण उन्हें अतिरिक्त दूरी तय करके जाना पड़ रहा है जो लोग अपने बच्चों को अपने वाहनों द्वारा छोड़कर आते हैं उन्हें भी ठेकेदार की लापरवाही का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है अकबरपुर चैदरी निवासी जकी चौधरी ने बताया कि इस समस्या के समाधान के लिए कुछ लोगों ने लोकसभा चुनाव से पहले एसडीएम को प्रार्थना पत्र देकर सड़क को ठीक करने की मांग की थी उसे समय ठेकेदार ने ग्रामीणों को जल्द ही निर्माण पूरा करने का भरोसा दिलाकर शांत किया था मगर ठेकेदार ने आज तक भी उक्त सड़क को ठीक नहीं किया सड़क में पानी भरा तो लोगों ने अपनी व्यवस्था कर उसे पानी को निकालने के लिए काफी जद्दोजहद की ग्रामीणों ने तुरंत सड़क निर्माण कराए जाने की मांग उठाई है। और दोषी ठेकेदार के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

एक्ज़िकॉन ने किया यूनाइटेड हेलीचार्टेर्स का 89.99 प्रतिशत अधिग्रहण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

लखनऊ। एक्ज़िकॉन ने यूनाइटेड हेलीचार्टेर्स का 89.99 प्रतिशत अधिग्रहण कर लिया है। एक्सचेंज घोषणा के

अनुसार अधिग्रहण की लागत (देनदारियों सहित) 17.66 करोड़ रुपये है। बीएसई पर सूचीबद्ध एक्ज़िकॉन इवेंट्स मीडिया सॉल्यूशंस लिमिटेड (एक्ज़िकॉन ग्रुप कंपनी) ने गल्फ हेलीकॉप्टर्स कंपनी क्यूएससी, कतर जनरल पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन, (दोहा, कतर) से यूनाइटेड हेलीचार्टर्स प्राइवेट लिमिटेड के 89.99 प्रतिशत इक्विटी शेयरों का अधिग्रहण किया है ! यूनाइटेड हेलीचार्टर्स प्राइवेट लिमिटेड को 26 फरवरी, 1998 को कंपनी अधिनियम, 1956 के प्रावधानों के तहत रजिस्टर किया गया था, जिसका पंजीकृत कार्यालय हैंगर नंबर सी-2, एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया सिविल एयरोड्रम, जुहू, मुंबई- 400056, में है।

यूएचपीएल भारत में सार्वजनिक और निजी क्षेत्र की कंपनियों के लिए हेलीकॉप्टर द्वारा कॉर्पोरेट यात्रा, चिकित्सा निकासी, हवाई सर्वेक्षण एवम् हेलीकॉप्टर रखरखाव अनुसंधान और ओवरहाल (एमआरओ) की सेवाएँ , विमानन प्रशिक्षण और हेलीकॉप्टर पार्किंग सेवाएँ प्रदान करती है।

इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी बीजेपी 150 सीटो पर सिमट जाएगी : अवनीश पांडेय

बुलन्द संदेश ब्यूरो

बरेली (सददाम खान)। बीजेपी की सरकार से हर वर्ग परेशान हैं चारों ओर महंगाई की हाहाकार है बीजेपी वालों को अब सपने में भी हर दिखाई देने लगी इंडिया गठबंधन केंद्र में सरकार बनाने जा रहा है बीजेपी मात्र 150 सीटों पर सीमट कर रह जाएगी। कांग्रेस ने देश को सीचने का काम किया तो वहीं बीजेपी उसको बेचने का काम कर रही है 5 किलो राशन देकर आपको गुलाम बनाने का काम की जा रहा है आपको रोजगार और शिक्षा नोकरी से वंचित किया जा रहा है यह बातें कांग्रेस कमेटी के उत्तर प्रदेश प्रभारी अवनीश पांडे ने आज आंवला लोकसभा के बिथरी विधानसभा क्षेत्र के गांव खेड़ा में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित जनसभा में कहीं इससे पूर्व भक्तों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किया जिला उपाध्यक्ष राजन उपाध्याय ने कहा इंडिया गठबंधन की लहर है और इस लहर के सामने बीजेपी कहीं नहीं है बीजेपी का आंवला

लोकसभा में सुपड़ा साफ होना तय है जिला अध्यक्ष अशफाक मिर्जा सकलानी ने आने वाली 7 में को साइकिल के निशान पर वोट देने की सभी लोगों व कार्यकर्ताऔ ज्यादा से ज्यादा वोट डलवाने की अपील की इस मौके पर प्रदेश प्रभारीअवनीश पांडे प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेम प्रकाश अग्रवाल जिलाध्यक्ष अशफाक मिर्जा जिला उपाध्यक्ष राजन उपाध्याय महानगर अध्यक्ष अजय शुक्ला प्रदेश प्रवक्ता गुरुजी त्रिपाठी अलाउद्दीन खान असलम मियां चौधरी औमवीर यादव कृष्णकांत शुक्ला नवाब मुजाहिद हसन जुबेर खान गुड्डू खान फहीम खान जयराम कश्यप रिंकू अनुज पाठक रमाकांत सपा के जिला अध्यक्ष शिवचरण कश्यप नेहा यादव सहित तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे और मंच का संचालन जिला उपाध्यक्ष दिनेश दादा ने किया।

हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में सनातन प्रतिभा फाउंडेशन ने निःशुल्क 551 हनुमान चालीसा का किया वितरण

बुलन्द संदेश्ज्ञ ब्यूरो

हरिगढ। समाजसेवी संस्था सनातन प्रतिभा फाउंडेशन की ओर से हनुमान जन्मोत्सव के पावन पर्व पर श्री गिलहराज हनुमान जी मंदिर पर संध्या आरती के उपरांत निःशुल्क 551 हनुमान चालीसा का वितरण किया गया। संस्था के अध्यक्ष अभिषेक सक्सैना सनातनी ने कहा कि हमारी संस्था सनातन प्रतिभा फाउंडेशन सनातन धर्म की विशेषताएं और भारतीय वैदिक संस्कृति के प्रचार प्रसार हेतु अपना विशेष योगदान दे रही है। इसी क्रम में युवाओं के हृदय में सनातन धर्म, सभ्यता, संस्कार और संस्कृति को जीवंत रखने हेतु संस्था

निःशुल्क धार्मिक पुस्तकों का वितरण करने का उत्कृष्ट कार्य कर रही है। अब तक संस्था द्वारा 3100 हनुमान चालीसा एवं 751 श्रीमद्भागवतगीता का निःशुल्क वितरण किया जा चुका है। संस्था द्वारा संचालित भारत दर्शन यात्रा के द्वारा भी 10 लाख सनातनियों को एकजुट कर धार्मिक स्थलों की यात्रा कराने और शास्त्रों के प्रामाणिक ज्ञान को सनातनियों तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष अभिषेक सक्सैना सनातनी, उपाध्यक्ष साक्षी डोगरा, व्यवस्था प्रमुख अमित राठी, आलोक अग्रवाल, सिंगर आयुष सक्सैना, भाजपा आई टी संयोजक विक्रांत गर्ग, मुकेश कपूर, नंदिनी उमेश वार्ष्णेय, शालू वार्ष्णेय, राकेश बघेल, धर्मवीर सिंह, आकाश वार्ष्णेय, सुनील कुमार एवं सभी रामभक्त उपस्थित रहे।

लोकसभा प्रत्याशी अतुल गर्ग के विशाल रोड में उमड़ा जन सैलाब

बुलन्द संदेश ब्यूरो

गाजियाबाद (आशा चौधरी)। लोकसभा क्षेत्र से भाजपा आरएलडी गठबंधन प्रत्याशी अतुल गर्ग के बुधवार को गाजियाबाद में आयोजित रोड शो में महिलाओं व पुरुषों तथा नौजवानों सहित व्यापारियों का सैलाब उमड़ पड़ा और लोगों ने अतुल गर्ग पर पुष्प वर्षा कर अपना-अपना समर्थन दिया। गाजियाबाद के रेलवे रोड बजरिया स्थित गुरुद्वारा से शुरू हुआ और शहर के प्रमुख बाजार के प्रमुख मार्गों से निकला । सर्वप्रथम अतुल गर्ग ने गुरुद्वारा में जाकर सच्चे पाशा की अरदास कर आशीर्वाद लिया।उसके उपरान्त सिख समाज,विश्व हिंदू परिषद, ओबीसी मोर्चा, जैन समाज,अल्पसंख्यक समाज, राष्ट्रीय व्यापार मंडल, सरार्फा एसोसिएशन, स्वर्णकार समाज केन्द्रीय उपबोक्ता सहकारी समिति गोल मार्केट व्यापारी एसोसिएशन, बाल्मीकि समाज , वैश्य समाज, अनिल सांवरिया व्यापार मंडल,

गोपीचंद व्यापार मंडल, संदीप व्यापार मंडल, छाबड़ा व्यापार मंडल सहित समस्त व्यापर मंडल तथा दवा विक्रेता मंडल, समस्त अनाज मंडी,चौपला, सिहानी गेट के व्यापारियों के द्वारा भव्य स्वागत सम्मान पुष्प वर्षा से पूरा शहर राम भक्ति में सराबोर हो गया। मोदी योगी के नारों से पूरा माहौल भगवा हो गया। अतुल गर्ग रथ में सवार होकर सड़क पर निकले तो लोगों का हुजूम उनके स्वागत के लिए दौड़ पड़ा। नौजवानों के जत्थे पैदल,स्कूटर व बाइक पर सवार थे और हाथों में भाजपा का झंडा लिए थे। भाजपा प्रत्याशी का रोड शो जिस भी मार्ग से गुजरा लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। महिलाओं ने भाजपा

प्रत्याशी को तिलक किया और आरती की तथा प्रसाद वितरित किया। रोड शो में अनेक स्थानों पर ऐसे दृश्य उत्पन्न हो गए जिन्होंने व्यापारियों को भाव विभोर कर दिया और प्रत्याशी के सिर पर हाथ कर कर विजय श्री के लिए आशीर्वाद दिया।

इस अवसर पर भाजपा व आर एल डी के वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ता गण बड़ी तादाद में उपस्थित रहे।

जामिया मिल्लिया इस्लामिया द्वारा यूसुफ रजा.को पीएचडी की उपाधि प्रदान की

बुलन्द संदेश ब्यूरो

दिल्ली (इरफान राही)। उर्दू विभाग, जामिया मिलिया इस्लामिया, नई दिल्ली द्वारा पीएचडी की डिग्री से सम्मानित किया गया। उन्होंने प्रोफेसर कौसर मजहरी की देखरेख में अपनी थीसिस पूरी की।वायवा प्रोफेसर अबू बक्र अब्बाद ने लिया।

इस मौके पर उन्होंने यूसुफ रजा. से थीसिस से जुड़े अहम सवाल पूछे, जिनका यूसुफ रजा. ने संतोषजनक जवाब दिया. इसके बाद परीक्षक प्रोफेसर अबुबकर अबबाद ने थीसिस पर जामिया मिलिया इस्लामिया द्वारा पीएचडी की डिग्री देने की सिफारिश

की और इस सिफारिश के आधार पर यूसुफ रजा को डॉक्टरेट प्रमाणपत्र जारी किया गया। इस मौके पर उर्दू विभाग के अध्यक्ष प्रो. अहमद महफूज और कार्यवाहक प्रो. कौसर मजहरी ने यूसुफ रजा.को पीएचडी की उपाधि मिलने पर बधाई दी। यूसुफ रजा ने प्रो. कौसर मजहरी की देखरेख में उसी विभाग से एमफिल की डिग्री भी हासिल की थी।। वह एक अर्ध-वार्षिक पत्रिका के संपादक भी हैं और दो पुस्तकों के लेखक भी हैं जिन्हें प्रदेश उर्दू अकादमी लखनऊ और दिल्ली उर्दू अकादमी ने पुरस्कार से सम्मानित किया है। डॉक्टर यूसुफ रजा को उपाधि के बाद उनके रिश्तेदारों, दोस्तों और स्टूडेंट्स द्वारा मुबारकबाद देने का सिलसिला जारी है।

मोदी सरकार की नीतियों की बदौलत हर वर्ग को मिला लाभ : रणजीत सिंह

बुलन्द संदेश ब्यूरो

हरियाणा/हिसार(राजेश सलूजा) । हिसार लोकसभा से भाजपा उम्मीदवार रणजीत सिंह ने कहा है कि मोदी सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों की बदौलत पूरा

भाजपा उम्मीदवार ने किया नलवा क्षेत्र के गांवों का दौरा

देश तीसरी बार मोदी सरकार बनाने का मन बना चुका है। भाजपा सरकार द्वारा लागू की गई कल्याणकारी नीतियों का लाभ हर वर्ग को मिला है और देश की जनता इन नीतियों को लागू रखने के लिए फिर से मोदी सरकार बनाने का संकल्प ले चुकी है।

रणजीत सिंह बुधवार को अपने जनसंपर्क अभियान के तहत नलवा विधानसभा क्षेत्र के गांवों में सभाएं करके वोटों की अपील कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में पहली बार ऐसी

सरकार बनी है, जिसने हर वर्ग के कल्याण को ध्यान में रखकर काम किया है। यही कारण है कि हर वर्ग के हित में कोई न कोईनीति अवश्य बनी है और उस वर्ग को उसका लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने ग्रामीण, गरीब व जरूरतमंद जनता को ध्यान में रखते हुए काम किया है और आज इन वर्गों में तीसरी बार मोदी सरकार बनाने का चाव है। उन्होंने कहा कि अब तक उन्होंने हिसार लोकसभा क्षेत्र के कई क्षेत्रों का दौरा किया है और हर क्षेत्र में उन्हें भरपूर सहयोग व सम्मान मिला है। उन्होंने जनता से वोटों की अपील करते हुए कहा कि चुनाव जीतने के बाद वे जनता के सहयोग व साथ को सवाया करके लौटाने का प्रयास करेंगे।

भाजपा लोकसभा मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा ने बताया कि पार्टी उम्मीदवार रणजीत सिंह ने नलवा हलके के न्योली कलां, मात्रश्याम, मिगनीखेड़ा, किरतान, सीसवाला, रावलवास कलां, धीरणवास, रावलवास खुर्द, हिंदवान व आर्यनगर गांवों का दौरा करके वोटों की अपील की। उनके साथ मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष भूपसिंह, अनवेश यादव, संजीव गंगवा, कपूर सिंह बेनीवाल, जोगीराम खुंडिया, संदीप लांबा, सुरेंद्र रोहिल, चेयरमैन अजय गावड़, विजेंद्र बेनीवाल, रामचंद्र गंगवा, चेयरमैन सुरेंद्र, सोनू चारनौंद, राममेहर सैन, राजेश राजलीवाल, सुनील गोरछी, सत्यवान मिंगनीखेड़ा, सरजीत मुकलान, बलवंत बूरा व रविंदर गंगवा सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

छाबडा 777 ज्वैलर्स व आशिमा कलेक्शंस के संयुक्त शोरूम का हुआ उद्घाटन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

गाजियाबाद (आशा चौधरी)। छाबडा 777 ज्वैलर्स व आशिमा कलेक्शंस के अंबेडकर रोड स्थित संयुक्त शोरूम का उदघाटन मंगलवार को हनुमान जयंती पर हुआ। शोरूम के उदघाटन समारोह

शोरूम पर हल्के वजन के जेवर पूर्ण शुद्धता के साथ उपलब्ध होंगे

में बडी संख्या में लोगों ने भाग लिया। छाबडा 777 ज्वैलर्स के संचालक पारस छाबडा ने बताया कि उनके शोरूम पर जेवरात के जितने आधुनिक डिजाईन होंगे, उतने किसी भी शोरूम पर नहीं होंगे। सभी जेवरात की शुद्धता की पूर्ण गारंटी होगी और उनके मैकिंग चार्ज भी बहुत कम होंगे। उन्होंने कहा कि हनुमान जयंती बहुत ही शुभ दिन है। इस दिन हनुमान जी का प्रकटोत्सव हुआ था। लोग इस शुभ पर्व पर भगवान राम के नाम का लाभ उठा सकें, इसी के चलते शोरूम का उदघाटन हनुमान जयंती पर किया गया। इससे हम यह बात भी बताना चाहते हैं

कि शोरूम पर जो भी जेवरात उपलब्ध होंगे वे सच्ची भक्ति जैसे ही खरे होंगे। आशिमा कलेक्शंस तुराबनगर के संचालक अक्षय नागपाल ने बताया कि जिस पकार हम 45 वर्ष से गारमेंटस के क्षेत्र में ग्राहकों की उम्मीद पर खरा उतरे है, उससे भी अधिक खरा हम इस संयुक्त उद्यम में उतरकर दिखाएंगे। हल्के वजन के जेवरों की मांग काफी है, मगर गाजियाबाद में उपलब्ध नहीं थे। हमारे शोरूम पर हल्के वजन के सिंगापुर, हांगकांग, टर्की आदि देशों के जेवर पूरी शुद्धता व भरोसे के साथ उपलब्ध होंगे।

मोदी की चुनावी जनसभा के चलते बदायूं रोड पर भारी वाहनों का आवागमन बंद रहेगा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

बदायूं/बरेली। आंवला लोकसभा क्षेत्र के आलमपुर जाफराबाद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बृहस्पतिवार को चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की वजह बदायूं रोड पर भारी वाहनों का आवागमन बंद रहेगा। बरेली जिले में बृहस्पतिवार को भमोरा के आलमपुर जाफराबाद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम की वजह से बदायूं रोड पर भारी वाहनों का आवागमन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। बुधवार को भी इसके ट्रॉयल के दौरान भारी वाहनों को रोका जा सकता है। एसएसपी के निर्देश पर एसपी यातायात ने यह व्यवस्था लागू कर दी है।

रोड शो के लिहाज से लागू होगा नया डायवर्जन

प्रधानमंत्री मोदी 26 अप्रैल को दोबारा बरेली आकर प्रेमनगर थाना क्षेत्र के डीडीपुरम में रोड शो करेंगे। इसके लिए डायवर्जन अलग से जारी किया जाएगा। इसमें शहर के अंदर के कई प्रमुख रास्ते 26 अप्रैल को सुबह से कार्यक्रम होने तक सील कर दिए जाएंगे। मंगलवार को एसपीजी टीम ने यहां आकर रोड शो स्थल का जायजा लिया।

शाहजहांपुर हाईवे और फरीदपुर-बुखारा रोड भी रहेगा प्रभावित

प्रधानमंत्री मोदी भमोरा में जनसभा करने के बाद हेलिकॉप्टर से शाहजहांपुर जिले में जनसभा करने जाएंगे। वहां से वापस बरेली में त्रिशूल एयरबेस आकर विशेष वायुयान से दिल्ली चले जाएंगे। बावजूद एहतियात के तौर पर सड़क मार्ग से प्रधानमंत्री के आवागमन की तैयारी भी की जा रही है। ऐसे में बरेली से शाहजहांपुर हाईवे

व रामगंगा के पास से बुखारा फरीदपुर मार्ग को भारी वाहनों के लिए बंद किया जा सकता है जिसमें रोडवेज बसें भी शामिल होंगी।

इन रास्तों पर रहेगा डायवर्जन

दिल्ली, मुरादाबाद, रामपुर की तरफ से बरेली होकर बदायूं जाने वाले भारी वाहन मिलक से ही शाहाबाद होते हुए बदायूं जा सकेंगे।

लखनऊ, शाहजहांपुर की तरफ से बरेली होकर बदायूं जाने वाले भारी वाहन शाहजहांपुर से ही कांठ व जलालाबाद होते हुए बदायूं जाएंगे।

पीलीभीत की ओर से बदायूं जाने वाले भारी वाहन बड़ा बाइपास होते हुए झुमका मीरगंज, मिलक, शाहाबाद होते हुए बदायूं जाएंगे।

बदायूं से बरेली होते हुए दिल्ली की तरफ जाने वाले भारी वाहन शाहाबाद होते हुए दिल्ली जा सकेंगे।

बदायूं से बरेली आने वाले भारी वाहन शाहाबाद, मिलक होते हुए झुमका बडा बाईपास से बरेली आएंगे।

बदायूं से बरेली आने वाली रोडवेज, निजी बस थाना फतेहगंज पूर्वी से बडा बाइपास, इन्वर्टिस, सेटेलाइट होते हुए बरेली आ सकेगी।

बरेली से बदायूं जाने वाली रोडवेज, निजी बस सेटेलाइट, इन्वर्टिस, बड़ा बाइपास, फतेहगंज पूर्वी से बदायूं-दातागंज मार्ग से होते हुए बदायूं जा सकेगी। बदायूं से लखनऊ जाने वाले भारी वाहन बदायूं, जलालाबाद, कांठ, शाहजहांपुर होते हुए जाएंगे।

राजनीति ताबड़तोड़ विकास कार्यों से भाजपा के पक्ष में अवश्य सफल होगा अबकी बार ,चार सौ पार का नारा

कानपुर में बोले विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह : यूपी में 80 सीटें जीतने की वजह बनेंगे रिकॉर्ड तोड़ विकास कार्य

बुलन्द संदेश ब्यूरो

कानपुर (सुनील बाजपेई)। उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह ने कहा है कि यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्र की मोदी सरकार द्वारा जनता के हित में किए गए रिकॉर्ड तोड़ विकास कार्यों के फलस्वरूप भारतीय जनता पार्टी को उत्तर प्रदेश में लोकसभा की 80 सीटें जीतने का लक्ष्य अवश्य ही प्राप्त होगा।

यहां रतनलाल नगर गुजैनी में जिला सहकारी बैंक के सभापति वरिष्ठ भाजपा नेता एसडी सिंह परिहार के आवास पर सवालों का जवाब देते हुए समाज सेवा के विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय रहने के साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यूपी

के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार की मंशा के अनुरूप लोकहित में अपनी धुन के पक्के, कठोर परिश्रमी, हर किसी के सुख दुख में सदैव साथ खड़े होने वाले सक्षम और संपन्न होने के बाद भी अहम भाव से मुक्त और उचित पात्र लोगों की हर संभव सहायता के रूप में परोपकार की भी वास्तविक परिभाषा को चरितार्थ करने वाले तेज तर्रार और व्यवहार कुशल जुझारु तेवरों वाले प्रखर समाजसेवी विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह यह भी दावा किया कि हो रहे लोकसभा चुनाव के जो परिणाम सामने आएंगे वह भारतीय जनता पार्टी को ना केवल 400 का आंकड़ा अवश्य ही पार करायेंगे बल्कि देश हित में नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री भी बनवाएंगे।

भारतीय जनता पार्टी को लगातार मजबूत करने के साथ जन समस्याओं के निस्तारण में भी शुरू से ही अग्रणी तथा व्यवहार कुशल होने के फलस्वरूप हर जाति ,हर धर्म और हर वर्ग के लोगों में मजबूत पकड़ रखने वाले तेजतर्रार और व्यवहार कुशल परोपकारी स्वभाव के उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सभापति वरिष्ठ भाजपा कुंवर मानवेंद्र सिंह ने उत्तर प्रदेश के हित में योगी आदित्यनाथ को सर्वोत्तम मुख्यमंत्री और भारत के हित में नरेंद्र मोदी को सर्वोत्तम प्रधानमंत्री भी बताया।

सरल और शालीन स्वभाव के जुझारू तेवरों वाले यूपी विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह ने यह भी दावा किया कि जिस तरह से योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक जनहितकारी विकास कार्य करते हुए अपराधियों और माफियाओं खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करके आम जनता को राहत पहुंचाई है। उसके फल स्वरुप भाजपा को यूपी में 80 सीटें जीतने का लक्ष्य अवश्य ही प्राप्त होगा। इस दौरान जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष और पार्टी के हित में लगातार सक्रियता और व्यवहार कुशलता को लेकर चर्चित वरिष्ठ भाजपा नेता एसडी सिंह परिहार ने उनका जोरदार भाव भीना स्वागत भी किया।

पहले मतदान फिर जलपान : गौरव बंसल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

गाजियाबाद । राकेश मार्ग स्थित गुलमोहर एनक्लेव सोसाइटी निवासी समाजसेवी गौरव बंसल ने कहा कि राजनीतिक व्यवस्था को मजबूत

करने और सुशासन लाने के लिए 26 अप्रैल को वोट करना जरुरी है वोट आपका अधिकार है। इसका प्रयोग अवश्य करें। साथ ही निष्पक्ष व्यवस्था के लिए प्रशासन का सहयोग करें। शांतिपूर्ण मतदान करें। असामाजिक तत्वों और अफवाह फैलाने वाले से सावधान रहें।

डीएलएड प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों की दो दिवसीय आंतरिक परीक्षा का हुआ समापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

कांठ (सुदेश बिश्नोई) । जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) में बुधवार को डी०एल०एड० के प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों की दो दिवसीय आंतरिक परीक्षा का समापन हुआ।

23 विद्यार्थी रहे गैर हाजिर, डायट प्राचार्य ने कम उपस्थिति वाले 50 विद्यार्थियों को नोटिस किया जारी

उप शिक्षा निदेशक /प्राचार्य डॉक्टर ओपी गुप्ता ने परीक्षा कक्षा का आकस्मिक निरीक्षण किया। आंतरिक परीक्षा में करीब 23 विद्यार्थी गैर हाजिर रहे हैं उनको नोटिस जारी किए गए हैं। डायट प्रशासन ने संस्थान में कम उपस्थिति वाले करीब 50 छात्र छात्राओं को नोटिस जारी किया है जवाब से संतुष्ट न होने पर उनको सेमेस्टर परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी। आंतरिक परीक्षा में कुल आठ विषयों (बाल विकास, शिक्षण अधिगम के सिद्धान्त, गणित, विज्ञान, सामाजिक अध्ययन, हिंदी, संस्कृत, कम्प्यूटर) की परीक्षाएं आयोजित हुई। प्रत्येक परीक्षा 10 अंक के लिए ली गई। इस परीक्षा के अंक प्रथम सेमेस्टर की आन्तरिक परीक्षा में जोड़े जाते हैं। संस्थान के

प्राचार्य/ उप शिक्षा निदेशक डॉ० ओम प्रकाश गुप्ता ने परीक्षा का औचक निरीक्षण किया। परीक्षा शुचितापूर्ण पाई गयी।

आंतरिक परीक्षा में 23 विद्यार्थी गैर हाजिर रहे उन्हें नोटिस जारी किया गया है। आंतरिक परीक्षा में कक्ष निरीक्षण स्नेहलता राव, डॉ० अनिल यादव डॉ० सुनील कुमार, डॉ० टीना वर्मा, डॉ० नेहा इकबाल, पुलकित शर्मा, शीतल कुमार, आशुतोष त्यागी, राशिद अली, अजय विक्रम सिंह एवं डॉ० लोकेन्द्र विश्वकर्मा उपस्थित रहे। डायट प्रवक्ता राशिद अली ने बताया कि कम उपस्थिति वाले 50 से ज्यादा विद्यार्थियों को नोटिस जारी किया गया है जब आपसे संतुष्ट न होने पर इनको आगामी सेमेस्टर परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद भी "कागजों में मनाया जा रहा है सड़क सुरक्षा पखवाड़ा"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

कांठ (सुदेश बिश्नोई) । सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए योगी सरकार ने परिवहन विभाग की 22 अप्रैल से 4 मई तक सड़क सुरक्षा पखवाड़ा मनाने के निर्देश दिए थे अभी तक यह पखवाड़ा कागजों में मनाया जा रहा है। सड़कों पर ओवरलोड वाहन खुलेआम दौड़ रहे हैं स्कूल की बस एवं स्कूल की मैजिक बिना फिटनेस के दौड़ रही हैं चालकों का मेडिकल फिटनेस नहीं कराया गया है। परिवहन विभाग ने सड़क दुर्घटनाओं में 50 प्रतिशत कमी लाने के लिए कार्ययोजना तैयार की थी। इसके तहत सभी जनपदों में आगामी 22 अप्रैल से 4 मई तक सड़क सुरक्षा पखवाड़ा मनाने का निर्णय किया गया था। गाड़ी चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग एवं ओवरलोडिंग सड़क दुघर्टनाओं के प्रमुख कारण होते हैं। इसलिये इसमें कमी लाने के लिये अवेयरनेस बिल्ट करने की जरूरत है। यह एक संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण मुद्दा है। स्कूली वाहनों का कराया जाए फिटनेस टेस्ट इसके अलावा परिवहन विभाग द्वारा सड़क पखवाड़ा के तहत प्रदेश के दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिये सभी स्कूली वाहनों का फिटनेस तथा वाहन चालकों के मेडिकल फिटनेस की जांच होनी थी जो अभी तक नहीं हुई। सभी शिक्षण संस्थानों में प्रार्थना सभा में छात्रों को सड़क की जानकारी दी जायेगी एवं सड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण कराई जानी थी जो अभी तक नहीं कराई गई ।कॉमर्शियल चालकों हेतु हेल्थ कार्ड अनिवार्य रूप से जारी किये जाने थे अब जो नहीं किए गए। ओवरलोडिंग को टास्क फोर्स द्वारा सोर्स प्वाइंट ही रोका जाना था जो नहीं रोका गया।प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं में 50 प्रतिशत तक कमी लाने के लिए सीएम योगी ने परिवहन विभाग को सख्त दिशा-निर्देश जारी किए गए थे लेकिन यह पखवाड़ा अभी तक कागजों में मनाया जा रहा है।

भाजपा प्रत्याशी के पक्ष मे जनसंपर्क कर मांगे वोट

बुलन्द संदेश ब्यूरो

कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी)। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं ने संभल लोकसभा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी के लिए क्षेत्र के विभिन्न गांव में घूम कर मतदाताओं से संपर्क करके वोट और सपोर्ट की अपील की है।

बुधवार को ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम कुतुबपुर अज्जू, ढकिया, सीलपुर, वाकीपुर, चकफाजलपुर मे जनसंपर्क कर जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा नसीम खान ने बूथ अध्यक्षों के साथ पन्ना प्रमुखो के साथ बैठक कर आगामी चुनाव की रणनीति बनाई। उन्होंने आगामी सात मई को भाजपा कार्यकर्ताओ से पार्टी के प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी के पक्ष मे वोट करने का अनुरोध किया। पन्ने के वोटो से करना है तथा अपने पन्ने पर बाहर रहने वाले वोटो से फोन से संपर्क कर उनसे भी उस दिन वोट करने का आग्रह करना है प्रत्येक पन्ना प्रमुख को अपने वोटो से रोजाना संपर्क करना है तथा सभी से परमेश्वर लाल सैनी के लिए वोट करने की अपील करनी है तथा सभी को भाजपा सरकार की योजनाओं के बारे में भी चर्चा करनी है तथा मंडल महामंत्री ठाकुर अरविंद कुमार पुंडीर ने बताया कि भाजपा सरकार में संभल लोकसभा से परमेश्वर लाल सैनी सांसद बनेंगे तभी संभल लोकसभा में विकास हो पाएगा परमेश्वर लाल सैनी के सांसद बनते ही संभल लोकसभा में विकास कार्यों की गंगा बहेगी उन्होंने बताया कि मोदी के मंत्र मेरा बूथ सबसे मजबूत तथा मेरा पन्ना मेरी जिम्मेदारी के अनुसार ही सभी कार्य करेंगे ।

और तीसरी बार फिर से नरेंद्र मोदी की सरकार बनेगी।

जनसंपर्क में मंडल महामंत्री ठाकुर अरविंद कुमार, जिला मंत्री अल्पसंख्यक मोर्चा नक्शे अली, बूथ अध्यक्ष शाहिद अहमद, डा जुवैर खान,हाजी इमरान, डॉक्टर इमरान चौधरी, डा इमरान, अजहर हुसैन, हुकम सिंह, सतीश सिंह,मोहम्मद नाजिर खान,छुट्टन खान,नासिर खान,वुनयाद खान,भूरे खान,शलीम खान, मोहम्मद उमर खान,आसिम खान,राशिद खान आदि उपस्थित रहे।

स्टेट बैंक मिनी शाखा केंद्र संचालक महिला के खाते से निकाले रुपए, पीड़ित महिला ने प्रबंधक को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई करने की लगाई गुहार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी)। अटल पेंशन की एवज मे महिला खाताधारक के खाते से भारतीय स्टेट बैक के मिनी शाखा केंद्र संचालक द्वारा धनराशि निकालने का मामला प्रकाश मे आया है। पीड़ित महिला खाताधारक ने बैंक के प्रबंधक को लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए कार्रवाई की मांग की है। कुन्दरकी क्षेत्र के गांव ढकिया जुम्मा निवासी महिला महशर जहां नगर मे स्थित भारतीय स्टेट बैंक शाखा की खाताधारक है। इसी शाखा की नगर मे डींगरपुर मार्ग गांव काजीपुरा के नजदीक अधिकृत मिनी शाखा संचालित है।

महिला खाताधारक का आरोप है कि एक सप्ताह पहले मिनी बैंक संचालक मौ.जान से खाते में सहसा हुई चार हजार सौ. रुपये की धनराशि कटने का कारण पूछा तो टालमटोल करता रहा। फिर अटल पेंशन योजना के तहत खाते से राशि निकलने की सफाई दी। मंगलवार को संतोषजनक जवाब नहीं दिए जाने पर पीड़ित महिला ने बैंक शाखा प्रबंधक अक्षय सचान से रुबरु होकर शिकायत दर्ज कराई। आरंभिक जांच में मिनी बैंक संचालक की लापरवाही सामने आई है। बैंक प्रबंधक का कहना है कि खाताधारक के विवरण की जांच की जा रही है, कमी पाए जाने पर विधिवत कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस ने मारपीट की आरोपी महिला को किया गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

कांठ (सुदेश बिश्नोई) । मारपीट की आरोपी महिला को पुलिस ने आज गिरफ्तार कर चालान किया है । बता दे की 2 दिन पहले ग्राम गढी में नीलोफर पत्नी सोहेल ने पड़ोसियों पर उसके घर में घुसकर मारपीट करने एवं गाली गलौज करने आदि के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया था जिसमें पुलिस ने धारा 458,336 ,323,504 और 506 के तहत दो महिलाओं सहित 4 के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था पुलिस ने आरोपी महिला नसीमा पत्नी असलम को गिरफ्तार कर लिया और संबंधित धाराओं में चालान किया है। यह जानकारी आज शाम थाना प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार सिंह ने दी है।

निराश्रित दो गोवंशों को शमशान घाट के पेड़ से बांधकर लोग हुए फरार, गौरक्षक विकास शर्मा ने गोवंश को गौशाला में संरक्षित कराया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

कांठ (सुदेश बिश्नोई)। विकास शर्मा (जिला संयोजक गौ सेवा गतिविधि, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) को भाजपा नेता सचिन चौहान उर्फ बंटी द्वारा फोन पर सूचना दी गई कांठ शमशान घाट पर 2 दिन पहले कोई व्यक्ति दो गोवंशों को पेड़ से बांध गया। विकास शर्मा ने बुधवार को मौके पर पहुंचकर निराश्रित गोवंश को आसपास के लोगों की मदद से भूसे एवं पानी की व्यवस्था कर इस संबंध में नगर पंचायत कांठ ई ओ से वार्ता की ओर उनसे अनुरोध किया गया की निराश्रित गोवंश 2 दिन से भूखे हैं इनको गौशाला में सुरक्षित एवं संरक्षित कराया जाए।

ईओ कांठ के निर्देश पर दोनों निराश्रित गोवंशों को कान्हा गौशाला कांठ जो ग्राम गोविंदपुर में बनी है उसमें दोनों गोवंशौ को सुरक्षित एवं संरक्षित कराया गया। गौ सेवा गतिविधि के जिला संयोजक विकास शर्मा ने प्रशासन से मांग की है जो लोग अपने

गोवंशों को निराश्रित कर छोड़ रहे हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने किसान भाइयों से हाथ जोड़कर निवेदन है की अपने क्षेत्र की गौशालाओं में भूसे का दान करें अपने आसपास के लोगों को दान करने के लिए प्रेरित करें। तभी निराश्रित गोवंशों को ठीक प्रकार से गौशालाओं में सुरक्षित एवं संरक्षित कर सकते हैं। दूसरी और शासन के शख्स निर्देश के बाद भी अनेक लोग निराश्रित गोवंश को चुपचाप सड़कों पर छोड़कर फरार हो रहे हैं।

संकुल शिक्षकों की मासिक बैठक में विभिन्न योजनाओं की प्रगति की हुई समीक्षा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

कांठ (सुदेश बिश्नोई) । प्राथमिक विद्यालय मौढी हजरतपुर में आज शिक्षण संकुल की मासिक बैठक का आयोजन किया गया और शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा हुई 'बैठक में स्कूलों में नामांकन बढ़ाने के लिए टोली का गठन करने एवं

स्कूलों में नामांकन बढ़ाने एवं समस्त विद्यालयों को निपुण बनाने का लिया संकल्प

समस्त विद्यालयों को निपुण बनाने का संकल्प लिया गया' शिक्षक संकुल मीटिंग का आयोजन बुधवार को दोपहर 2:00 बजे के बाद किया गया बैठक में नवीन नामांकन एवम स्कूल चलो अभियान ,5 पॉइंट टूल किट का उपयोग कर स्कूल निपुण करना, दीक्षा ऐप के प्रयोग एवम प्रशिक्षण की स्थिति, निपुण लक्ष्य एप द्वारा शत प्रतिशत बच्चों का आकलन,निपुणसंवाद का

अनुप्रयोग , एफ एल एन पर चर्चा एवम रणनीतियां, संदर्शिका का अनुप्रयोग ,शिक्षण योजना, स्कूल रेडिनेस कार्यक्रम टीएलएम निर्माण व कार्य पत्रक निर्माण आदि पर चर्चा और शिक्षण योजना प्रस्तुतीकरण, लर्निंग आउटकम आधारित शिक्षण हेतु स्विफ्टचैट एप्लीकेशन पर शिक्षक सहायक चैटबांट का प्रतिदिन प्रयोग करने की प्रगति , निपुण भारत साप्ताहिक क्विज, कक्षा 4 से कक्षा 8 में अध्ययनरत विद्यार्थियों हेतु राज्य के एकेडमिक कैलेंडर के अनुसार प्रत्येक सप्ताह अलग- अलग विषयों पर अभ्यास प्रश्न एवं शैक्षणिक सामग्री (वीडियो सामग्री) की विद्यालय वार शिक्षकों द्वारा प्रयोग की स्थिति , आई प्रॉजेक्ट, साइंस बुकलेट प्रयोग की स्थिति,उपचारात्मक शिक्षण संदर्शिका का अनुप्रयोग , आदि पर विस्तार से चर्चा की गई और विभिन्न योजनाओं को पूरा करने का संकल्प दिया गया बैठक में बताया गया कि प्रत्येक स्कूल में बच्चों का नाम आंगन करने के लिए एक शिक्षक की अगुवाई में बच्चों की टोली बनाई गई है जो गांव में जाकर बच्चों से संपर्क करेगी और स्कूल में उनका दाखिला करावेगी। बैठक में ए आर पी गौतम सिंह , संकुल शिक्षक शमीम अहमद ,गौरव यादव, संदीप पंवार ,प्रियंका चौधरी भुवनेश कुमारी, सना महफूज ,अजमा नाज, दीपा, जुबेरअहमद ,जुल्फकार ,सविता भारती, कृष्णाकुमार, उदयवीर, जावेद, नरेंद्र सिंह आदि मौजूद थे।

आत्म निर्भर भारत के सपने को साकार करने में व्यावसायिक शिक्षा जरूरी: आजमी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

मुरादाबाद। मुरादाबाद के रामनगर मझरा स्थित ए एम पब्लिक स्कूल में "आत्मनिर्भर भारत और व्यावसायिक पाठ्यक्रम" नामक शैक्षिक गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमे रोजगार परक अथवा व्यवसायिक पाठ्यक्रम पर जोर दिए जाने पर बल दिया गया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए मुरादाबाद मुस्लिम डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डॉ इश्तियाक

ए एम पब्लिक स्कूल में शैक्षिक गोष्ठी का आयोजन

आलम आजमी ने कहा कि वर्तमान में भारत को आत्मनिर्भर बनाने के क्रम में वर्तमान समय में व्यावसायिक पाठ्यक्रम अत्यंत आवश्यक है। जिन पर ध्यान दिए जाना चाहिए। डॉ शाकिर हुसैन इस्लाही ने शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने एवं वर्तमान शिक्षा पद्धति का पूरी तरह अनुसरण किए जाने पर बल दिया। पूर्व विधायक बलराम सिंह सैनी ने व्यावसायिक पाठ्यक्रम को अत्यंत जरूरी बताया। प्रधानाचार्य शाह आलम रौनक ने कहा कि देश में बेरोजगारी की समस्या को नियंत्रित करने हेतु व्यावसायिक पाठ्यक्रम भारत को आत्मनिर्भर बनाने

में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन में नितांत आवश्यक है। इसके अतिरिक्त डॉ रूबी सुलताना,डॉ मोहम्मद फहीम,डॉ मोहम्मद आसिफ आदि ने भी गोष्ठी में विचार व्यक्त किए।

इस अवसर पर इस अवसर पर पूर्व विधायक बलराम सिंह सैनी,प्रधानाचार्य शाह आलम रौनक,अभिनव सैनी,सुखविंदर कौर, मोहम्मद दानिश,ज्योति सैनी,खुशबू, संध्या सैनी,ईशा परवीन, कशिश, नीतू, गिरिराज सिंह, शगुफ्ता अंसारी, राशि, अमरनाथ, आफरीन,अनुज कुमार, मोनिका, शिवानी एवं शगुन आदि सम्मिलित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधायक बलराम सिंह सैनी व संचालन शगुन ने किया। अंत में प्रधानाचार्य शाह आलम रौनक ने सभी का आभार व्यक्त किया।

रैली का शुभारंभ उप जिलाधिकारी मनी अरोड़ा ने हरी झंडी दिखाकर किया

मतदाता जागरूकता अभियान के तहत दिव्यांगों ने निकाली रैली

बुलन्द संदेश ब्यूरो

बिलारी (एम.के.भारती सैफी)। बुधवार को तहसील परिसर से दिव्यांग मतदाता जागरूकता अभियान की रैली निकाली गई । मतदाता जागरूकता अभियान रैली का शुभारंभ एस डी एम मनी अरोड़ा ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया । मतदाता जागरूकता अभियान की दिव्यांग रैली में बिलारी क्षेत्र के विभिन्न गांव से दिव्यांग बच्चों और दिव्यांग शामिल हुए। रैली तहसील से शाहबाद रोड पौड़ा खेड़ा मंदिर होते हुए नगर के विभिन्न मौहल्लो से होते हुये तथा कोतवाली से घूमते हुए तहसील पर आकर समाप्त हुई । इसमें विकास खण्ड के सभी नोडल टीचर विशेष शिक्षक बिलारी तहसीलदार बिलारी ,खंड शिक्षा अधिकारी बिलारी ने समस्त दिव्यांग लोगों को धन्यवाद ज्ञापन किया अंत में सिस्प आइकॉन ने सबको मतदाता की शपथ दिलाई।

बैठक ग्राम पंचायत में हरा चारा बोने हेतु भूमि चिन्हित की गई

एसडीएम ने गौशालाओं के लिए भूसे के दान में सहयोग का किया आह्वान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

कांठ (सुदेश बिश्नोई)। जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह के निर्देश पर एसडीम विनय कुमार ने आज तहसील सभागार में राशन डीलर की बैठक बुलाई और क्षेत्र के लोगों को समझाकर भूसा दान करने का आह्वान किया। उन्होंने राशन डीलर से कहा कि किसानों के पास जाकर उन्हें दान का महत्व समझाये और गौशाला के लिए भूसा दान करवाने का काम करें। इससे पहले उन्होंने कल तहसील सभागार में गौवंश संख्क्षण हेतु जन सहभागिता सुनिश्चित कराते हुए स्वैच्छिक भूसा दान एवं गेहूं के सरकारी विक्रय केन्द्रों पर विक्रय किये जाने हेतु तहसील कांठ क्षेत्रान्तर्गत सभी

प्रधानगण नगर पंचायत उमरी कलां एवं कांठ के अधिशासी अधिकारी ग्राम पंचायत सचिव एवं लेखपालों के साथ बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से तहसील कांठ क्षेत्रान्तर्गत सभी ग्राम पंचायतों के सचिवों, सम्बन्धित ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानगण एवं सम्बन्धित लेखपाल गेंहूँ पैदा करने वाले किसानों को प्रेरित करते हुए गौशालाओं के लिए स्वैच्छिक भूसा दान करने , सम्बन्धित लेखपाल गेंहूँ पैदा करने वाले किसानों को प्रेरित करते हुए सरकारी कय केन्द्रों पर गेंहूँ विकय हेतु पंजीकरण करने ।प्रत्येक गौशाला से सम्बद्ध किये गये 10-10 ग्राम पंचायतों में हरा चारा बोने हेतु भूमि चिन्हित की गई है। उस पर शीघ्रता से हरे चारे की बुआई करायेंगे इस अभियान के साथ ग्राम प्रधानगण सचिव एवं लेखपाल जन सामान्य की सरकार द्वारा संचालित लाभप्रद योजनाओं भूमि विवाद जैसी समस्याओं का ग्राम पंचायतवार संकलन करेंगे, जिससे जन समस्याओं को यथासम्भव शीघ्र दूर किया जा सके ।मीटिंग की समाप्ति के उपरान्त उपजिलाधिकारी कांठ द्वारा मीटिंग में उपस्थित सभी प्रधानगण उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जिलाधिकारी के भूसा के स्वैच्छिक दान के आह्वान को जनु सामान्य में प्रचारित व प्रसारित करने हेतु आग्रह किया गया।

पुलिस ने महिला को आत्महत्या के लिए मजबूर करने के आरोप में एक व्यक्ति को किया गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

कांठ (सुदेश बिश्नोई) । पुलिस ने आज नगर की महिला को आत्महत्या के लिए मजबूर करने के आरोपियों में से एक को गिरफ्तार कर चालान कर दिया है 'घटना मार्च 2024 के तीसरे सप्ताह की है' नगर पंचायत के मोहल्ला पट्टी वाला निवासी नीतू पत्नी कुलदीप का शब रेलवे लाइन पर पड़ा मिला था सूचना मिलने पर नीतू के मायके वाले मौके पर पहुंच गए और उन्होंने हत्या का आरोप लगाया ।पुलिस ने शब का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा बताया गया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में कट कर मरने की बात सामने आई मृतका की भाभी लता पत्नी अरुण कुमार निवासी ग्राम मुख्तियारपुर नवादा ने इस संबंध में मृतक के देवर संदीप पुत्र राजपाल एवं

चचेरे ससुर और चचेरी सास के खिलाफ थाने में तहरीर दी पुलिस ने आत्महत्या के लिए मजबूर करने की धारा 306 में मुकदमा दर्ज किया और जांच शुरू कर दी आज पुलिस ने आरोपी संदीप पुत्र राजपाल को गिरफ्तार कर लिया और चालान कर दिया। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक अन्य दो आरोपियों को भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

मैं मुंबई छोड़ने ही वाली थी, जब मीठा खट्टा प्यार हमारा का ऑफर आया : आर्ची सचदेवा

एक्ट्रेस आर्ची सचदेवा टीवी शो मीठा खट्टा प्यार हमारा में सांची का किरदार निभाती नजर आएंगी। उन्होंने कहा कि यह किरदार निभाना उनकी किस्मत में था।

एक्ट्रेस मुंबई छोडने वाली थी, जब उन्हें सांची का रोल ऑफर हुआ।

आर्ची ने बतायाः मैं मीठा खट्टा प्यार हमारा का हिस्सा बनकर बेहद एक्साइटेड हूं। जब मैं जनवरी में मुंबई पहुंची, तो मैंने सांची के किरदार के लिए नहीं, बल्कि किसी दूसरे रोल के लिए ऑडिशन दिया। कई ऑडिशन के बावजूद, चीजें उम्मीद के मुताबिक नहीं रहीं और मैंने मुंबई छोडने का फैसला किया। एक्ट्रेस ने आगे कहा, किस्मत मेरे साथ थी, और मुझे सांची के रोल के लिए चुना गया था, और शायद यह किरदार निभाना मेरी किस्मत में था। सांची मॉडर्न और स्मार्ट लडकी है, वह वही हासिल करना चाहती है जिस पर उसने अपना दिल और नजरें जमा रखी हैं। मीठा खट्टा प्यार हमारा में प्रेरणा सिंह और अविनाश मिश्रा भी हैं। मीठा खट्टा प्यार हमारा का प्रीमियर 24 अप्रैल को स्टार प्लस पर होगा।

बॉक्स ऑफिस पर दो और दो प्यार ने एलएसडी 2 को चटाई धूल, मैदान ने दिखाया कमाल

रविवार का दिन बॉक्स ऑफिस के लिहाज से हमेशा खास रहता है। इस समय बड़े पर्दे पर लव सेक्स और धोखा 2, दो और दो प्यार, मैदान और बड़े मियां छोटे मियां दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए लगी हुई हैं।विद्या बालन की फिल्म की कमाई में जहां उछाल देखने को मिला, एलएसडी 2 की हालत और खस्ता हो चुकी है।इसके साथ ही बाकी दो फिल्मों के भी रविवार के आंकड़ें भी सामने आ गए हैं।

दिबाकर बनर्जी की लव सेक्स और धोखा 2 (एलएसडी 2) सिनेमाघरों में फ्लॉप साबित हो रही है।साल 2010 की हिट फिल्म लव सेक्स और धोखा के इस सीक्वल के बॉक्स ऑफिस पर खराब शुरूआत के बाद फिल्म ने रविवार तक सिर्फ 35 करोड़ रुपये का कुल कलेक्शन किया है।रविवार की बात करें तो फिल्म के संग्रह में और गिरावट देखने को मिली है। फिल्म ने अपने तीसरे दिन महज 8 लाख रुपये का ही कारोबार किया है। विद्या और प्रतीक गांधी की

फिल्म दो और दो प्यार की हालत में रविवार को सुधार देखने को मिला है।सैकनिल्क के मुताबिक, पहले दिन जहां फिल्म ने 55 लाख रुपये कमाए थे, वहीं दूसरे दिन फिल्म ने 95 लाख रुपये की कमाई की थी।इसके साथ ही तीसरे दिन यानी रविवार को इसने 1.15 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद भारत में इसका कुल कारोबार 2 करोड़ 65 लाख रुपये हो गया है।

अजय देवगन की मैदान बॉक्स ऑफिस पर घुटने टेकने लगी है। फिल्म को लेकर दर्शकों के बीच उत्साह होने के बाद यह कुछ कमाल नहीं दिखा सकी। उल्टा फिल्म का कारोबार दिन-ब-दिन और गिरता जा रहा है। 11वें दिन भी फिल्म कमाई के लिए संघर्ष करती दिखी। 11वें दिन इस फिल्म ने 3.25 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया, जिसके बाद इकी कुल कमाई 35.70 करोड़ रुपये हो गई है।बता दें, कई शहरों में फिल्म थिएटर से उतरने लगी है। अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की बड़े मियां छोटे मियां की कमाई बेशक इस हफ्ते रिलीज हुई फिल्मों से ज्यादा हो रही हो, लेकिन फिर भी वह जादू देखने को नहीं मिल रहा है।इसकी कमाई में मामूली बढ़त देखने को मिली है। 11वें दिन फिल्म ने एक करोड़ 1.77 करोड़ रुपये की कमाई की है। ऐसे में फिल्म का कुल कलेक्शन 54.82 करोड़ रुपये हो गया है।बता दें, फिल्म में पृथ्वीराज सुकुमारन खलनायक का किरदार निभा रहे हैं।

अवनीत कौर ने स्टायलिश आउटफिट में ढाया कहर, एक्ट्रेस की हॉटनेस ने बढ़ाया सोशल मीडिया का तापमान

अभिनय की दुनिया से ताल्लुक रखने वाली अवनीत कौर को भला कौन नहीं जानता है। ये अक्सर अपने ग्लैमरस लुक के चलते सोशल मीडिया पर छाई रहती है। टेलीविजन और फिल्म अभिनेत्री अवनीत कौर अपने स्टाइलिश लुक और ग्लैमरस अंदाज के लिए अक्सर सुर्खियों में रहती हैं. हाल ही में, उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वह नीले रंग के स्टाइलिश आउटफिट में बेहद खूबसूरत लग रही हैं. इन तस्वीरों में अवनीत कौर एक स्विमिंग पूल के पास खड़ी हैं और कैमरे के लिए पोज दे

रही हैं. अवनीत ने नीले रंग का क्रॉप टॉप और पैंट पहना हुआ है. उन्होंने अपने लुक को सिल्वर ईयररिंग्स और ग्लोइंग मेकअप से पूरा किया है. खुले बालों और आत्मविश्वास से भरी मुस्कान के साथ अवनीत कौर इस लुक में स्टनिंग लग रही हैं.

एक्ट्रेस का सोशल मीडिया अकाउंट को खंगालने पर अदाकारा की एक से बढकर एक फोटो देखने को मिल जायेगी। बाकी एक्ट्रेस के जैसे अवनीत कौर भी सोशल मीडिया पर खासा एक्टिव रहती है।

मनोरंजन की दुनिया में अवनीत की लोकप्रियता जाने-माने टीवी शो ह्य अलादीन ह्य से हुई थी।इस शो में उन्होंने शहजादी यास्मीन का किरदार बखूबी रूप से निभाया था। जोकि दर्शकों को खासा पसंद आया था ।वही सोशल मीडिया अकाउंट पर अवनीत के 32 मिलियन से भी अधिक फॉलोअर्स है।अवनीत एक्ट्रेस और सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर के तौर पर भी जानी जाती है। अवनीत के फिल्मी प्रोजेक्ट का जिक्र करे तो ये नवाजुद्दीन सिद्दिकी की फिल्म टीकू वेड्स शेरू से हिंदी फिल्मों में डेब्यू किया था। इस फिल्म में एक्ट्रेस अपने दे दुगने उम्र वाले स्टार को किस करने को लेकर एक्ट्रेस खासा चर्चा में रही।

प्राइम वीडियो ने अनुष्का सेन स्टारर यंग एडल्ट-ड्रामा दिल दोस्ती डिलेमा का ट्रेलर किया रिलीज, 25 अप्रैल को होगा प्रीमियर

प्राइम वीडियो ने आज अपने आने वाले यंग एडल्ट ड्रामा, दिल दोस्ती डिलेमा का बड़ा ही दिलचस्प और दिल को छू लेने वाला ट्रेलर जारी किया. नए जमाने के युवाओं पर आधारित यह मनोरंजक ऑरिजिनल सीरीज, पेंगुइन रैंडम हाउस द्वारा प्रकाशित और अंदलीब वाजिद द्वारा लिखी गई किताब अस्माराज समर से प्रेरित है, जिसे टेन इयर्स यंगर प्रोडक्शंस उसने प्रोड्यूस किया है। सीरीज में सीमा महापात्रा और जहाँआरा भार्गव क्रिएटिव प्रोड्यूसर के रूप में काम किया. डेब्बी राव के डायरेक्शन में बनी, तथा अनुराधा तिवारी, बग्स भार्गव कृष्णा, राघव दत्त और मंजिरी विजय द्वारा लिखी गई सात एपिसोड की यह सीरीज फील-गुड ड्रामा है, जिसमें अपनी जड़ों से जुड़े रहने, रिश्तों को संजोकर रखने और अपने वजूद की तलाश करने की अहमियत पर बल दिया गया है. इस सीरीज में कई प्रतिभाशाली कलाकारों ने साथ मिलकर काम किया है, जिसमें अनुष्का सेन, कुश जोतवानी, तन्वी आजमी, और शिशिर शर्मा ने मुख्य किरदार निभाए हैं, जबकि श्रुति सेठ, सुहासिनी मुले, विशाखा पांडे, रेवती

पिल्लई, और एलीशा मेयर अहम भूमिकाओं में नजर आने वाले हैं. 25 अप्रैल को प्राइम वीडियो पर दिल दोस्ती डिलेमा का प्रीमियर हिंदी में होगा, साथ ही तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ में इसकी डबिंग भी उपलब्ध होगी। डायरेक्टर, डेब्बी राव ने कहा, दिल दोस्ती डिलेमा मेरे लिए बेहद खास प्रोजेक्ट है. हम पहले भी पुष्पावल्ली के लिए साथ काम कर चुके हैं और यह मेरी पसंदीदा स्ट्रीमिंग सर्विस झ प्राइम वीडियो के साथ हमारी दूसरी साझेदारी है. जब मेरे पास यह स्क्रिप्ट आई तोह इसकी संपूर्ण मनोरंजन करने की क्षमता ने मुझे बहुत प्रभावित किया। अनुष्का सेन कहती हैं, इस सीरीज की स्क्रिप्ट पढकर मुझे ऐसा लगा, मानो मैं अस्मारा के किरदार में अपना एक अंश ढूंढ रही हूँ, जिसका अंदाज मेरे जैसा होते हुए भी मुझसे जुदा भी है. सच कहूं तो मुझे इस कहानी की जो बात सबसे अच्छी लगी, वो ये है कि यह दोस्ती और परिवार के रिश्तों की अहमियत को बयां करती है।

अरनमनई 4 का गाना अचाचो हुआ रिलीज, तमन्ना-राशी की दिलकश अदाओं ने जीता दिल

निर्देशक सुंदर सी की हॉरर कॉमेडी अरनमनई 4 का प्रोमो गाना अचाचो आज रिलीज कर दिया गया। इस गाने में तमन्ना भाटिया और राशी खन्ना डांस करती नजर आ रही हैं। इस गाने को अभीतक चार लाख लोग देख चुके हैं। यह फिल्म का प्रोमो गाना है, जिसमें तमन्ना और राशी की दिलकश अदाओं पर फैंस फिदा हो गए हैं। इस डांस नंबर में हिपहॉप तमिझा का संगीत, विग्नेश श्रीकांत के बोल और खरेस्मा रविचंद्रन के स्वर हैं।

फिल्म के निमार्ता खुशबू सुंदर ने फिल्म का गाना अपने सोशल मीडिय हैंडल पर शेयर किया है। उन्होंने लिखा, आनंद लें इस गाने का और साथ ही इस सैसी नंबर पर थिरकें। एक सुंदर जादुई एंटरटेनमेंट। इसी के साथ सुंदर ने फिल्म की रिलीज डेट घोषणा की। इस पोस्ट के जरिए उन्होंने बताया कि यह फिल्म कब रिलीज होगी। आगे सुंदर ने लिखा, अरनमनई 4 26 अप्रैल को रिलीज हो रही है। यह गाना तेलुगु में पंचुको के नाम से रिलीज किया गया। डांस नंबर में तमन्ना और राशी अपने हिप-हॉप दिखाते हुए नजर आई। इस डांस नंबर को लेकर फैंस बेहद उत्साहित हैं। यह हॉरर कॉमेडी सीरीज अरनमनई की चौथी फिल्म है। अरनमनई 4 तेलुगु में बाक के नाम से रिलीज हो रही है, जिसका नाम फिल्म के भूत के नाम पर रखा गया है। फिल्म के मेकर्स ने हाल ही में एक ट्रेलर जारी किया जिसमें फिल्म की कहानी की झलक मिली।

इस फ्रैंचाइजी की पहली फिल्म 2014 में रिलीज हुई थी। इसमें सुंदर, हंसिका मोटवानी, विनय राय और एंड्रिया जेरेमिया ने एहम किरदार निभाया था। दूसरी फिल्म, जो 2016 में रिलीज हुई थी, उसमें सिद्धार्थ और तृषा के अलावा सुंदर और हंसिका भी थे। तीसरी फिल्म, जो 2021 में रिलीज हुई, में सुंदर, आर्य, राशी और एंड्रिया ने अभिनय किया। अरनमनई 4 आने वाली 26 अप्रैल को रिलीज होगी।

सिंघम अगेन का नया पोस्टर रिलीज, धांसू अंदाज में दिखी लेडी सिंघम दीपिका पादुकोण

रोहित शेट्टी के कॉप यूनिवर्स की पांचवी फिल्म सिंघम अगेन पिछले लंबे समय से चर्चा में बनी हुई है. फैंस इस मल्टीस्टारर फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. रोहित ने कुछ समय पहले फिल्म के सारे कैरेक्टर से दर्शकों को इंट्रोड्यूस करवाया था, जिसके बाद से फैंस इस फिल्म को लेकर बेहद एक्साइडेट हैं। फैंस के एक्साइटमेंट को दोगुना बढ़ाने के लिए रोहित ने एक बार फिर दीपिका पादुकोण का लुक पोस्टर शेयर किया है. इस फोटो में एक्ट्रेस का दमदार अवतार देखने को मिल रहा है. रोहित शेट्टी ने इसे अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर साझा करते हुए कैप्शन में लिखा है कि ये मेरी हीरो है. रील और रियल लाइफ में भी लेडी सिंघम...

सोशल मीडिया पर रोहित शेट्टी का ये पोस्ट खूब वायरल हो रहा है. फोटो पर कमेंट्स की बाढ़ आ गई है. किसी एक यूजर ने लिखा कि एक मां यूनिफॉर्म पहनकर देश की सेवा कर रही है. तो किसी अन्य यूजर ने लिखा कि लेडी सिंघम फायर है. मजा आ गया बाबू भैया...

वहीं दीपिका के फर्स्ट लुक पोस्टर में एक्ट्रेस ने पुलिस की वर्दी पहने चंडालिका रूप दिखाया था. पोस्टर में एक्ट्रेस गुंडे के ऊपर बैठकर उसके बाल को एक हाथ के खींच रही हैं और दूसरे हाथ से उसके माथे पर बंदूक ताने हुए नजर आईं थीं। बता दें कि साल 2022 में आई फिल्म सर्कस के दौरान डायरेक्टर रोहित शेट्टी ने अपनी लेडी सिंघम का खुलासा कर दिया था. उन्होंने बता दिया था कि दीपिका पादुकोण ही सिंघम अगेन में लेडी सिंघम बनेंगी। बता दें कि इन दिनों मुंबई में सिंघम 3 की शूटिंग चल रही है. मुंबई में ही इसका सेट तैयार किया गया है. वहीं फिल्म के स्टारकास्ट की बात करें को दीपिका के अलावा रोहित की इस मल्टीस्टारर फिल्म में दीपिका के अलावा अजय देवगन, करीना कपूर खान, रणवीर सिंह, अक्षय कुमार जैसे कलाकार धमाल मचाते हुए नजर आएंगे. खबरें हैं कि ये मूवी इसी साल 2024 में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर रिलीज होगी।

विक्रांत मैसी की द साबरमती रिपोर्ट का टीजर जारी, दर्दनाक कहानी की एक झलक

डायरेक्टर विधु विनोद चोपड़ा की फिल्म 12वीं फेल से फैंस के दिलों का जीतने वाले अभिनेता विक्रांत मैसी आने वाले समय में फिल्म द साबरमती रिपोर्ट में नजर आने वाले हैं। बीते दिनों से इस मूवी को लेकर एक्टर का नाम चर्चा का विषय बना हुआ है। इस बीच सच्ची घटना से प्रेरित द साबरमती रिपोर्ट का एक और लेटेस्ट टीजर रिलीज कर दिया गया है।

इस टीजर में साफ दिखाया गया है कि ये फिल्म एक दर्दनाक हादसे की दिल दहलाने वाली कहानी को बयां कर रही है। आइए एक नजर द साबरमती रिपोर्ट के इस लेटेस्ट टीजर पर डालते हैं।

कुछ समय पहले निर्देशक रंजन चंदेल के डायरेक्शन में बनने वाली द साबरमती रिपोर्ट का अनाउंसमेंट वीडियो लॉन्च किया गया था। तब से इस मूवी को लेकर फैंस की उत्सुकता काफी बढ़ी हुई है। अब उनकी ये एक्साइटमेंट और भी अधिक बढ? वाली है, क्योंकि मेकर्स की तरफ से द साबरमती रिपोर्ट का नया टीजर रिलीज किया गया है।

निमार्ता एकता कपूर के बालाजी मोशन पिक्चर बैनर तले बनने वाली इस फिल्म के टीजर में साल 2002 में गुजरात में हुई खौफनाक ट्रेन हादसे की कहानी को दिखाया गया है। इस घटना की सच्चाई बताने में मीडियाकर्मियों ने किस तरह से भूमिका अदा की, उसे द साबरमती रिपोर्ट के टीजर में साफतौर पर दशार्या गया है। विक्रांत मैसी इस मूवी में एक न्यूज रिपोर्टर के किरदार में मौजूद हैं। उनके अलावा साउथ एक्ट्रेस राशि खन्ना और रिद्धि डोगरा भी इस फिल्म में अहम रोल अदा करती दिखेंगी। कुल मिलाकर कहा जाए तो द साबरमती रिपोर्ट का ये टीजर काफी प्रभावशाली माना जा रहा है।

इस टीजर के सामने आने के बाद हर कोई विक्रांत मैसी की द साबरमती रिपोर्ट का बड़ी बेसब्री से इंतजार कर रहा है। कुछ महीने के बाद आने वाली 3 मई 2024 को द साबरमती को बड़े पर्दे पर रिलीज की जाएगी।

गलगोटियास विश्वविद्यालय में आहार बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी) का उद्घाटन समारोह सम्पन्न हुआ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

दनकौर। गलगोटियास विश्वविद्यालय द्वारा उठाया गया यह कदम आगे आने वाले समय में स्वास्थ्य सेवाओं में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। इस कार्यक्रम की शुरूआत बुधवार को हुई। जिसमें प्रतिष्ठित संकाय सदस्यों सहित सभी अतिथियों का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। यह कार्यक्रम गलगोटियास विश्वविद्यालय के ई-ब्लॉक (फिजियोथेरेपी ओपीडी) में हुआ, जिसे पोषण और कल्याण की थीम को दर्शाते हुए प्रतीकात्मक सजावट से सजाया गया था। डाइट ओपीडी प्रत्येक बुधवार एवं गुरुवार को प्रातः 10:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक कार्यरत रहेगी। समारोह की औपचारिक शुरूआत औपचारिक रूप से रिबन काटकर, डायट ओपीडी के उद्घाटन के प्रतीक के रूप में, दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुई। यह क्षण स्कूल ऑफ बायोमेडिकल साइंसेज के छात्रों और संकाय सदस्यों द्वारा सावधानीपूर्वक योजना और समर्पित प्रयासों की परिणति को चिह्नित करता है। विशिष्ट अतिथियों ने निवारक स्वास्थ्य देखभाल में पोषण के महत्व और समग्र कल्याण को बढ़ावा देने में आहार ओपीडी की भूमिका पर जोर देते हुए व्यावहारिक भाषण दिए। इस कार्यक्रम ने छात्रों को विभिन्न आहार संबंधी पहलुओं पर संकाय सदस्यों और छात्रों को परामर्श देने के लिए एक उत्कृष्ट मंच प्रदान किया।

गाजियाबाद सुपरटेक आईकॉन इंदिरापुरम में प्रदूषण की भयानक स्थिति

बुलन्द संदेश ब्यूरो

गाजियाबाद (आशा चौधरी)। इंदिरापुरम न्याय खंड एक में सुपरटेक आईकॉन सोसाइटी में पॉल्यूशन को लेकर एक बहुत ही भयानक स्थिति बनी हुई है इनके जनरेटर की कोई भी मेंटेनेंस नहीं है जिसके कारण इसे इतना जहरीला धुआं निकलता है कि आसपास के लोगों को और समिति के लोगों को सांस लेना मुश्किल हो गया है न केवल सांस ले पा रहे हैं बल्कि साथ-साथ आंखों में भी जलन होती है जब यह जनरेटर चलता है तो कृपया मेरी सभी प्रशासनिक अधिकारियों से निवेदन है कि वह ईश्वर संज्ञान लेते हुए सुपरटेक आईकॉन मेंटेनेंस डिपार्टमेंट पर कार्रवाई करते हुए आसपास की जनता को इस पॉल्यूशन भरी जिंदगी से निजात दिलाने में सहायता करें।

ताकत दिखाने का अंतिम दिन, आज शाम 5 बजे थम जाएगा प्रचार, पोलिंग पार्टियां कल होंगी रवाना

मेरठ (आरएनएस)। चुनावी मैदान में प्रत्याशियों ने ताकत झोंकी हुई है। राजनीतिक पार्टी के दिग्गज अपने-अपने प्रत्याशी को जिताने के लिए मैदान उतरे हुए हैं। दूसरे चरण का चुनाव प्रचार बुधवार शाम 5 बजे थम जाएगा। गुरुवार को विक्टोरिया पार्क से मेरठ-हापुड़ लोकसभा चुनाव में पांच विधानसभा में 756 मतदान केंद्रों पर पोलिंग पार्टियां पहुंच जाएंगी। इसकी तैयारियों में जिला प्रशासन जुटा है।

26 अप्रैल को दूसरे चरण का चुनाव होना है। मेरठ-हापुड़ लोकसभा में किठौर, मेरठ कैंट, मेरठ शहर, मेरठ दक्षिण व हापुड़ विधानसभा में 20 लाख 530 मतदाता वोट करेंगे। जहां पर 756 मतदान केंद्र बने हैं। बुधवार शाम को प्रचार प्रसार रुक जाएगा। जिला प्रशासन ने विक्टोरिया पार्क से पोलिंग पार्टियां रवाना करने की तैयारी कर ली है। जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक मीणा ने बताया कि पोलिंग बूथ तैयार हो गई हैं। पांचों विधानसभा में पिंक बूथ, दिव्यांग, मॉडल बूथ, युवा बूथ बनाए गए। प्रशासन के द्वारा बूथों सजावट का कार्य चल रहा है।

पांचों विधानसभावार मतदान

विधानसभा	मतदाता
किठौर	368872
मेरठ कैंट	439553
मेरठ शहर	314618
मेरठ दक्षिण	497301
हापुड़ विधानसभा	380186।

मतदाताओं को मतदान करने से पहले दो बार सोचना चाहिए: प्रियंका गांधी

चित्रदुर्ग । कांग्रेस की वरिष्ठ नेता प्रियंका गांधी ने कर्नाटक के मतदाताओं से नफरत भरे भाषणों से नाराज न होने की अपील की। प्रियंका गांधी का कहना है कि मतदाताओं को मतदान करने से पहले दो बार सोचना चाहिए। प्रियंका गांधी ने कर्नाटक के चित्रदुर्ग में एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने मतदाताओं से देश के लिए और उनके विकास के लिए वोट करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि देश में जो हो रहा है वह गलत है। चंद लोगों को फायदा पहुंचाने के लिए गरीबों, मध्यम वर्ग, मजदूरों पर बुलडोजर चलाया जा रहा है। राष्ट्रीय संपत्ति चंद लोगों को दी जा रही है। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि केंद्र ने कर्नाटक को सूखा राहत नहीं दी। उत्तरी कर्नाटक के रायचूर शहर में एम्स की मांग वर्षों से की जा रही है, लेकिन आज तक इस पर कोई चर्चा नहीं हुई है। कलसा-बंडूरी योजना से लोगों को पानी मिलेगा। केंद्र सरकार अनुमति देने से इनकार कर रही है। तुमकुर चिक्कमगलुरु और दावणगेरे जिले को पानी उपलब्ध कराने वाली अपर भद्रा परियोजना के लिए धनराशि जारी नहीं की जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने कर्नाटक को धन के मामले में 62 हजार करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाया है। प्रधानमंत्री दावा करते हैं कि वह दिन-रात काम करते हैं। फिर यह पक्षपातपूर्ण मानसिकता क्यों? संकट में फंसे हिमाचल प्रदेश को भी कुछ नहीं मिला। इससे पता चलता है कि उन्हें देश की कोई चिंता नहीं है। प्रियंका गांधी ने यह भी घोषणा की कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो काडू गोल्ला समुदाय को एसटी का दर्जा मिलेगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) कानून बन जाएगा। कृषि उत्पादों पर कोई जीएसटी नहीं लगेगा। फसलों के लिए बीमा कवर होगा, जहां फसल नुकसान होने पर 30 दिन में मुआवजा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान महंगाई, स्वास्थ्य के बारे में कोई बात नहीं होती है। केवल भड़काऊ भाषण दिए जाते हैं और भाजपा, सरकारों का गिरना सुनिश्चित करती है। प्रियंका गांधी ने कहा कि मैं यहां उस देश के बारे में बात करने आई हूं, जिसे आपने अपनी कड़ी मेहनत से बनाया है। एक तरफ महंगाई, बेरोजगारी की कड़वी सच्चाई है, तो दूसरी तरफ देश के बुलंदियां छूने की बात भी हो रही है। लोगों के जीवन में संघर्ष बढ़ता जा रहा है। पेट्रोल-डीजल, सोना, चांदी और एलपीजी सिलेंडर के दाम बढ़ गए हैं।

इस्सयोग'-प्रवर्त्तक के दो दिवसीय महानिर्वाण महोत्सव अखण्ड साधना,हवन-यज्ञ के साथ सम्पन्न हुआ

सदगुरु की दृष्टि से कोई भी ओझल नहीं है: माँ विजया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

पटना (विनोद तकियावाला)। गुरुदेव की वाणी में अद्भुत शक्ति थी। वे वैज्ञानिक दृष्टि से अध्यात्म की व्याख्या करते थे।वे कहा करते थे कि हर एक व्यक्ति ऊर्जा की घनीभूत इकाई है। संपूर्ण ब्रह्माण्ड ही विराट ऊर्जा का पूँज है। वही परमात्मा है।परम वैज्ञानिक थी ब्रह्मलीन सदगुरुदेव की आध्यात्मिक दृष्टि, जो आधुनिक संसार को आकर्षित करती है।आज दुनिया के वैज्ञानिक भी वही बात कहने लगे हैं,जो हजारों वर्ष पूर्व हमारे संत-ऋषि कह चुके,जो हमारे सदगुरु कहा करते थे।

यह बातें बुधवार को,बी-108, कंकड़बाग हाउसिंग कौलोनी स्थित गुरुधाम में,'अन्तर्राष्ट्रीय इस्सयोग समाज' के तत्त्वावधान में,'इस्सयोग' के प्रवर्त्तक और अन्तर्राष्ट्रीय इस्सयोग समाज के संस्थापक ब्रह्मलीन सद्गुरुदेव महात्मा सुशील कुमार के २२वें महानिर्वाण महोत्सव में अपना उद्गार व्यक्त करते हुए,संस्था के उपाध्यक्ष पूज्य बड़े भैया श्रीश्री संजय कुमार ने कही।उन्होंने कहा कि परमात्मा कुछ चुने हुए लोगों को किसी सक्षम सदगुरु का सान्निध्य प्रदान करते हैं।हम सभी सौभाग्यशाली है,जिन्हें सदगुरु एवं सदगुरुमाँ का दिव्य-सान्निध्य प्राप्त हुआ है।दो दिनों के इस उत्सव में अद्भुत दिव्यता व्याप्त थी। मौसम को भी अनुकूल होना पड़ा।यह

इस्सयोगियों की आत्म -शक्ति का परिचायक है।अपने आशीर्वचन में संस्था की अध्यक्ष एवं ब्रहनिष्ठ सदगुरुमाता माँ विजया जी ने कहा कि परमात्मा और सदगुरु की दृष्टि से कोई भी ओझल नहीं है।सब पर उनकी दृष्टि होती है। हमारा कुछ भी उनसे छुपा नहीं होता।इसलिए हमारा मन शुद्ध रूप से सदगुरु परमात्मा में लगा होना चाहिए।माताजी ने कहा कि मन्दिर अथवा मूर्ति चेतन नहीं होते,हमारा मन चेतन होता है। हम चेतन हैं।एक श्रद्धालु जिस भाव से किसी मूर्ति के समक्ष खड़ा होकर प्रार्थना करता है,उसी अनुरूप उसे प्राप्ति होती है।उन्होंने कहा कि सुख और दुःख और कुछ नहीं, मन की अवस्थाएँ हैं।एक ही बात से कोई व्यक्ति दुखी तो कोई प्रसन्न हो सकता है,और,किसी पर उसका कोई प्रभाव नहीं पड़ता। 'इस्सयोग' की साधना एक साधक को मन पर अधिकार करने की शक्तियाँ प्रदान करती है।इसलिए प्रत्येक साधक को प्रतिदिन कमसेकम एक घंटे की सूक्ष्म आंतरिक साधना श्रद्धापूर्वक अवश्य करनी चाहिए।सदगुरुदेव ने 'इस्सयोग'के रूप में जो वरदान दिया है,उसके प्रसार का समय आ चुका है। इसके पूर्व माताजी के निर्देश पर पूज्य बड़े भैया ने अमेरिका की इस्सयोगी बालिका सुभी राज तथा थाईलैंड की इस्सयोगी बालिका आकर्षा पाण्डेय को, उसकी विशेष प्रतिभा के लिए, इस वर्ष का 'महात्मा सुशील कुमार माँ विजया प्रोत्साहन पुरस्कार' प्रदान किया।

परिषदीय विद्यालयों का समय सुबह 7:30 से दोपहर 1:00 बजे तक किया, शासन का आदेश बुधवार की शाम हुआ जारी

कांठ (सुदेश बिश्नोई) । शासन ने आज शाम एक आदेश जारी कर भीषण गर्मी को देखते हुए परिषदीय विद्यालयों का समय सुबह 7:30 से दोपहर 1:00 बजे तक करने का निर्णय किया है इस संबंध में शासन के विशेष सचिव यतीन्द्र कुमार, ने आदेश जारी किया है। जानकारी के अनुसार बुधवार की शाम शासन द्वारा जारी एक आदेश में बताया गया है कि शैक्षिक सत्र 2024-25 में "उ0प्र0 बेसिक शिक्षा परिषद के नियंत्रणाधीन कक्षा-1 से 8 तक परिषदीय/मान्यता प्राप्त विद्यालयों में अग्रिम आदेश तक प्रातः 7:30 बजे से अपरान्ह 1:00 बजे तक संचालित किये जाने का निर्णय लिया गया है।

दहेज उत्पीड़न के मामले में पति सहित साथ के खिलाफ मुकदमा दर्ज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

कांठ (सुदेश बिश्नोई)। दहेज की मांग को लेकर किए जा रहे उत्पीडन मे पुलिस ने सात के खिलाफ मामला दर्ज किया है। थाना छजलैट के गांव सलावा खेडा निवासी सादमा की शादी गांव मे ही जुल्फकार के साथ हुई थी। आरोप है की ससुराल बाले कम दहेज को लेकर खुश नही थे और दहेज की मांग को लेकर उसका उत्पीडन करते आ रहे थे। लेकिन इस सबके बीच उसके लडकी पैदा हुई तो उत्पीडन ज्यादा करना शुरू कर दिया। पीडिता ने देबर पर भी उसके साथ गलत काम करने का आरोप लगाया। एक दिन ज्यादा मारपीट की तो पडौस के लोगो ने उसे बचाया। डायल 100 से शिकायत करने पर उसे मायके भेज दिया गया। महिला की तहरीर पर पुलिस ने जुल्फकार पुत्र नबाव, नबाव, भूरी पत्नी नबाव, रानी पुत्री नबाव, हारून पुत्र नबाव, इंतजार और युसुफ के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

लोकसभा चुनाव में रोडवेज की 33 बसें गईं

मेरठ (आरएनएस)। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के लिए प्रशासन लगातार रोडवेज की बसें ले रहा है। अभी तक 33 रोडवेज बस प्रशासन ले चुका है। सबसे अधिक 23 बसें सोहराब गेट डिपो की गई हैं, जिससे लंबी दूरी की बसों का संचालन प्रभावित हुआ है। आगामी दिनों में प्रशासन करीब 80 बसें और लेगा। लोकसभा चुनाव में प्रशासन वाहनों का अधिग्रहण करता है। मतदान कर्मियों को मतदान स्थल पर ले जाने के लिए प्राइवेट वाहन अधिग्रहण किए जाते हैं, जबकि पुलिस फोर्स को लेकर जाने के लिए रोडवेज बसें ली जाती हैं। पहले चरण के चुनाव में प्रशासन ने रोडवेज की 14 बसें ली थीं। अब दूसरे चरण के चुनाव में 26 अप्रैल को मतदान होना है। जिले में पुलिस फोर्स को मतदान केंद्रों पर लेकर जाने के लिए प्रशासन ने 19 बसें और ली हैं। इनमें से सबसे अधिक 23 बसें सोहराब गेट डिपो की ली गई है। आठ बसें बड़ौत डिपो की और दो बस मेरठ डिपो की ली गई है। सोहराब गेट डिपो के अधिकारियों ने लंबी दूरी की बसों को कम करके ये बसें दी है। जिससे लंबी दूरी की बसों का संचालन प्रभावित हुआ है। पहले हल्द्वानी चार बसें जाती थी, अब दो जाएगी। इसी कारण गोरखपुर की बसें भी कम की गई है।

दादरी में मोहल्ला मेवातीयान निवासी युवा नेता नईम मेवाती ने भाजपा प्रत्याशी डॉट्र महेश शर्मा का ऐतिहासिक स्वागत किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

ग्रेटर नोएडा। दादरी में युवा नेता नईम मेवाती ने मौहल्ला मेवातीयान में भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर महेश शर्मा का स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान मुस्लिम समाज के सैकड़ों मोजजिज व्यक्तियों की गरिमामय उपस्थिति दर्ज रही। शानदार और सफल कार्यक्रम रहा। विशेष आभार श्री एचट्र केट्र शर्मा (वरिष्ठ समाजसेवी), अन्नू पंडित (पूर्व जिलाध्यक्ष भाजयुमो) आदि सभी का, इस दौरान भाजपा प्रत्याशी ने केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं गिनाई और दस मिनट से अधिक समय तक संबोधित किया और एक घंटे से अधिक समय तक मौजूद रहे, भाजपा के समर्थन वाले प्रोग्राम में मुस्लिम समाज के गणमान्य व्यक्तियों की बड़ी संख्या में मौजूदगी से खुश नजर आए, इस मौके पर नईम मेवाती आदि सभी ने अपने पोलिंग बूथों और आस पड़ोस के पोलिंग बूथों से अधिक से अधिक वोट भाजपा प्रत्याशी को दिलाने का वादा किया। नईम मेवाती ने कहा कि प्रधानमंत्री आवाज योजना, मुफ्त राशन योजना, आयुष्मान कार्ड योजना आदि जनकल्याणकारी योजनाओं से घर घर में खुशहाली आई है। नईम मेवाती ने कहा कि हमारे सभासद कार्यकाल के दौरान 47 मकान केंद्र सरकार की तरफ से आम नागरिकों के बनाए गए थे और वो भी बिलकुल सीधे लाभार्थी के अकाउंट में रुपए ट्रांसफर कर। मोदी जी की सरकार में बिना किसी भेदभाव के देशवासियों का विकास हो रहा है तो हमारी जिम्मेदारी बनती है कि हम गंदी राजनीति करने वाले क्षेत्रीय राजनीतिक दलों के दुष्प्रचार और अफवाहों से बचते हुए भारतीय जनता पार्टी को वोट देने का काम करना चाहिए। इस कार्यक्रम का संचालन फकरुद्दीन कोटिया ने किया, इस मौके पर हाजी मुंशी कमरुद्दीन, सेजोर मेवाती, साबू मेवाती, सम्मी मंसूरी, नासिर पहलवान, कपिल कौशिक, बबली इदरीसी, आसिम मेवाती, फक्कर मेवाती, फकरुद्दीन कोटिया, जफरुद्दीन मेवाती, सलीम अब्बासी, अनीस शेख, शोएब सिद्दीकी, फुरकान मलिक, संदीप गोयल, श्रीचंद सेन आदि सैकड़ों की संख्या में मौजूद रहे।

सुरक्षा सर्वोपरि किसी भी प्रकार की छोटी से छोटी घटना संज्ञान में आने पर तत्काल मौके पर पहुंचकर उसका निराकरण करे

ईवीएम मशीन की सुरक्षा सर्वोपरि है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं :जिला निर्वाचन अधिकारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

बुलन्दशहर। गौतमबुद्धनगर एवं बुलन्दशहर सीट के लिए 26 अप्रैल, 2024 को होने वाले मतदान को सकुशल, पारदर्शिता, निष्पक्षता के साथ सम्पन्न कराए जाने के लिए निर्वाचन में लगे जोनल सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं पुलिस के जोनल सेक्टर अधिकारी की आज निकुंज हॉल, नुमाईश ग्राउंड में ब्रीफिंग आहूत की गयी जिसकी संयुक्त रुप से अध्यक्षता जिला निर्वाचन अधिकारी श्री चन्द्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री श्लोक कुमार द्वारा की गयी। ब्रीफिंग में सभी अधिकारियों को विस्तृत रूप से निर्वाचन सम्पन्न कराने के लिए माननीय भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशो के बारे में जानकारी दी गयी। सभी जोनल सेक्टर मजिस्ट्रेट को निर्देशित किया गया कि निर्वाचन की प्रक्रिया को पूरी पारदर्शिता के साथ सम्पन्न कराना है। इसके लिए जो भी आयोग के निर्देश है उन्हें अच्छी प्रकार से पढ़ लें। निर्वाचन को माननीय आयोग के निर्देशानुसार ही सम्पन्न कराया जाना है। मतदान के दिवस प्रातःकाल में अपने समक्ष किसी भी बूथ पर उपस्थित रहकर मॉकपोल की प्रक्रिया को पूरा कराकर मतदान की प्रक्रिया को शुरू कराए। पुलिस के अधिकारी एवं जोनल सेक्टर मजिस्ट्रेट एक साथ ही रहकर निर्वाचन प्रक्रिया पर निगरानी रखें। किसी भी प्रकार की छोटी से छोटी घटना संज्ञान में आने पर तत्काल मौके पर पहुंचकर उसका निराकरण करें। सभी अधिकारी अपने अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर मतदान को सकुशल सम्पन्न कराएंगे। बूथों पर ही निर्वाचन कार्यों में लगे कार्मिकों के खाने पीने की व्यवस्था मिड डे मील के रसोईयों के माध्यम से करायी गयी है। यहां से भुगतान के आधार पर खाना लिया जा सकेगा। किसी भी प्रकार से बाहरी व्यक्ति से अथवा ढाबा, होटल पर ईवीएम मशीन लेकर खाना नहीं खाएंगे। पुलिस के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि ईवीएम मशीन की सुरक्षा सर्वोपरि है । इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ईवीएम को रखने, लानेझ्ले जाने की जिम्मेदारी मतदान पार्टी की है तथा उसकी पूर्ण सुरक्षा पुलिस के द्वारा की जाएगी। इसलिए अपनी सुरक्षा में ईवीएम को मंडी में बनाए गए स्ट्रॉग रूम में जमा कराए। माननीय आयोग के एप सीएमएस एरटर को सभी अधिकारी डाउनलोड करने के साथ ही पीठासीन अधिकारी को भी एप डाउनलोड करा दें। निर्देशित किया गया कि मतदान केन्द्र से 200 मीटर की परिधि से बाहर वाहनों की पार्किंग सुनिश्चित करायी जाए। राजनैतिक दलों द्वारा लगाए जाने वाले बस्ते को भी परिधि से बाहर ही लगवाएं तथा जिन पर किसी भी प्रकार की प्रचार सामग्री नहीं रखी जाएगी। न ही किसी को भी प्रचार करने दिया जाएगा। सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखी जाए। अवांछित तत्त्वों को लाल कार्ड जारी कर उन पर निगरानी रखी जाए। मतदान प्रक्रिया में व्यवधान उत्पन्न करने वाले लोगों के साथ सख्ती से निपटा जाए। सभी जोनलझ्सेक्टर मजिस्ट्रेट अपन अपने क्षेत्र की रिजर्व ईवीएम मशीन को 26 अप्रैल की प्रातःकाल में सम्बन्धित तहसील से प्राप्त कर अपनी अभिरक्षा में रखना सुनिश्चित करेंगे। किसी भी दशा में ईवीएम मशीन को बिना सुरक्षा के नहीं छोड़ा जाएगा। मतदान समाप्ति के उपरान्त रिजर्व ईवीएम मशीन को तहसील सदर में बने स्ट्रॉग रूम में जमा कराया जाना सुनिश्चित करेंगे।

मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी एंव एडिटर इन चीफ प्रदीप कुमार अग्रवाल , ममदूद आलम वारसी (उप सम्पादक), अब्दुल सलाम सैफी (संपादक) मो0:- 9457159115, 9810113170, 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267